रजिस्ट्री सं० डी—(डीएन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 29, 1984 (पौष 8, 1906)
No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 29, 1984 (PAUSA 8, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 12 दिसम्बर 1984

सूचना

सं० ओ० एण्ड एम०/59172—भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 50 के अंतर्गत निर्मित भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियमावली 1955 के विनियम 76(1) के अनुसरण में केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति निम्नलिखित हस्ताक्षराधिकारों का प्रयोग करने के लिए निम्नांकित कर्मचारियों को एतद्द्वारा प्राधिकृत करती है :—

(1) चालू खाते में 2000 रुपयों तक की नकद राशि या चेकों की जमा रसीदों पर तथा बचत बैंक खातों, आवर्ती जमा खातों एवं जनता जमा खातों में 2000 रुपयों तक की नकद जमा रसीदों पर हस्ताक्षर करने के लिए :—

शाखाओं में टैलर।

(2) बैंक खाते या सरकारी खाते में 10000 रुपयों तक की राशि के लिए जमा की नकद रसीदों पर हस्ताक्षर करने के लिए :—

शाखाओं में उप प्रधान रोकड़िया।

(3) ग्राहकों, अन्य बैंकों आदि को नेमी किस्म की संसूचनाओं पर हस्ताक्षर करने के लिए जो उसी कर्मचारी के कार्य से सम्बन्धित हो, जैसा समय-समय पर प्रबन्ध निदेशक प्राधिकृत करें :—

शाखाओं में लिपिक स्टाफ।

(4) बैंक के मानक फार्मों पर ग्राहकों के लिए 2000 रुपयों तक की राशि की नामे/जमा संसूचनाओं पर हस्ताक्षर करने के लिए :—

शाखाओं में लिपिक स्टाफ।

(5) बैंक तथा सरकारी खातों पर 3000 रुपयों तक की राशि के लिए नकद रसीदों पर हस्ताक्षर करने के लिए :—

शाखाओं में रोकड़िया :

केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी
समिति के आदेश अनुसार
ए० एस० पुरी,
प्रबन्ध निदेशक

दी इन्स्टीच्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स आफ इण्डिया

कलकत्ता, दिनांक 27 नवम्बर 1984

सं० 18—सी० डब्ल्यू० आर० (105)/84—दि कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स रेग्यूलेशन 1959 के विनियम 18 का अनुसरण कर यह अधिसूचित किया जाता है कि दि इन्स्टीच्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैट्स आफ इण्डिया के परिषद ने कहे हुए रेग्यूलेशन के विनियम 17 द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए श्री अमल कुमार दास शर्मा, एम० एम० काम० ए० आई० सी० डब्ल्यू० ए०, गुहा भवन, पोर्ट ब्लेयर लाइन, पी० ओ० बैरकपुर—743101 (सदस्यता सं० 1075) के नाम को 26 नवम्बर, 1984 से सदस्य पंजिका में पुनः स्थापित किया।

डी० सी० भट्टाचार्या,
सचिव

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 दिसम्बर 1984

सं० कार्मिक—III प्रशा० (क्षे०—II/16)(63)79/आ० प्रा०—केन्द्रीय सरकार की अनुमति से केन्द्रीय बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 5 घ की उपधारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ एवं सेवा शर्तें) विनियम, 1962 का और संशोधन करते हुए निम्न—लिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. (i) इन विनियमों का नाम कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ एवं सेवा शर्तें) संशोधन विनियम, 1984 होगा।

(ii) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त समझे जाएंगे।

2. कर्मचारी भविष्य निधि (स्टाफ एवं सेवा शर्तें) विनियम, 1962 की तीसरी अनुसूची के पैराग्राफ 3 के नीचे दी गई तालिका में :—

(क) सहायक (मुख्यालय) के पद से सम्बन्धित क्रम सं० 3 में 25 प्रतिशत प्रविष्टि के समक्ष एक आशुलिपिक (कनिष्ठ) शब्दों के पश्चात "और वरिष्ठता के आधार पर पहले ही पदोन्नत किए गए सहायक जिसके ऊपर कोई भी परीक्षा कोटे का पद रिक्त है" शब्द जोड़े जाएंगे।

(ख) मुख्य लिपिक (क्षेत्रीय कार्यालय) के पद से सम्बन्धित क्रम सं०—4 में 25 प्रतिशत प्रविष्टि के समक्ष आशुलिपिक (कनिष्ठ) शब्दों के पश्चात् "और वरिष्ठता के आधार पर पहले ही पदोन्नत किए गए मुख्य लिपिक जिसके ऊपर कोई भी परीक्षा कोटे का पद रिक्त है" शब्द जोड़े जाएंगे।

पाद टिप्पणी :—

1. सा० का० नि० सं० 691 द्वारा भारत के राजपत्र भाग—II, धारा 3 (i) में तारीख 19 मई, 1962 को मूल नियम प्रकाशित।

2. सा० का० नि० सं० 1483 द्वारा तारीख 15 सितम्बर, 1983 को संशोधित नियम, भारत के राजपत्र भाग—II, धारा 3 उप धारा (i) तारीख 14 सितम्बर, 1963 को प्रकाशित।

3. सा० का० नि० सं० 592 तारीख 31 मार्च 1964 द्वारा संशोधित नियम, भारत के राजपत्र भाग—II, धारा 3, उपधारा (i) में तारीख 11—4—1964 को प्रकाशित।

4. सा० का० नि० सं० 896 द्वारा दिनांक 2 जून, 1966 को संशोधित नियम।

5. सा० का० नि० सं० 1824 द्वारा तारीख 22 नवम्बर, 1966 को सठशोधित नियम।

6. सा० का० नि० सं० 127 द्वारा संशोधित नियम भारत के राजपत्र भाग—II, धारा 3, उपधारा-(i) तारीख 17 जनवरी, 1967 को प्रकाशित।

7. सा० का० नि० सं० 127 द्वारा संशोधित नियम भारत के राजपत्र, भाग—II, धारा 3, उपधारा (i) तारीख 28 जनवरी, 1967 को प्रकाशित।

8. सा० का० नि० सं० 787 द्वारा तारीख 16 मई, 1970 को संशोधित नियम।

9. सा० का० नि० सं० 1155 द्वारा तारीख 7 अगस्त, 1971 को संशोधित नियम।

10. सा० का० नि० सं० 1602 द्वारा तारीख 30 अक्तूबर, 1971 को संशोधित नियम।

11. सा० का० नि० सं० 149 द्वारा तारीख 7 जनवरी, 1972 को संशोधित नियम।

12. सा० का० नि० सं० 88 द्वारा तारीख 8—1—72 को संशोधित नियम।

13. सा० का० नि० सं० 533 द्वारा तारीख 26—5—1973 को संशोधित नियम।

14. सा० का० नि० सं० 547 द्वारा तारीख 26—5—1973 को संशोधित नियम।

15. सा० का० नि० सं० 591 द्वारा तारीख 2—6 1973 को संशोधित।

16. सा० का० नि० सं० 645 द्वारा तारीख 16—6 1973 को संशोधित नियम।

17. सरकारी अधिसूचना सं० 19(30)/69—पी० एफ० 1 द्वारा तारीख 17-6-1975 द्वारा संशोधित नियम।

18. अधिसूचना सं० ए०—12018/6/74—पी० एफ० 1 द्वारा तारीख 25—8—76 को संशोधित नियम।

19. सा० का० नि० सं० 645 द्वारा तारीख 16—6—77 को संशोधित नियम।

20. सा० का० नि० सं० तारीख 28—10—78 को संशोधित नियम।

21. अधिसूचना सं० एडीएम० (आर०—II)/14(7)/80 35813 द्वारा तारीख 23—12—1980 को संशोधित नियम।

22. सा० का० नि० सं० शून्य द्वारा तारीख 7 नवम्बर, 1981 को भारत के राजपत्र में भाग—II, धारा—4 में प्रकाशित।

बी० का० भट्टाचार्य,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

36 वीं वार्षिक रिपोर्ट, 1983-84

(औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 की धारा 35 के अनुसार)

अध्याय 1

वर्ष का सिंहावलोकन

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड 30 जून, 1984 को समाप्त हुए वर्ष के लेखा-परीक्षित लेखा विवरण सहित भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के परिचालनों पर 36वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है किन्तु वर्ष 1983-84 में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के परिचालनों और कार्य-परिणामों की पृष्ठभूमि के रूप में (क) देश का आर्थिक दृश्य (ख) महत्वपूर्ण नीति परिवर्तनों (ग) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के सम्बन्ध में परिचालन गतिविधियों और (घ) उद्योगों के कार्य-निष्पादन का सामान्य रूप में संक्षिप्त अवलोकन करना लाभ दायक होगा ।

(क) आर्थिक दृश्य

1.02 भारतीय अर्थ-व्यवस्था 1982–83 के दौरान समु-स्थानशील रही जब कि 1983–84 (अप्रैल-मार्च) में देश की आर्थिक स्थिति में सर्वतोमुखी सुधार हुआ ।

1.03 देश के कतिपय भागों में बाढ़, तूफान और सूखे के बावजूद, लेकिन सामान्यतया अच्छे मानसून के कारण वर्ष 1983–84 में कृषि उत्पादन में 12.5% की ठोस विकास दर रिकार्ड की गयी। वर्ष 1983–84 में अनाज का 1,510 लाख टन के रिकार्ड स्तर का उत्पादन हुआ जबकि 1981–82 में यह स्तर 1,333 लाख टन था तथा वर्ष 1982–83 में 1,284 लाख टन अनाज का उत्पादन हुआ था। वाणिज्यिक फसलों में केवल तिलहनों के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ; जब कि गन्ना कपास, पटसन और मेस्टा का उत्पादन सामान्य से कम हुआ। वर्ष 1983–84 में गन्ने का उत्पादन वर्ष 1982–83 के 1,891 लाख टन से घटकर 1,700 लाख टन रह गया। वर्ष 1982–83 के 83 लाख गांठों के उत्पादन की तुलना में वर्ष 1983–84 में कपास का उत्पादन 77 लाख गाठें रहा। इसी तरह लगातार दो वर्षों में—1982–83 में 61 लाख गांठों और 1983–84 में लगभग 65 लाख गांठे, अच्छी फसल न होने के कारण कच्चे पटसन के उत्पादन में कमी रही ।

1.04 वर्ष 1983–84 में औद्योगिक उत्पादन की समग्र विकास दर 5.2% रही, जबकि पिछले वर्ष यह 3.9% थी।

1.05 अवस्थापना क्षेत्र की 7.4% पर विकास दर इस से भी बेहतर रही। वर्ष 1983–84 के दौरान देश में शक्ति जनन 13,990 करोड किलो वाट रहा जो कि वर्ष 1982–83 में यह 13,000 करोड किलो वाट था जिससे कि 7.6% की वृद्धि परिलक्षित होती है। वर्ष 1983–84 में कोयले का उत्पादन 1,384 लाख टन रहा जो कि वर्ष 1982–83 में 1,305 लाख टन था जिससे कि 6% की विकास दर परिलक्षित होती है। कोयले की ढुलाई में भी पिछले 5% की तुलना में 6% की वृद्धि हुई। कच्चे पैट्रोलियम के उत्पादन में 23.2% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। 1983–84 के दौरान पैट्रोलियम शोधन उत्पादों में 6.3% की वृद्धि हुई। वर्ष 1983–84 के दौरान फास्फेटिक और नाइट्रोजीनियस उर्वरकों के उत्पादन में क्रमश: 6.9%–और 1.9–%की वृद्धि हुई। सीमेंट का उत्पादन वर्ष 1982–83 के 234 लाख टन से बहुकर 1983–84 में 271 लाख टन हो गया जिससे कि उत्पादन 15.8% बढ़ा ।

1.06 रेलवे ने 1983–84 के दौरान राजस्व अर्जित करने वाले 2,300 लाख टन माल की ढुलाई की जो कि पिछले वर्ष 1982–83 की तुलना में 0.3% से मामूली अधिक है। कोयला, सीमेंट, खाद्यान्न, पैट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई में वृद्धि हुई जबकि लोहा खनिज, उर्वरकों, कच्चे लोहे और तैयार इस्पात की ढुलाई में गिरावट आई। लेकिन, प्रति वैगन प्रतिदिन के हिसाब से निवल टन किलोमीटर के मापदंड के अनुसार क्षमता में काफी सुधार हुआ ।

1.07 पहली बार, वर्ष 1983–84 के दौरान देश की प्रमुख 10 बन्दरगाहों ने 1,000 लाख टन माल लदान और उतारने का लक्ष्य प्राप्त किया अर्थात् पिछले वर्ष के 980 लाख टन माल की तुलना में इस वर्ष 1,005 लाख टन माल उतारा और चढ़ाया गया जिससे 2.6% की वृद्धि परिलक्षित होती है । माल उतारने और चढ़ाने के लक्ष्यों में और भी ऊंचा लक्ष्य प्राप्त होता परन्तु अक्तूबर, 1983 में बम्बई की बन्दरगाह में 26 दिन की हड़ताल और मार्च, 1984 में पूरे भारत में बन्दरगाह हड़ताल से इस पर दुष्प्रभाव पड़ा। पिछले वर्षों की भांति ही वर्ष 1983–84 में कुल माल उतारने और चढ़ाने में कच्चे तेल और पैट्रोलिय मउत्पादों का भाग 47% रहा और इसके बाद लोहा खनन (22%) का दूसरा स्थान रहा ।

1.08 उपादान लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद की विकास दर वर्ष 1983–84 में लगभग 8% रही जो कि 1982–83 में 1.8%, 1981–82 में 5.2% और 1980–81 में 7.9% थी। इस प्रकार छठी पचवर्षीय योजना (1980–85) के प्रथम चार वर्षों के दौरान औसत वार्षिक विकास दर 5.2% प्रतिवर्ष के लक्ष्य की तुलना में 5.7% प्रतिवर्ष रही :

1.09 वर्ष के दौरान समग्र रूप से निवेश वातावरण अनुकूल बना रहा। औद्योगिक लाइसेंसिंग की प्रारम्भिक सीमा 3 करोड़ रुपए को बढ़ा कर 5 करोड़ करने के बावजूद भी 1983 में जारी किए गए आशय पत्रों की संख्या 1,055 रही जो कि वर्ष 1982 में 1043 थी। आशय पत्रों का औद्योगिक लाइससों में से परिवर्तन

और भी प्रभावशाली रहा। वर्ष 1983 में जारी किए गए औद्योगिक लाइसेंसों की संख्या वर्ष 1982 के 432 की तुलना में 1,075 रही। वर्ष 1983 के दौरान मंजूरी प्रदान किए गए विदेशी सहयोग अनुमोदनों की संख्या 673 रही जो कि 1982 में 590 और 1981 में 389 थी।

1.10 वर्ष 1983–84 (जुलाई–जून) में कुल 1,184.5 करोड़ रुपए की राशि के पूंजी निर्गमों के लिए मंजूरियां प्रदान की गई जो कि 1982–83 (जुलाई–जून) में 967.1 करोड़ रुपए थी। भारत के पूंजी बाजार इतिहास में पहली बार वर्ष 1983–84 के दौरान शेयरों और डिबेंचरों के रूप में कुल पूंजी 1,013 करोड़ रुपए उगाही गई जो कि वर्ष 1982–83 के दौरान बढ़े हुए 751 करोड़ रुपए से भी 35% अधिक है। इस राशि में 345 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयर, 1 करोड़ रुपए के अधिमान शेयर, 57 करोड़ रुपए के परिवर्तनीय डिबेंचर और 610 करोड़ रुपए के गैरसंप-रिवर्तनीय डिबेंचर हैं गैर–संपरिवर्तनीय डिबेंचरों ने देश के निगमित वित्त ढांचे में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया।

1.11 थोक मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि 1982–83 के 2.6% के मुकाबले वर्ष 1983–84 में 9.3% की रही। थोक मूल्य सूचकांक द्वारा मापे गए अनुसार मुद्रास्फीति की वार्षिक दर वर्ष 1983–84 में 10.7% रही।

1.12 सार्वजनिक तथा भारतीय रिजर्व बैंक व अन्य बैंकों में सावधि जमा राशियों सहित मुद्रा पूर्ति को समाविष्ट करते हुए कुल आर्थिक स्रोत पिछले वर्ष के 10,442 करोड़ रुपए या 16.7% तुलना में वर्ष 1983–84 के दौरान 12,699 करोड़ रुपए या 17.4% हो गए। वर्ष 1983–84 में अपनाए गए साख जमा नीति उपाय उत्पादक और अग्रता क्षेत्रों की आवश्यकताओं पर बिना कोई दबाव डालते हुए और साथ ही मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण डालते हुए मन्दी और तेजी दोनों मौसमों के दौरान तरलता आधिक्य को नियन्त्रित करने में सहायक हुए।

1.13 31 मार्च, 1984 की स्थिति के अनुसार 201.1 साधारण शेयरों (आधार 1970–71-100) के लिए भारतीय रिजर्व बैंक प्रतिभूति मूल्य सूचकांक में बिन्दु के आधार पर 26 मार्च, 1983 को 178.5 के सूचकांक पर 12.7% की वृद्धि हुई। सिवाय सूती वस्त्र, नौ-परिवहन और सीमेंट के अन्य सभी प्रमुख उद्योग समूहों ने सामान्य सूचकांक वृद्धि में योगदान दिया। बहुत बढ़िया फसल भावनाओं, सरकार द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक आर्थिक नीतियों और पूंजी-बाजार को संस्थानों द्वारा दिए गए सहयोग के परिणामस्वरूप विशेषकर जनवरी, 1984 तक दिखायी गयी बुकता से भारतीय अर्थव्यवस्था का बहुत ही आशावादी दृष्टिकोण परिलक्षित हुआ।

1.14 निरन्तर कठिन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार वातावरण के बावजूद भी पिछले वर्ष भारत के विदेशी व्यापार में देखी गयी सुधार की प्रवृत्ति बनी रही। निर्यात 8,805 करोड़ रुपए से 9.9% बढ़कर 9,676 करोड़ रुपए हो गया। जबकि आयात 14,193 करोड़ रुपए से 8.9% बढ़कर 15,457 करोड़ रुपए हो गया। इस प्रकार वर्ष के दौरान व्यापार घाटा पिछले वर्ष के 5,388 करोड़ रुपए की तुलना में 5,781 करोड़ रुपए हुआ। यदि बन्दरगाह हड़ताल न होती तो निर्यात लक्ष्य 10,000 करोड़ रुपए की सीमा पार कर लेता और व्यापार घाटा पिछले वर्ष के स्तर पर ही रहता।

1.15 वर्ष 1983–84 में संतुलन स्थिति में एक नया मोड़ आया, जिसका प्रमुख कारण अपरिलक्षित आवतियों में लगातार वृद्धि होना रहा है। गैरप्रवासी भारतीयों के निवेशों को आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा उठाये कदमों के कारण मार्च, 1983 के अन्त में गैरप्रवासी भारतीयों के 1,332 करोड़ रुपए के निवेश दिसम्बर 1983 के अन्त में बढ़कर 2,695 करोड़ रुपए हो गये। विदेशी सहायता का निवल प्रवाह 1982–83 में 1,302 करोड़ रुपए से बढ़कर 1983–84 में 1,551 करोड़ रुपए हो गया। भारत के विदेशी मुद्रा रिजर्व वर्ष 1982–83 की समाप्ति पर 4,265 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 1983–84 की समाप्ति पर 5,498 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 28 9% अधिक है। सुखद विदेशी विनियम स्थिति तथा बहतर आर्थिक प्रबन्ध को देखते हुए भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ अधिक निधि लेने की व्यवस्था का लाभ न उठाने की निर्णय लिया और मूल रूप से इसे उपलब्ध कराय गए 500 करोड़ को विशेष आहरण अधिकारों में से भी भारत ने 110 करोड़ के विशेष आहरण अधिकार छोड़ने का निर्णय किया।

(ख) नीति परिवर्तन

(i) लाइसेंसिंग नीतियां और पद्धतियां

1 16 वर्ष के दौरान, औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति और निवेश नीति सरकार की निरन्तर समीक्षा के अधीन रही ताकि इसके निरन्तर विकास स्थिति 1956 के औद्योगिक नीति संकल्प के समग्र ढांचे और छठी पंचवर्षीय योजना (1980–85) में निर्धारित लक्ष्यों के भीतर सुनिश्चित की जा सके।

1 17 अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता के पुनर्पुष्ठांकन की योजना को 31 मार्च, 1985 तक बढ़ा दिया गया है। 1984–85 के दौरान क्षमता के पुनर्पुष्ठांकन की स्वीकृति, 31 मार्च, 1984 को समाप्त हुए 5 वर्षों में से किसी एक वर्ष में हुए अधिकतम उत्पादन में 1/3 और बढ़ाकर दी जायगी, बशर्ते कि यह उत्पादन क्षमता और इसके 25–% के योग से अधिक हो। उन इकाइयों, जो कि पिछले, इस पहले इस सुविधा का स्वयं लाभ नहीं उठा पायीं लेकिन योजना के अन्तर्गत लाभ लेने की पात्र थीं, को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए पात्र बनाया गया।

1 18 एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा कम्पनियों को कुछ शर्तों के अधीन अकार्बनिक उर्वरक, अखबारी कागज, पोर्टलैण्ड सीमेंट, पिग आयरन, इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रदूषण नियंत्रण उपकरण, छीजन पुनरुपयोग उपकरण, डायरी उपकरण, रसायन उद्योग के लिए मशीनरी आदि, जैसे उच्च अग्रता के चुने हुए उद्योगों में पर्याप्त विस्तार करने या नए उपक्रमों को लगाने के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने की छूट दी गयी थी। इस प्रकार की एकाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा/विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम कम्पनियों के लिए निर्यात अनिर्यता श्रेणी 'ख' तथा 'ग' जिलों में उद्योग लगाने के

लिए कम करके 50% और श्रेणी 'क' जिलों में सम्बन्ध में 30% कर दी गयी ।

1 19 वर्ष के दौरान , लागू किए गए एकयाधिकार तथा निर्बन्धनकारी व्यापार तथा अधिनियम, 1969 में संशोधन के अन्तर्गत मुक्त व्यापार क्षत्रों के 100% निर्यातोन्मुखी इकाइयों और उपक्रमों को एम० आर टी० पी० अधिनियम की धारा 21 और 22 के उपबन्धों से छूट दी गयी थी । संशोधन से उत्पादन के भाग, आपूर्ति, संवितरण या सामान और सेवाओं का नियंत्रण, किसी उपक्रम को 'प्रमुख' उपक्रम बना देने की सीमा 1/3 भाग से घटा कर 1/4 भाग कर दी गयी थी । 'प्रमुख' उपक्रमों को, जब तक कि वे कार्य के उसी प्रकार, जिस प्रकार की उन्होंने प्रमुख स्थिति प्राप्त कर रखी है, के उपक्रमों को स्थापित करने का प्रस्ताव न रखती हों, अधिनियम की धारा 22 के उपबन्धों से मुक्त कर दिया गया था । लेकिन इस प्रकार के उपक्रमों के आधुनिकीकरण और प्रतिस्थापन के परिणामस्वरूप विस्तार की संभावना लाइसेंस प्राप्त क्षमता के 25% तक सीमित कर दिया गया था । निर्गमित क्षेत्र में नियंत्रण के उपायों के रूप में प्रयोग की जा रही निवेश कम्पनियों को भी एम० आर० टी० पी० अधिनियम की सीमा में लाया गया है ।

1.20 वर्ष 1983–84 में निर्यातोन्मुखी इकाइयों को भी उनके द्वारा निर्मित मदों, जिनके लिए कि कुल 25% की समग्र सीमा के भीतर खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत आयात की अनुमति दी गयी थी, को देशी बाजार में बेचने की अनुमति भी दी गयी ।

1.21 देश के भीतर और बाहर तकनीकी उन्नति पर सूचना एकत्र करने और प्रसार करने के लिए तकनीकी विकास महानिदेशालय में 'प्रौद्योगिकी अभिज्ञान एवं सूचना कक्ष' बनाया गया ।

1.22 वर्ष के दौरान, प्रदूषण नियंत्रण, वन-क्षेत्र संरक्षण और भौगोलिक स्थलों से सम्बन्धित शर्तों और प्रविष्टियों को समाविष्ट करने के लिए औद्योगिक लाइसेंसों, विदेशी सहयोगों और पंजीकरणों के लिए आवेदन-प्रपत्र संशोधित किए गए । यह निर्णय लिया गया कि किसी भी राज्य, जिसने कि वायु-प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए नियमों को अधिसूचित नहीं किया और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का गठन नहीं किया, को 30 सितम्बर 1983 के बाद कोई औद्योगिक लाइसेंस जारी नहीं किया जायेगा ।

1.23 कुछ अत्यन्त प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उद्योगों (अर्थात् प्राथमिक धातुकर्मीय उत्पादक उद्योग तथा जस्ता, सीसा, तांबा एल्युमीनियम और इस्पात, कागज, कीटनाशक, तेलशोधक कारखाने, उर्वरक, पेण्ट , रंग, चर्म शोधन , रेयन , सोडियम/पोटैशियम साइनेमाइड, मूल औषधियां, फाउण्ड्री, बैटरियां, एसिड/एलकलीज, प्लास्टिक, रबड़, सीमेंट और एजबेस्टस) के सम्बन्ध में जून, 1984 में सरकार ने निदेश जारी किए कि उपरोक्त उद्योगों के सम्बन्ध में आशय-पत्र (क) परियोजना-स्थल सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा वातावरणीय दृष्टिकोण से अनुमोदित कर दिया गया है और (ख) उद्यमी (उद्यमियों) ने उचित उपकरण स्थापित करने और प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यथा अनुमोदित कदम उठाने के लिए केन्द्रीय और राज्य सरकारों, दोनों को वचन दिया है, के बाद ही औद्योगिक लाइसेंसों में परिवर्तन त होंगे ।

1 24 मशीन टूल उद्योग की लाइसेंसिंग पद्धति 20 जुलाई 1983 को उदार की गयी थी और लाइसेंसिंग के प्रयोजन के लिए मशीनी औजारों को 15 मुख्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया ।

1 25 नई कताई मिलों को स्थापित करने की अनुमति केवल निरूपित 'उद्योग रहित जिलों, में ही दी गयी । वस्त्र उद्योग की बहुरेशा नीति' के अन्तर्गत कुछ रियायतों और लोच की अनुमति दी गयी । निर्यात अनिवार्यता से सम्बद्ध रियायती शुल्क योजना के अन्तर्गत स्थापित करघों के लिए पूर्णरिशा लोच की अनुमति दी गयी । अन्य मामलों में प्रतिस्थापन के द्वारा शटल रहित करघ स्थापित किए जाने की दशा में पोलिएस्टर रेशे/फिलामेंटट धागे से 100% सिन्थेटिक वस्त्रों के उत्पादन की अनुमति (विस्कोज फिलामेण्ट धागे)/एसिटेट फिलामेण्ट धागे से बने हुए आर्ट सिल्क वस्त्रों को छोड़कर) दी गयी ।

1.26 मांग और उत्पादन में अन्तर को देखते हुए पी० वी० सी० की लाइसेंस प्राप्त क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया । आपूर्ति के स्रोतों के विशाखन के लिए और क्षेत्र में नवीनतम टैक्नोलॉजी को प्रारम्भ करवाने के लिए आटो-इलेक्ट्रिकल्स के क्षेत्र में अतिरिक्त क्षमता के लिए लाइसेंस दिये गये । निजी क्षेत्र को भी दूर-संचार उपकरणों का उत्पादन करने की अनुमति दी गयी ।

(ii) रुग्ण इकाइयों से सम्बन्धित नीति

1 27 वर्ष के दौरान, अक्तूबर 1981 में घोषित रुग्ण उद्योगों के लिए नीति को कार्यान्वित करने के लिए सरकार द्वारा और कदम उठाए गए । 1981 नीति मार्ग निर्देशों के अनुसार यह आवश्यक है कि प्रशासनिक मंत्रालय, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों, जहां रुग्णता व्यापक रूप से हो, के लिए स्थायी समितियां स्थापित करने की आवश्यकता पर विचार करेगा और इस प्रकार की समितियां रुग्णता की सीमा और समस्या को सुलझाने के लिए आवश्यक नीति उपायों की समय-समय पर समीक्षा करेंगी । वर्ष के दौरान वाणिज्य मंत्रालय के वस्त्र विभाग और इस्पात एवं खान मंत्रालय के इस्पात विभाग ने क्रमशः वस्त्र और इस्पात उद्योगों के लिए स्थायी समितियों का गठन किया ।

1 28 भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने भी भारतीय रिजर्व बैंक, सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों, वाणिज्यिक बैंकों आदि द्वारा इसके पास भेजी गयी समस्या परियोजनाओं (उद्योग विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत अधिगृहीत इकाइयों या राष्ट्रीकृत इकाइयों को छोड़कर) की जांच करने के प्रयोजन के लिए और रुग्ण इकाइयों को पुनर्जीवित करने का समस्याओं को सुलझाने के लिए सर्वोत्तम प्रकार की कार्यवाही पर विचार करने के लिए एक स्थायी समिति बनायी । वित्तीय संस्थानों ने व्यावहार्य सम्भव रुग्ण इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए और इस दिशा

में उचित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को इस प्रकार के और अन्य मामलों के सम्बन्ध में रिपोर्ट भेजने के लिए अपने प्रयासों को गहन रूप से जारी रखा ।

(iii) कम विकसित क्षेत्रों के विकास के लिए नीति

1.29 विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में परियोजनाएं लगाने के लिए उद्यमियों के लिए प्रोत्साहनों की नई नीति, अप्रैल, 1983 में प्रारम्भ की गयी थी जिसके अन्तर्गत 133 'उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिले' और विशेष क्षेत्र, अर्थात् श्रेणी 'क' के जिले नियत पूंजी निवेश की 25% की दर से 25.00 लाख रुपए की सीमा के भीतर केन्द्रीय निवेश उपसहायता प्राप्त करने के लिए पात्र बनाए गए थे। केन्द्रीय निवेश उपसहायता के लिए श्रेणी 'ख' में 54 जिलों की पात्रता 15 लाख रुपए की सीमा सहित नियत पूंजी निवेश का 15% थी। श्रेणी 'ग' में 112 जिले पहली बार 10% की उप-सहायता के लिए 10 लाख रुपए की सीमा के भीतर पात्र बनाए गए थे ।

1.30 नई योजना के प्रमुख पहलुओं में से एक यह था कि श्रेणी 'ख' और 'ग' में नगर-क्षेत्रों के ब्लाकों/तालुकाओं/ग्रामीण क्षेत्रों/विस्तार में उभरने वाली औद्योगिक इकाइयां, जहां 31 मार्च 1983 की स्थिति के अनुसार निवेश 30 करोड़ रुपए से अधिक हो गए थे, केन्द्रीय उपसहायता की पात्र नहीं होंगी । वर्ष के दौरान, यह स्पष्ट किया गया कि 'लघु क्षेत्र इकाइयों' को स्थापित करने के लिए रियायती वित्त की सुविधा श्रेणी 'ख' और 'ग' के नगर-क्षेत्रों के ब्लाकों/तालुकाओं/ग्रामीण क्षेत्रों/विस्तार में निवेश स्तर, जहां निवेश 30 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, के बावजूद पहले की तरह जारी रहेगी । यह भी स्पष्ट किया गया था कि 30 करोड़ रुपए की सीमा को निश्चित करते समय, औद्योगिक उद्यमों, अर्थात्, निजी क्षेत्र, सरकारी क्षेत्र या विभागीय में हो किए गए निवेशों का गणन किया जायेगा और औद्योगिक सम्पदा/क्षेत्रों, पावर सब-स्टेशनों, जल संयंत्रों, सामान्य उपयोग तथा सेवायें, आदि जैसे अवस्थापना में किए निवेशों, यदि कोई हों, को शामिल नहीं किया जाएगा । इसी तरह यह भी स्पष्ट किया गया था कि उन परियोजनाओं में, जहां आशय-पत्रों/केन्द्रीय सरकार अनुमोदन/विदेशी सहयोग अनुमोदनों, आदि की शर्तों के अनुसार अनुमोदन पहली अप्रैल, 1983 को या उससे पहले प्राप्त किय गये थे निवेश श्रेणी 'ख' और 'ग' जिलों में लागू 31 मार्च, 1983 की स्थिति के अनुसार 30 करोड़ रुपए की सीमा के बावजूद , केन्द्रीय निवेश उप-सहायता के लिए पूर्ववत् पात्र रहेंगे ।

(IV) निर्यात-आयात नीति

1.31 वर्ष 1983-84 के लिए घोषित निर्यात-आयात नीति से निर्यात और घरेलू उत्पादन बढ़ाने में काफी प्रेरणा मिली । औद्योगिक टेक्नोलाजी के आयात की अनुमति परिष्कृत, उच्च अग्रता श्रेत्रों और निर्यातोन्मुख/आयात प्रतिस्थापन उद्योगों के लिए दी गयी । नकद प्रतिपूरक सहायता से नयी मदों के सम्बन्ध में घोषित की गयी और पर्याप्त निर्यात सम्भावना रखने वाली कई मदों के सम्बन्ध में बढ़ायी गयी । प्राकृतिक रबड़ पर आयात शुल्क कम करके 35% कर दिया गया । पूंजीगत माल के आयात की पद्धति घरेलू पूंजीगत माल उत्पादन में तेजी लाने के लिए विनिर्दिष्ट उद्योगों के सम्बन्ध में संशोधित की गयी । चार वस्त्र मशीनरी मदों पर आयात शुल्क बहुत कम कर दिया गया । निर्यात बाध्यताओं के अनुरूप रियायती आयात-शुल्क से अधिक चौड़ाई वाली शटल रहित खड्डियों और रोटर कताई मशीनों के आयात की अनुमति दी गयी । चर्बी के आयात और इसके घरेलू उपयोग के सम्बन्ध में प्रतिबन्ध लगाये गए । विभिन्न इलेक्ट्रानिक मदों पर शुल्क वापसी दरें या तो समाप्त कर दी गयी या घरेलू मूल्यों को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए पर्याप्त रूप से कम कर दी गयी । अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में निर्यातकों द्वारा भाग लेने की पद्धति को सरल बनाया गया । टैक्नोलाजी का दर्जा बढ़ाने के लिए आयात के लिए कुछ श्रेणी के निर्यातकों के अनुरोधों की समीक्षा करने और उनका निपटान करने के लिए वर्ष के दौरान एक समन्वय समिति गठित की गयी ।

1.32 वर्ष 1984-85 के लिए निर्यात-आयात नीति का लक्ष्य निर्यात उत्पादन और निर्यात के लिए और सभी आवश्यक आयात में निरन्तर अभिवृद्धि द्वारा उत्पादन आधार को मजबूत और विकसित करने के लिए और प्रोत्साहन उपलब्ध करवाना है, जिससे उचित मामलों में आधुनिकीकरण हो और उत्पादकों/निर्यातकों को कच्चे माल और कल-पुर्जे, आदि आसानी से प्राप्त हो सकें। नीति के महत्वपूर्ण पहलू हैं, पूंजी माल से सम्बन्धित 149 मदों को खुले सामान्य लाइसेंस की सूची में रखना, 53 मदों को इस सूची से बाहर निकालना और आयात को सरल बनाने के लिए 13 मदों को एक सूची से दूसरी सूची में परिवर्तित करना । प्रतिबन्धित सूची (चर्बी को छोड़कर) खत्म कर दी गयी है । आयात लाइसेंसों की वैधता अवधि 12 महीने से बढ़ाकर 18 महीने कर दी गयी है । विशेष प्राथमिकता क्षेत्रों, जैसे निर्यात उत्पादन, वातावरण, कृषि, जल साधनों का सर्वोत्तम उपयोग, कम लागत, गृह-निर्माण, नवीकरणीय/गैर परम्परागत ऊर्जा साधनों का विकास और उपयोग आदि में तकनीक की आयात आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है । जिन मामलों में निवल विदेशी मुद्रा अर्जन अधिक है, उनमें ही अब निर्यात प्रोत्साहन के लिए विशेष प्रावधान किया गया है । अधिक मूल्य वृद्धि वाली वस्तुओं के निर्यात के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था की गयी है । लघु, कुटीर क्षेत्र में चुनी हुई वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से 'उद्यमी व्यापारी निर्यातक' नामक निर्यातकों की एक नयी श्रेणी को प्रोत्साहित किया जा रहा है । जिन वस्तुओं के निर्यात में विदेशी मुद्रा अर्जन की दर ज्यादा है उनमें उत्पादकों को सुलभता से प्राप्त करने की दृष्टि से 10% से कम निर्यात अर्जन होने पर प्रतिपूर्ति दर 1% प्रति बिन्दु बढ़ा दी गयी है । कम्प्यूटर साफ्टवेयर के निर्यातक हार्डवेयर परीक्षण उपकरण और साफ्टवेयर औजारों के आयात के लिए अपनी विदेशी मुद्रा आय के 50% की सीमा तक आयात लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं ।

(V) साख नीति

1.33 उच्च साख संभावना वाली अतिरिक्त तरलता को गतिशील बनाने हेतु वाणिज्यिक बैंकों के लिए नकद रिजर्व अनुपात दर वर्ष 1983-84 में विभिन्न स्तरों पर 29 जुलाई 1983 से 7.5% से 8%, 27 अगस्त, 1983 से 8.5%

और अंततः 4 फरवरी, 1984 से 9% कर दी गयी है। 12 नवम्बर, 1983 से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को 11 नवम्बर, 1983 की स्थिति के अनुसार स्तर पर मांग और सावधि देयताओं में वृद्धि के 10% की नकद रिजर्व अनुपात को बनाए रखना था। खाद्यान्न खरीद के वित्तपोषण के लिए बढ़ाए गए ऋण के लिए पुनर्वित्त सीमा में भी परिवर्तन किए गए। अक्तूबर 1983 में घोषित व्यस्त मौसम साख नीति को 1983-84 में उदार बनाने के कुछ उपाय शामिल थे। 25 नवम्बर, 1983 से बैंकों को 125% की वृद्धि 1982 में अर्जित औसत मासिक स्तर पर सीमा तक निर्यात ऋण के लिए पुनर्वित्त की अनुमति दी गयी। अन्य ऋण उदारता उपायों में राज्य विद्युत बोर्डों और राज्य सड़क परिवहन निगमों को ऋणों के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा उपलब्ध करवायी गयी पुनर्बट्टा सुविधा में 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 150 करोड़ रुपए करना और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए ऋण प्राधिकरण योजना के लिए कटौती बिन्दु 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपए करना सम्मिलित था।

1.34 हाल ही में, सांविधिक तरलता अनुपात 28 जुलाई, 1984 से 35-% से बढ़ाकर 35.5% और पहली सितम्बर, 1984 से 36% कर दी गयी है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धिशील नकद रिजर्व अनुपात के अन्तर्गत जनवरी, 1977 और अक्तूबर, 1980 के बीच जब्त किए गए नकद शेषों के 1/5 भाग को 27 अक्तूबर, 1984 और 1 दिसम्बर 1984 को दो किस्तों में देने का निर्णय लिया है। यह प्राथमिक मुद्रा के उत्पादन के बिना राष्ट्रीय अग्रताओं के ढांचे के भीतर अत्यावश्यक सरकारी क्षेत्र निवेशों के लिए स्रोत उपलब्ध करवाने के दृष्टिकोण से है।

(ग) परिचालन गतिविधियां

(i) निरूपित 'क' 'ख', और 'ग' श्रेणी जिलों में परियोजनाओं के लिए रियायती वित्त की योजना

1.35 निरूपित कम विकसित और 'क', 'ख' और 'ग' के रूप में श्रेणीकृत जिलों/क्षेत्रों में उभरने वाली परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित नई योजना के अनुरूप वित्तीय संस्थानों ने भी इन क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहनों का एक नया कार्यक्रम घोषित किया है। पहली अप्रैल, 1983 से प्रभावी किए गए प्रोत्साहनों के नए कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिलों की सभी तीन श्रेणियों स्थापित की गयी परियोजनाएं निम्नानुसार सकल आधार पर (केन्द्रीय सरकार से एक-मुश्त केन्द्रीय निवेश उप-सहायता के अतिरिक्त) राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय संस्थानों से रियायती वित्त की पात्र होंगी :

जिले/क्षेत्र	ऋण सहायता (करोड़ रु०)	हामीदारी सहायता (करोड़ रु०)
श्रेणी 'क'	5.00	2.50
श्रेणी 'ख'	3.00	1.50
श्रेणी 'ग'	2.00	1.00

ऋण सहायता के रियायती भाग पर 12.5% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज लगेगा।

1.36 श्रेणी 'क'/विशेष क्षेत्रजिलों में लगाई गई परियोजनाएं' भी निम्नलिखित रियायतों की पात्र होंगी --

--परियोजना लागत का प्रवर्तक अंशदान 15% जो एम० आर० टी० पी० संस्थाओं द्वारा प्रवर्तित 25 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी लागत वाली उच्च पूंजी लागत परियोजनाओं के मामले में घटाकर 10% कर दिया जायगा। (प्रवर्तकों के अंशदान का गणन करने के लिए 'परियोजना विशिष्ट अवस्थापना' पर लागत श्रेणी 'क' जिलों की परियोजनाओं के सम्बन्ध में परियोजना लागत में शामिल नहीं की जायेगी। दूसरे शब्दों में 'परियोजना विशिष्ट अवस्थापना' वाली लागत के भाग के लिए प्रवर्तकों के अंशदान की आवश्यकता नहीं होगी।

--इकाई की ऋण सेवा क्षमता को ध्यान में रखते हुए ऋण इक्विटी अनुपात के सम्बन्ध में अधिक लचीला दृष्टिकोण रहेगा।

--श्रेणी 'क' जिलों में स्थापित/स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं के सम्बन्ध में उपयोग न किये गये रुपया ऋण के भाग पर कोई वचनबद्धता प्रभार नहीं लगेगा।

--'परियोजना विशिष्ट अवस्थापना' के विकास के लिए परियोजना लागत के 20% तक सीमित ब्याजमुक्त ऋण/परियोजना द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने के बाद 'परियोजना विशिष्ट अवस्थापना' के लिए 5 करोड़ रुपए की सीमा तक 12.5% प्रति वर्ष की रियायती दर पर ब्याज लगेगा।

(ii) 'उद्योग रहित जिलों' में निरूपित 'विकास केन्द्रों' में अवस्थापना के विकास के लिए सहायता

1.37 केन्द्रीय सरकार ने प्रत्येक 'उद्योग-रहित जिले' में दो 'विकास केन्द्रों के लिए अवस्थापना विकास कार्य को करने वाली राज्य सरकारों को सहायता देने का भी निर्णय लिया है। केन्द्रीय सहायता प्रति जिला 2 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा के भीतर अवस्थापना विकास की कुल लागत के 1/3 भाग तक सीमित होगी। 'उद्योग रहित जिले' में 'विकास केन्द्र' का चयन करने में यह सुनिश्चित किया जाना होगा कि 1971 की जनगणना के अनुसार विकास केन्द्र की जनसंख्या 50,000 या अधिक हो और 1971 की जनगणना के अनुसार गैर-घरेलू उत्पादन क्षेत्र में 10,000 से कम कामगार हों। अवस्थापना की मदें, जो केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने की पात्र होंगी, निम्नानुसार हैं : सम्पर्क सड़कें निर्माण, औद्योगिक जल आपूर्ति, सामाजिक अवस्थापना, जैसे हाउसिंग, स्कूल, डिस्पेंसरियां, अस्पताल आदि मल-प्रवाह व्यवस्था, साधारण सेवायें और पावर सब-स्टेशन, जल -निकास-व्यवस्था, पुलिया, औद्योगिक हाउसिंग, तकनीकी प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं और इसी प्रकार की अन्य सुविधाएं जो कि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं पर विचार करते समय आवश्यक समझी जएं। लेकिन, भूमि के अधिग्रहण और औद्योगिक सम्पदाओं के विकास पर किए गए व्यय सामान्यतया सम्बन्धित राज्य सरकार के पूरे कार्यक्रम का हिस्सा होंगे और अवस्थापना के विकास के लिए केन्द्रीय सहायता में से उनको पूरा किए जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रति जिला 2 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता चार किस्तों में चरण-बद्ध तरीके से

इस शर्त पर उपलब्ध करवाई जायेगी कि विकास केन्द्र में अवस्थापना के विकास पर राज्य सरकारों का व्यय 4 करोड़ रुपए या इससे अधिक की सीमा तक हो।

1.38 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक भी श्रेणी 'क' के 'उद्योग' रहित/विशेष क्षेत्र जिलों में आवश्यकता आधारित अवस्थापना विकास में अन्तर, यदि कोई हो, को पूरा करने के लिए 2 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता और 4 करोड़ रुपए के राज्य सरकार के अंशदान के अतिरिक्त राज्य औद्योगिक विकास निगमों, आदि के माध्यम से निरूपित 'विकास केन्द्रों' में 'क्षेत्र-विशिष्ट अवस्थापना विकास 'प्रति उद्योग-रहित' जिले को सावधि ऋणों के रूप में 5 करोड़ रुपए तक और अधिक वित्त उपलब्ध करवायेगा।

(iii) उद्योगों के आधुनिकीकरण के लिए उदार ऋण योजना

1.39 वर्ष के दौरान आधुनिकीकरण सहायता उपलब्ध करवाने की योजना की समीक्षा की गई और पहली जनवरी 1984 से लागू पर्याप्त उदारताओं सहित संशोधित योजना प्रारम्भ की गई। संशोधित योजना के अन्तर्गत कुल 4 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता जो कि प्रारम्भ में 12.5 प्रति वर्ष की रियायती ब्याज की दर पर उपलब्ध करवाई गई थी, के लिए पहली मार्च पर 1984 से ब्याज की दर में और कमी करके इसे 11.5% प्रति वर्ष कर दिया गया। वित्तीय रूप से कमजोर इकाइयों के मामले में ब्याज की दर घटाकर 10% प्रति वर्ष तक की जा सकती है परन्तु वित्तपेषित इकाइयों की वित्तीय स्थिति सुधरने और परिस्थितियों की आवश्यकता के अनुरूप संस्थान बाद में ब्याज की दर को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

1.40 उदार ऋण योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता आधुनिकीकरण कार्यक्रमों, जैसे (क) प्रक्रिया टेकनोलाजी और/या उत्पाद का दर्जा बढ़ाया जाना, (ख) ऊर्जा बचत, (ग) प्रदूषण निवारण उपाय (घ) छीजन और उप-उत्पादों का पुनः उपयोग और वसूली, (ङ) निर्यात उन्मुखता (च) आयात प्रतिस्थापन (छ) दुर्लभ कच्चे माल का संरक्षण/प्रतिस्थापन (ज) वर्तमान लाइसेंस प्राप्त क्षमता के भीतर क्षमता उपयोग में सुधार (झ) सामग्री की देखभाल में सुधार करके इकाई के भौतिक और वित्तीय कार्य निष्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति लाना, के लिये उपलब्ध होगी।

1.41 योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता के लिए पात्र बनने वाली औद्योगिक संस्था के लिये यह आवश्यक है कि वह कम से कम 10 वर्षों से परिचालन में रही हो और प्रतिस्थापित किए जाने के लिए प्रस्तावित उपकरण 10 वर्ष की अधिक अवधि से उपयोग में लाए जाते रहे हों। यदि परियोजना का लक्ष्य निर्यात में वृद्धि, आयात प्रतिस्थापन, ऊर्जा बचत और प्रदूषण निवारक उपायों को अपनाना हो तो 10 वर्षों के मानदण्ड में ढील दी जा सकती है।

1.42 उदार ऋण योजना के अन्तर्गत 4 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता पर वित्तीय संस्थानों की सामान्य उधार ब्याज दर लगेगी। लेकिन योजना के अन्तर्गत मंजूर की गई समग्र सहायता, चाहे वह रियायती ब्याज दर पर हो या ब्याज की सामान्य उधार दर पर, "संपरिवर्तनीयता खण्ड' की प्रयोज्यता से मुक्त रहेगी।

(iv) 100% निर्यातोन्मुख इकाइयों को सहायता

1.43 '100 निर्यात उन्मुख इकाइयों', के वित्तपोषण के मामले में प्रदान की गई 'अग्रता' के अतिरिक्त अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान, वर्ष के दौरान, इकाई की निर्यात प्रगति और संस्थानों को अपने वायदे पूरे करने की शर्त के आधार पर पहले पांच परिचालन वर्षों के लिए इस प्रकार की इकाइयों को रुपया ऋणों पर लागू ब्याज दर में (सामान्य अथवा रियायती, जो भी लागू हो), पहली जनवरी, 1984 से प्रभावी 1.5 प्रतिवर्ष की छूट देने के लिए सहमत हो गए हैं।

(v) संपरिवर्तनीय खण्ड

1.44 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय सरकार ने पात्र औद्योगिक संस्थाओं को ऋण सहायता प्रदान करते समय वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाये/लागू किए जाने वाले संपरिवर्तनीयता विकल्प के सम्बन्ध में संशोधित निदेशक सिद्धान्त जारी किए। संशोधित निदेशक सिद्धान्तों के अनुसार 'संपरिवर्तनीयता खण्ड' पहली मार्च, 1984 से केवल उन्हीं मामलों में लागू होगा जहां कि अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों से बकाया तथा प्रस्तावित (कुल वित्तीय सहायता मंजूर रुपया ऋण और अथवा अभिदत्त रुपया, डिबेंचर और/अथवा सार्वजनिक निर्गमों में हामीदारी के फलस्वरूप) देयता (पहले निर्धारित 1 करोड़ रुपये की सीमा के स्थान पर) समग्रतः 5 करोड़ से अधिक हो।

145 सामान्यतः, 'संपरिवर्तनीयता खण्ड' के लगाए जाने के समय और संपरिवर्तन विकल्प के वास्तविक प्रयोग के समय भी यह सुनिश्चित किया जायेगा कि केन्द्रीय और/या राज्य सरकार (सरकारों), सरकारी उपक्रम/कम्पनियों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों/राज्य औद्योगिक निवेश निगमों (पुनः क्रय करने की व्यवस्थाओं के अंतर्गत सम्मिलित को छोड़कर), भारतीय स्टेट बैंक और राष्ट्रीयकृत बैंकों (वास्तविक निवेश) और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (निवेश संस्थानों सहित) को मिलो-जुलो शेयरधारिता गैर-एम०आर० टी०पी० कम्पनियों के मामले में 26% और एम०आर०टी०पी० कम्पनियों/बड़े औद्योगिक घरानों के मामले में 40% से अधिक न हो। लेकिन संस्थान, ऋण को मात्रा के भेद-भाव के बिना सभी मामलों में कुप्रबन्ध/चूक होने पर संपरिवर्तन के अधिकार का प्रयोग पूर्ववत रखेंगे और निवेश संस्थान अपने सामान्य निवेश कारोबार के रूप में बाजार में शेयर खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं चाहे ऐसा करने से गैर–एम०आर०टी०पी० कम्पनियों में सरकारी वित्तीय संस्थानों के धारण 26% और एम०आर० टी०पी० कम्पनियों/बड़े घरानों में 40% से अधिक भी क्यों न हो जाएं।

1.46 किस सीमा तक और किस मूल्य पर संपरिवर्तन विकल्प, जहां कहीं भी लागू हो, का प्रयोग किया जाना है

सामान्यतया अग्रिम रूप से अर्थात् विभिन्न सम्बन्धित पहलुओं का गणन करने के बाद संपरिवर्तन विकल्प लगाते समय निश्चित किया जायेगा । संपरिवर्तन की अवधि इष्टतम उत्पादन के प्रारम्भ होने की तारीख से सामान्यतया 3 वर्षों के लिए होगी और विकल्प का प्रयोग इस अवधि के दौरान एक से अधिक बार किया जा सकता है लेकिन संपरिवर्तन निर्धारण की समग्र सीमा वही रहेगी ।

1.47 इस समय की स्थिति के अनुसार संपरिवर्तनीयता खण्ड निम्नलिखित पर बिल्कुल भी लागू नहीं है—

—आधुनिकीकरण के उद्देश्य, अथवा वर्तमान निर्धारित क्षमता में अतिरिक्त संतुलन उपस्कर प्राप्त करने के लिए मंजूर किए गए रुपया ऋण;

—गैर-योजना वित्त की प्रकृति, जैसे, आन्तरिक बिजली उत्पादन के लिए डीजल जेनरेटिंग सैट, ऊर्जा बचत और प्रदूषण नियन्त्रण उपकरण, आदि खरीदने के लिए मंजूर रुपया ऋण;

—पहले से वित्तपोषित परियोजना की मामूली अति व्यय को पूरा करने के लिए मंजूर रुपया ऋण बशर्ते, कि अति-व्यय उचित हो और प्रबन्धक वर्ग के नियन्त्रण के बाहर की परिस्थितियों के कारण हुआ हो और प्रवर्तक इसमें अपना उल्लेखनीय योगदान दें;

—'उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिलों' के रूप में अधिसूचित श्रेणी' 'क' जिलों में स्थापित की जाने वाली परियोजना (एम०आर०टी०पी० अथवा गैर–एम०आर०टी०पी० किन्हीं भी संस्थाओं द्वारा स्थापित) को मंजूर रुपया ऋण;

—वित्तीय संस्थानों द्वारा औद्योगिक संस्थाओं द्वारा विदेशी मुद्राओं में मंजूर किए गए उप-ऋण;

—(क) सरकारी क्षेत्र अथवा (ख) कम्पनी अधिनियम की धारा 619ख की परिधि में आने वाले उद्यम; (ग) सहकारी क्षेत्र की इकाइयों को मंजूर किए गए रुपया ऋण;

— जिन कम्पनियों को अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने 5 करोड़ रुपये अथवा इससे कम (मंजूर और बकाया सहित) सकल वित्तीय सहायता प्रदान की है (चूक करने वाली/कुव्यवस्थित/रुग्ण इकाइयों को छोड़कर);

— जो रुपया ऋण पांच वर्ष की अवधि (छूट अवधि सहित) में पुनर्देय हैं, बशर्ते कि ऋण पर 1% वार्षिक का अतिरिक्त ब्याज लगेगा ;

— वाणिज्यिक बैंकों, राज्य वित्तीय निगमों, राज्य उद्योग विकास निगमों और राज्य उद्योग निवेश निगमों द्वारा दिए गए रुपया ऋण अथवा डिबेंचर ऋण; और

— निगमित क्षेत्र की 100% निर्यातोन्मुख इकाइयां ।

(vi) नामित निदेशकों की भूमिका

1.48 नामित निदेशक एक ओर वित्तीय संस्थानों तथा दूसरी ओर वित्तपोषित संस्थाओं में महत्वपूर्ण कड़ी का काम करते हैं । सरकार ने इस सम्बन्ध में वर्ष के दौरान संशोधित निदेशक सिद्धान्त जारी किए, जो पहली मार्च 1984 से लागू हो गए हैं । इन निदेशक सिद्धान्तों में व्यवस्था की गई है कि अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्तपोषित सभी एम० आर०टी०पी० कम्पनियों में नामित निदेशक नियुक्त किए जाएं, चाहे उनकी सहायता या शेयरधारिता कितनी भी क्यों न हो । जहां तक गैर एम०आर०टी०पी० कम्पनियों में नामित निदेशकों की नियुक्ति का सम्बन्ध है इसका स्व-विवेक अधिकार अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों में निहित है और यह निम्नलिखित पहलुओं को ध्यान में रखकर चयनात्मक आधार पर प्रयोग किया जाता है:

— इकाई समस्या ग्रस्त है और इसके रुग्ण होने की संम्भावना है;

— संस्थानात्मक शेयरधारिता की मात्रा 26% से अधिक है;

— ऋणों/निवेशों के रूप में संस्थानात्मक जोखिम 5.00 करोड़ रुपये से अधिक है ।

1.49 वित्तपोषित संस्था के दैनिक कार्यों में हस्तक्षेप किए बिना नामित निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सरकारी नीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहलुओं पर स्पष्ट रूप से निर्धारित जिम्मेवारी को निभायें । नामित निदेशकों को आश्वस्त करना है कि वित्तपोषित संस्थाओं की निदेशक बोर्ड बैठकों में अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित पहलुओं की समीक्षा की जाए और इन पर विचार किया जाए :—

— इकाई की वित्तीय प्रगति;

— सस्थानों को देय की अदायगी;

— उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क एवं सांविधिक देयताओं सहित सरकारी देयताओं की अदायगी (यदि कोई संस्था यह अनुभव करती है कि कोई कर विशेष/अदायगी अनुचित है तो नामित निदेशक से अपेक्षा की जाती है कि वे संस्था के मामले के प्रथमत: उचित होने के बारे में अपने को आश्वस्त करें);

— जहां पर प्रवर्तक समूह का काफी हित हो, वहां पर अन्तर निगमित निवेशों और सहयोगी संस्थाओं को दिए गए ऋण अथवा लिए गए ऋण;

— शेयरों के सभी लेन-देन;

— संविदाओं का निष्पादन, कच्चे माल, तैयार माल, मशीनरी, आदि की खरीद और बिक्री; और

— विशेषकर, प्रबन्धक वर्ग से सम्बन्धित खर्च की भारी मदें (ताकि फिजूल और फालतू खर्च की प्रवृत्ति तथा निधियों का अप्रवर्तन रोका जा सके)।

1.50 इस विषय पर सरकारी निदेशक सिद्धान्तों में यह भी व्यवस्था की गई है कि उन सभी मामलों में, जिनमें संस्था की प्रदत्त पूंजी पांच करोड़ रुपये अथवा अधिक है खर्च का सार्वधिक अनुमान लगाने के लिए निदेशक बोर्ड की एक लघु लेखा परीक्षण उप-समिति (गैर-पदाधिकारी निदेशकों

से गठित) का गठन किया जाए। इस समिति का संस्थानात्मक नामित निदेशक भी सदस्य होगा, जिससे निम्नलिखित दायित्व पूरा करने की अपेक्षा है—

(क) सांविधिक लेखा-परीक्षकों और बोर्ड में सम्पर्क;

(ख) आन्तरिक लेखा-परीक्षकों और बोर्ड में सम्पर्क;

(ग) नियंत्रण व्यवस्था और प्रबन्ध सूचना व्यवस्था पर विचार करना और इसे लागू करना; और

(घ) आश्वस्त करना कि यदि फिजूल खर्चों की कोई प्रवृत्ति हो तो उसे रोका जाए।

(vii) कार्यविधि को कारगर और सरल बनाना

1.51 वर्ष के दौरान, कार्यविधि को कारगर बनाने के अपने लक्ष्य के अनुरूप अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने सभी परियोजनाओं, चाहे उनकी परियोजना लागत कितनी भी हो, को 'परियोजना वित्तपोषण भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना' के दायरे में लाने के लिए सहमति दी, ताकि आवेदक संस्थाओं को 'एक ही स्थान पर, साख की सुविधा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि का रुपया ऋण प्रदान किए जाने के मामले में परियोजना की वित्तपोषण पद्धति के लिए भारतीय औद्योगिक विकासबैंक के अनुमोदन की शर्त भी हटा दी गई। वाणिज्यिक बैंकों को भी 3.00 करोड़ रुपये तक की पूंजी लागत वाली परियोजनाओं को दीर्घकालीन 'ऋण प्रदान' करने में भागीदारी की अनुमति दे दी गई, और उसके पश्चात 7 करोड़ रुपये तक की परियोजना लागत वाली परियोजनाओं में बैंकों को भाग लेने की अनुमति दे दी गई।

1.52 इसके अतिरिक्त, वित्तपोषित संस्थाओं द्वारा नियमित प्रतिभूति स्थापित करने सहित, मूल दस्तावेज निष्पादन करने तक रुपया ऋणों में से मंजूर किए गए पूरक/अन्तरिम ऋणों के मामले में, प्रथम संवितरण की तारीख से लागू ब्याज दर से 365 दिन तक 1% वार्षिक का अतिरिक्त ब्याज न लेने की व्यवस्था विदेशी मुद्रा ऋणों में मंजूर किए गए अंतरिम ऋणों पर भी लागू कर दी गई।

1.53 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने सहायता के संवितरण से सम्बन्धित विधिक और दस्तावेज तैयार करने के सम्बन्ध में लिए जाने वाले प्रभारों को 27 मार्च, 1984 से वसूल न करने का निर्णय लिया। केवल उन्हीं मामलों में जिनमें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम या तो अग्रणी संस्थान के रूप में अथवा अखिल भारतीय स्तर पर अकेला ही वित्तपोषक संस्थान रहा हो तो यात्रा, जांच-पड़ताल, आदि के खर्च अथवा निगम द्वारा तय किए गए अनुसार सालिसिटरों/अधिवक्ताओं को की गई अदायगी की वास्तविक राशि वसूल की जायेगी।

1.54 वचनबद्धता प्रभार की वसूली के मामले में भी, इसे ऋण करार के बन्धक होने की तारीख अथवा आशय पत्र जारी होने से 180 दिन की समाप्ति, जो भी पहले हो, से वसूल करने की व्यवस्था को अक्तूबर 1983 में सरल बनाया गया ताकि 'पूरक ऋण करार' भी इसकी परिधि में आ जाए और तदनुसार पूरक ऋण करार/ऋण करार के बन्धक होने की तारीख अथवा आशय पत्र जारी होने से 180 दिन की समाप्ति पर से, जो भी पहले हो, इसका गणन किया जा सके।

1.55 वर्ष के दौरान मूल्यांकन और संवितरण प्रक्रिया को और अधिक कारगर बनाया गया, जिनमें प्रमुखतः आवेदकों को 'साझी पहुंच' में रखना; परियोजना 'का एक ही स्थान पर मूल्यांकन 'एक ही स्थान पर' दस्तावेजीकरण 'एक ही स्थान पर, साख उपलब्ध करना" और मामले अनुसार अग्रणी संस्थान के रूप में पदनामित किए जाने पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम में से 'एक ही संस्थान' द्वारा अनुवर्ती कार्यवाही किया जाना शामिल है। इस उद्देश्य के लिए भागीदारी प्रमाण-पत्र योजना व्यवस्था का पूरा-पूरा उपयोग किया जाना और इस की व्यवस्थाओं को अन्तर संस्थानात्मक स्तर पर और भी कारगर तथा सरल बनाया गया।

(घ) उद्योगों की सामान्य समीक्षा

1.56 विभिन्न भागों में 6% से 40% तक (मांग की तुलना में) बिजली की कमी, और 1983 में 1,432 हड़तालों एवं 384 ताला बन्दियों से 250.5 लाख मानव दिवसों की हानि के बावजूद भी सामान्य रूप से उद्योग कुछ सीमा तक अपना उत्पादन तथा लाभप्रदता बढ़ा सका।

1.57 औद्योगिक उत्पादन को सामान्य सूचकांक (आधार 1970-100) 1983–84 के दौरान 173.8 से बढ़कर 182.9 हो गया जिसमें 5.2% की वृद्धि हुई। 1982–83 और 1983–84 के वर्षों में औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्तियों का उल्लेख सारणी : में दिया गया है :

सारणी 1 : औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्ति

अधिभार	क्षेत्र	पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	
		1982-83 (अप्रैल मार्च)	1983-84 (अप्रैल) –मार्च)
1	2	3	4
9.7	खनन	10.6	11.2
81.1	निर्माण	2.3	4.0
9.2	ऊर्जा	7.1	7.6
100.0	समस्त उद्योग	3.9	5.2

1.58 उक्त से स्पष्ट है कि खनन और बिजली उद्योग का कुल औद्योगिक गतिविधि में लगभग पांचवां भाग रहा और इनका वृद्धि प्रतिशत उल्लेखनीय था (क्रमशः 11.2% और 7.6%), इसके विपरीत निर्माण उद्योग का औद्योगिक गतिविधियों में काफी हिस्सा होते हुए भी इसकी विकास दर केवल 4% रही।

1.59 उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 149 उद्योगों में से (औद्योगिक उत्पादन में सरकारी सूचकांक के अनुसार जिनका कुल भार में से 80% के लगभग हिस्सा है) 1983–84 के दौरान 102 उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि हुई। केवल 44 उद्योगों के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि रही और 3 उद्योग 1982–83 के दौरान उपलब्ध उत्पादन दर को ही बनाए रखने में सफल रहे।

1.60 जो उद्योग 1983–84 के दौरान उत्पादन में अग्रणी थे, अर्थात् जिनकी उत्पादन दर 1982–83 की तुलना में 10% अथवा इससे अधिक रही, वे हैं; कच्चा पेट्रोलियम (23.2%), चाय (12.0%), सूती धागा (11.5%), सूती वस्त्र (16.5%), चर्म वस्त्र (10.5%), चमड़े के जूते (16.7%), न्यूज प्रिंट (45.7%), आटो टायर (11.4%), ट्रैक्टर टायर (24.0%), स्कूटर टायर (19.9%), साइकिल टायर (20.5%), कास्टिक सोडा (12%), सोडा ऐश (25.7%), कैलशियम कार्बाइड (42.8%), तरल क्लोरीन (15.0%), हाई डेन्सिटी पोलीथिलीन (13.8%) पी वी सी रेसिन्स (57.6%), पालिस्ट्रीन (21.4%), केपरोलेक्टम (18.0%), नायलन फिलामेन्ट धागा (18.2%), विस्कोस स्टेपल रेशा (65.7%), पोलियस्टर फिलामेन्ट धागा (98.4%), सेलुलोस फिल्म (32.4%), डी०डी०टी० (25.0%), औद्योगिक विस्फोटक (19.6%), क्लोरेम फिनिकोल (49.9%), विटामिन ए (16.6%), सीमेन्ट (15.8%), बिक्री योग्य कच्चा लोहा (27.4%), जोड़-रहित पाइप और ट्यूबें (10.4%), एल्युमीनियम सी०जी० ग्रेड (20.4%), एल्युमीनियम चादरें और ढोल (13.5%), एल्यूमीनियम फ्वायल्स (27.7%), जिंक (16.0%), बोल्ट, नट और रिवेट (69.4%), रेजर ब्लेड (11.3%), ढले हुए हाथ के औजार (17.9%), बायलर (10.7%), शुगर मशीनरी (20%) कागज और लुगदी मशीनरी (18.5%), रबड़ मशीनरी (47.6%), हवा और गैस कम्प्रेसर (62.9%), कृषि ट्रैक्टर (20.5%), घरेलू रेफ्रिजिरेटर (29.9%), सिलाई मशीनें (10.4%), पावर ट्रांसफार्मर्स (24.2%), बिजली की मोटरें (12.5%), बजली के पंखे (14.6%), फ्लोरोसेंट ट्यूबें (51.3%), ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड्स (24.0%), रेलवे वैगन (13.0%), मोटर साईकिलें (18.8%), मोपेड (47.4%), तिपहिये (20.7%), साइकिल (21.9%)।

1.61 जो उद्योग अपने उत्पादन में 10% या इससे अधिक पीछे रहे और जिनकी विकास दर नकारात्मक रही, वे हैं; चीनी (=17.1%), पटसन वस्त्र (=22.4%) सिंग्रेट (=11.2%), लिनोलियम (=65.8%), गैलाथियन (=25.6%), सिन्थेटिक डिटरजेन्ट (=12.1%), विक्रेय इस्पात (=12.3%), सी० आई० स्पन पाइप (=12.1%), तांबा, पीतल चादरें और ढोल (=12.2%), ट्विस्ट ड्रिल (=10.7%), धरती धकेल मशीनरी (=18.0%), रोड रोलर (=44.5%), टाइपराइटर (=11.1%), पी आई एल सी तारें (=41.5%), क्लाक (=18.4%), पेन्सिल (=11.5%), और जिप फास्टनर (=39.6%)।

1.62 वर्ष के दौरान, विस्थापित क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई परन्तु कम उत्पादन के कारण माल निर्माण क्षेत्र में सामान्य क्षमता प्रतिशत उपयोग में मामूली गिरावट आई जो 1982–83 के 76% से घटकर 1983–84 में लगभग 75% हो गई। इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 1 में वर्ष 1983–84 के लिए कुछ चुने हुए उद्योगों की विस्थापित क्षमता उत्पादन प्रतिशत क्षमता उपयोग की तुलना में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की 505 वित्तपोषित संस्थाओं की स्थिति उनसे प्राप्त हुई रिपोर्टों के आधार पर तुलनात्मक रूप में दर्शायी गई है।

1.63 उपभोक्ता, माल उद्योग के क्षेत्र में, जिसका भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के वित्तपोषण कार्यों में अपना महत्वपूर्ण स्थान है, 1983–84 के दौरान चीनी, सूती, ऊनी और पटसन वस्त्र तथा कागज की प्रगति कुछ धीमी रही।

1.64 वर्ष के दौरान, चीनी का कम उत्पादन होने के प्रमुख कारण थे : (क) गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में कहीं-कहीं सूखा पड़ना, (ख) गन्ना उत्पादन क्षेत्र में कमी होने से गन्ने के उत्पादन में कमी होना (ग) कुछ क्षेत्रों में मिलों द्वारा गन्ने की दी गई अलाभप्रद कीमत, और (घ) खांडसारी को मिलने वाले उत्पाद शुल्क राहत सहित विभिन्न कारणों से गन्ने का खांडसारी और गुड़ बनाने में अधिक उपयोग, इत्यादि।

1.65 वस्त्र उद्योग में, लम्बी हड़ताल के पश्चात् बम्बई आधारित मिलों का खुल जाना पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उत्पादन में वृद्धि होने का एक महत्वपूर्ण कारण रहा, अन्यथा उद्योग को कच्चे माल की पूर्ति से अधिक मांग होने के कारण कीमतों में बढ़ोतरी, बढ़ी हुई उत्पादन लागतें, पुराने संयंत्र और साज-सामान, उचित मांग न होने से भारी भंडार एकत्रित होना तथा बाजार में मंदे की स्थिति, जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा और इसके परिणामस्वरूप कार्यकारी पूंजी का भी अभाव रहा। विकेन्द्रीकृत क्षेत्र (अर्थात् हथकरघे और शक्तिकरघे) का हिस्सा बढ़ने से और पिछले 2–3 वर्षों के दौरान शक्तिकरघा क्षेत्र में विशेष वृद्धि को देखते हुए जिसका प्रमुख कारण इस द्वारा (उत्पाद शुल्क आदि की दर कम होने से) कम लागत पर वस्त्र उत्पादन करने और बेचने की क्षमता है, संगठित मिल क्षेत्र के कार्य परिणामों पर लगातार दुष्प्रभाव पड़ा है। संगठित क्षेत्र में मिलों के अनार्थिक परिचालनों के फलस्वरूप कुछ मिलों में रुग्णता हो गई है। पहली मार्च, 1984 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय वस्त्र निगम की 3 मिलों सहित

46 सूती वस्त्र इकाइयां बन्द पड़ी थीं। मिलों के बन्द होने के कारण अप्रैल, 1983 से फरवरी, 1984 के बीच हुए उत्पादन में हानि का अनुमान 61.49 मिलियन किलो ग्राम धागा और 232.06 मिलियन मीटर कपड़ा लगाया गया था।

1.66 पटसन वस्त्र के लिए भी 1983–84 का वर्ष प्रतिकूल ही रहा, जिसके प्रमुख कारण (क) विदेशी बाजारों में हुई मांग में गिरावट (ख) 16 जनवरी, 1984 से 8 अप्रैल, 1984 की अवधि में 84 दिनों के लिए मिलों में हड़ताल और (ग) 1982–83 और 1983–84 के दौरान हल्की फसल होने से मांग अधिक होने के कारण कच्चे पटसन की कीमतों में वृद्धि।

1.67 कागज उद्योग में बड़ी मिलों में, जिनमें से 1983–84 के दौरान 8 मिलें तो बन्द रहीं, उत्पादन कम होने का प्रमुख कारण श्रमिक असन्तोष, अप्रचलित संयंत्र और साज-सामान तथा दिन-प्रतिदिन कम हो रहे जंगल-आधारित परम्परागत कच्चे माल और अन्य उत्पादों की ऊंची लागत रहा। लघु कागज इकाइयों में से भी वर्ष के दौरान लगभग 135 इकाइयां बन्द पड़ी रहीं और इनके उत्पादन पर विशेषकर पाक-रसायनों की वसूली न होने से अधिक उत्पादन लागत, कृषि से प्राप्त होने वाले कच्चे माल और अन्य गौण रेशों, आदि की उपलब्धता में अनिश्चितता और इनकी ऊंची लागतें रहा। आयात की हुई 'पुरानी कागज-मशीनों' पर आधारित इकाइयां इन मशीनों के हल्के कार्य निष्पादन और जल्दी-जल्दी खराब हो जाने के कारण समस्याओं से ग्रस्त रहीं।

1.68 मूल-उद्योग समूह (अर्थात् मूल धातु, मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, बिजली उत्पादन आदि) की प्रगति मूल धातु समूह को छोड़कर लगभग संतोषजनक रही।

1.69 मूल धातु उद्योग में बिजली की कमी तथा कोकिंग कोयले की अनियमित पूर्ति, इस्पात उत्पादों की कम मांग, भण्डारों का जमा होना और सक्षम बाजार नीति के अभाव में बिक्री योग्य इस्पात, इस्पात सिल्लियों, आदि के उत्पादन में गिरावट से दुष्प्रभाव पड़ा। बिजली की कमी और प्रबन्ध समस्याओं के कारण एल्युमिनियम, तांबा, जिंक तथा पारे के उत्पादन की दर में भी कमी हुई।

1.70 उर्वरक, सीमेन्ट, खनन और खदान, भारी रसायन, थर्मोप्लास्टिक और सिन्थेटिक, रंगाई का सामान कीट नाशक, दवाइयां और औषध की प्रगति कुल मिलाकर पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रही।

1.71 सरकार द्वारा सीमेंट से 'आंशिक नियंत्रण' हटाने और 'आवश्यकता आधार पर ऊंचे अवधारण मूल्य' लेने की अनुमति दिए जाने के फलस्वरूप लगभग सभी सीमेंट इकाइयों के कार्य निष्पादन और लाभप्रदता में विस्मयकारी मोड़ आया। सन्तोषजनक कार्य प्रगति को देखते हुए उद्योग को अपने साधनों से आधुनिकी करण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, गीली प्रणाली से सूखी प्रणाली में परिवर्तन और चूने की खदानों का मशीनीकरण करना चाहिए।

1.72 पूंजी माल उद्योगों में, भूमि समतल करने वाली मशीनरी को छोड़कर, आमतौर पर अन्य सभी औद्योगिक निर्माण इकाइयों की प्रगति पिछले वर्ष की तुलना में 1983–84 के दौरान अच्छी रही। इसी प्रकार, बिजली मशीनरी समूह में भी वायरों और तारों को छोड़कर पावर ट्रांसफारमरों, बिजली मोटरों, बिजली पंखों, बल्बों और फ्लोरोसेंट ट्यूबों की प्रगति प्रभावशाली रहीं। वायर और तारों के उत्पादकों को राज्य विद्युत् बोर्डों की कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण कम आर्डर प्राप्त होने से हानि हुई।

1.73 साख नियंत्रणों में ढील दिए जाने से कृषि ट्रैक्टर उद्योग ने कुल मिलाकर, उत्पादन और बिक्री, दोनों में सन्तोषजनक प्रगति की। लेकिन कुछ ट्रैक्टर इकाइयों को सामना करना पड़ा। आमतौर पर, पावर टिलर इकाइयों की प्रगति सामान्य से कम रही और उत्तर प्रदेश की एक इकाई को अपने अलाभप्रद परिचालनों के कारण उत्पादन बन्द कर देना पड़ा।

1.74 1983–84 के दौरान, देश में रेलवे वैगनों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई चूंकि रेलवे ने इनकी बड़ी मात्रा में खरीद की, जो इनके एकमात्र खरीददार हैं। परिवहन साज-समान और आटोमोबाइल उद्योग की प्रबन्ध की दृष्टि से कमजोर इकाइयों को छोड़कर शेष सभी का कार्य सन्तोषजनक रहा। आटोमोबाइल उद्योग में लाइसेंस नीति के उदार बनाए जाने के फलस्वरूप बेहतर विदेशी तकनीक से उल्लेखनीय नई क्षमता पैदा किए जाने से आटोमोबाइल उद्योग के सभी भागों में सराहनीय प्रगति हुई, जो भारतीय इंजीनियरिंग उद्योग की अच्छी प्रगति का सूचक है। आटोमोबाइलों की अच्छी मांग होने से 1983–84 के दौरान टायर ट्यूबों के उत्पादन में भी तेजी से वृद्धि हुई।

1.75 जहां तक, निगमित क्षेत्र का लाभप्रदता का सम्बन्ध है, इस क्षेत्र की विकास दर में वृद्धि होने के बावजूद भी समग्र उद्योग में वित्तीय प्रगति असंतोषजनक ही बनी रही। लगभग 400 चुनी हुई संस्थाओं की 1982–83 में बिक्री (उत्पाद शुल्क रहित) की वृद्धि दर 106 रही, जो कि 1981–82 में 21.7% थी। आय की अपेक्षा खर्चों में तेजी से वृद्धि होने के कारण, 1982–83 के दौरान सकल लाभ में केवल 4.6 की विकास दर रही। कर के बाद लाभों तथा अर्जित लाभों में क्रमशः 2.4% और 4.2% की वृद्धि हुई।

1.76 निगमित क्षेत्र ने जिस दिशा में अधिक ध्यान देना शुरू किया वह है, : सकल स्थिर पूंजी निर्माण। सकल स्थिर परिसम्पत्तियों की निर्माण दर 1979–80 के 11.9 %की तुलना में 1982–83 में बढ़कर लगभग दुगुनी, अर्थात्, 21.4% हो गई। संयंत्र और मशीनरी पर निवेश, 1981–82 के 15.2% की तुलना में 1982–83 में बढ़कर 18.3%

हो गए और यह स्थिर परिसम्पत्तियों की वृद्धि का 61% भाग है ।

1.77 सामान्य निष्कर्ष यह है कि उद्योग ऐसी निगमित कुशलताओं को अपना कर अपनी वित्तीय प्रगति (विशेषकर अच्छी स्थिति में) सुधार सकता है, जिससे कि उद्योग को (क) लगातार नवीकरण और प्रतिस्थापन, के साथ तकनीक में सुधार, ऊर्जा संरक्षण, लागत कटौती करने से संयंत्र और कलपुर्जों को बढ़िया हालत में रखने और (ख) विशेषकर, उपयोगी इंजीनियरिंग, लागत नियंत्रण, और वित्तीय प्रबन्ध के क्षेत्र में आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों का उपयोग करने में सहायता मिले । चूंकि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम जैसे वित्तीय संस्थान की व्यावहार्यता और लाभप्रदत्ता काफी सीमा तक इस की वित्तपोषित संस्थाओं के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है अतः निगमित कुशलताओं में उक्त पहलुओं का औचित्य और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है ।

अध्याय 2

प्रगति एवं कार्य-परिणाम

(क) परियोजना वित्तपोषण कार्य

आवेदनों की आवती

2.01 वर्ष 1983–84 के दौरान, वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त हुए आवदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर वर्ष के दौरान 332 संस्थाओं के आवदनों पर कुल 1,931.19 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान कर के लिए विचार किया जबकि पिछले वर्ष 290 संस्थाओं के आवेदन कुल 1,538.88 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने के लिए थे । इन 332 आवेदक संस्थाओं में से 160 संस्थाओं के आवेदन नई परियोजनाएं लगाने के लिये थे और 172 संस्थाओं के आवेदन उनके विस्तार/विशाखन/आधुनिकीकरण योजनाओं और/अथवा अतिव्यय के आंशिक भाग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहायता, आदि के लिए थे ।

2.02 वर्ष के दौरान, जिन 332 संस्थाओं के आवेदनों पर विचार किया गया उनमें से 311 संस्थाओं के आवेदनों पर 355.14 करोड़ रुपये की कुल सकल वित्तीय सहायता मंजूर की गई और 4 संस्थाओं को वापस लिया अथवा बन्द किया हुआ मान लिया गया । वर्ष की समाप्ति के समय 149.93 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता के लिए 17 संस्थाओं के आवेदन भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अग्रणी दायित्व में विचाराधीन थे ।

आवेदन पत्रों पर कार्यवाही करने की समयावधि

2.03 वर्ष के दौरान, सहायता मंजूर की गई 311 संस्थाओं में से 269 संस्थाओं को प्रत्येक मामले में पूर्ण सूचना प्राप्त होने की तारीख से चार महीने के भीतर सहायता मंजूर की गई, 23 को छः महीने की अवधि के भीतर तथा 19 को छः महीने से अधिक की अवधि में सहायता मंजूर की गई ।

वर्ष के अन्त में बकाया आवेदन

2.04 जिन मामलों में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अग्रणी था, उनमें 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार विचाराधीन आवेदनों की स्थिति (पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़ों सहित) सारणी 2 में दी गई है ।

सारणी 2 : बकाया आवेदन

(30 जून, 1984 की स्थिति थे अनुसार) (करोड़ रुपये)

बकाया आवेदनों की श्रेणी (भा०औ०वि०नि० अग्रणी मामले)	जिन संस्थाओं के आवेदन विचाराधीन थे, उनकी संख्या	सहायता की राशि जो संयुक्त रूप में वित्तीय संस्थानों से मांगी गई थी
1	2	3
प्रक्रिया हेतु तैयार संस्थाओं से आवेदन (श्रेणी 'क' के रूप में वर्गीकृत)	8 (15)	29.78 (21.47)
उन संस्थाओं के आवेदन जिनसे सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण मामले/आधारभूत मुद्दे बकाया हैं और जिन्हें अभी तय किया जाना है (श्रेणी 'ख' के रूप में वर्गीकृत)	9 (21)	120.15 (159.92)
जोड़	17 (26)	149.93 (181.39)

टिप्पणी : कोष्ठकों में पिछले वर्ष, अर्थात् 1982–83 की स्थिति दी गई है ।

मंजूरियां और संवितरण

2.05 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वर्ष के दौरान 311 संस्थाओं की 340 परियोजनाओं के लिए कुल 355.14 करोड़ रुपये की सकल वित्तीय सहायता मंजूर की गई जबकि पिछले वर्ष यह सहायता 251 संस्थाओं की 298 परियोजनाओं के लिए 275.53 करोड़ रुपये मंजूर की गई थी ।

2.06 3 संस्थाओं की 3 परियोजनाओं को 1.52 करोड़ रुपये की रद्द की गई मंजूरियों, आदि का समायोजन करने के बाद, 308 संस्थाओं की 337 परियोजनाओं के

लिए मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता की राशि 353.62 करोड़ रुपये रही जिससे, पिछले वर्ष में 249 संस्थाओं की 296 परियोजनाओं के लिए 273.88 करोड़ रुपये की निवल मंजूरियों में 29.1% की वृद्धि हुई।

2.07 1983–84 में 253.42 करोड़ रुपये के संवितरण किए गए जबकि 1982–83 में यह राशि 219.18 करोड़ रुपये रही। इस प्रकार इसमें 15.6% की वृद्धि हुई।

2.08 सारणी 3 में वर्ष के दौरान और आरम्भ से लेकर 30 जून, 1984 तक की गई मंजूरियों और संवितरणों का सुविधा-वार वर्गीकरण दिया गया है।

सारणी 3 : मंजूरियों और संवितरणों का सुविधा-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

सुविधा	1983–84 (जुलाई–जून)		30 जून, 1984 तक संचयी	
	मंजूरियां रु०	संवितरण रु०	मंजूरियां रु०	संवितरण रु०
1	2	3	4	5
रुपया ऋण				
— उदार ऋण योजना	30.87 (8.7%)	26.72 (10.5%)	205.50 (9.6%)	157.32 (9.8%)
— सामान्य	221.48 (62.6%)	207.50 (81.9%)	1451.92 (67.3%)	1142.44 (71.3%)
विदेशी मुद्रा ऋण	55.05 (15.6%)	11.98 (4.7%)	254.79 (11.8%)	185.20 (11.6%)
हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान	38.77 (11.0%)	5.30 (2.1%)	172.62 (8.0%)	60.25 (3.8%)
गारंटियां				
आस्थगित अदायगियों के लिए	5.45 (1.5%)	0.54 (0.2%)	45.17 (2.1%)	31.52 (2.0%)
— विदेशी ऋणों के लिए	2.00 (0.6%)	1.38 (0.6%)	26.75 (1.2%)	24.91 (1.5%)
जोड़	353.62 (100.0%)	253.42 (100.0%)	2156.75 (100.0)%	1601.64 (100.0%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

सुविधा

2.09 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा, 30 जून, 1984 को समाप्त 36 वर्ष की अवधि के दौरान, समग्र देश में फैली हुई 1,567 औद्योगिक संस्थाओं की 1,894 औद्योगिक परियोजनाओं को 2,156.75 करोड़ रुपये की संचयी निवल वित्तीय सहायता मंजूर की गई। 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार संचयी संवितरण 1,601.64 करोड़ रुपये रहा जो कुल मंजूरियों का 74.3% है। लेकिन, मंजूर की गई कुल ऋण सहायता के संदर्भ में किया गया संवितरण 30 जून, 1984 को 77.7% था। 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार 1,166 संस्थाओं से कुल बकाया सहायता 1,112,49 करोड़ रुपये थी।

प्राथमिकता क्षेत्र को सहायता

2.10 उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले उद्योगों और अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को (जो मूल रूप में दिनांक 21 अप्रैल, 1982 की नीति घोषणा के साथ पठित दिनांक 2 फरवरी, 1973 के औद्योगिक नीति कथन के परिशिष्ट–1 में उल्लिखित है) वर्ष के दौरान मंजूर की गई कुल सहायता का 80.4% भाग प्राप्त हुआ। वर्ष के दौरान वित्तपोषित 337 परियोजनाओं में से उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त तथा अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों की परियोजनाओं की संख्या 255 रही और उन्हें 284.44 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई।

2.11 जहां तक 1983–84 में 253.42 करोड़ रुपये के संवितरण का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान इनका 86.1% भाग, अर्थात् 218.25 करोड़ रुपये का संवितरण उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त तथा अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को किया गया।

2.12 कुल मिलाकर, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा दशक (1974–84) के दौरान प्रदान की गई सहायता

का लगभग 83.3% भाग उच्च प्राथमिकता वाले तथा अन्य चुने हुए महत्वपूर्ण उद्योगों को प्राप्त हुआ।

सहायता का उद्देश्य-वार वर्गीकरण

2.13 सारणी 4 में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से मंजूर तथा संवितरित की गई सहायता का उद्देश्य-वार विश्लेषण दिया गया है।

सारणी 4 : मंजूर तथा संवितरित की गई सहायता का उद्देश्य-वार वर्गीकरण (करोड़ रुपए)

उद्देश्य		1983–84 (जुलाई–जून)		30 जून, 1984 तक संचयी	
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां रु०/	संवितरण रु०	मंजूरियां रु०/	संवितरण रु०/
1	2	3	4	5	6
नई परियोजनाएं	147	252.25 (71.3%)	160.38 (63.3%)	1407.89 (65.3%)	992.85 (62.0%)
विस्तार/विशाखन	44	35.19 (10.0%)	45.32 (17.9%)	399.56 (18.5%)	347.86 (21.7%)
आधुनिकीकरण/नवीकरण आदि					
— उदार ऋण योजना	67	30.87 (8.7%)	26.72 (10.5%)	205.50 (9.5%)	157.32 (9.8%)
— सामान्य	79	35.31 (10.0%)	21.00 (8.3%)	143.80 (6.7%)	103.61 (6.5%)
जोड़	337	353.62 (100.0%)	253.42 (100.0%)	2156.75 (100.0%)	1601.64 (100.0%)

टिप्पणियां : (i) कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े, जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

(ii) वर्ष के दौरान आधुनिकीकरण/नवीकरण, आदि के लिए दी गई सहायता में, पूर्ववर्ती वर्ष (वर्षों) में सहायता प्राप्त कुछ नई/विस्तार/विशाखन परियोजनाओं की लागतों में हुए अति-व्यय के भाग को पूरा करने के लिए कुछ संस्थाओं को मंजूर की गई सहायता भी शामिल है।

2.14 वर्ष के दौरान, सहायता प्राप्त 337 परियोजनाओं में से नई परियोजनाओं की संख्या 147 थी जिन्हें सहायता का 71.3% भाग प्राप्त हुआ। इनमें से 16 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये तक थी; 29 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये से अधिक और 5 करोड़ रुपये से कम थी; 71 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 10 करोड़ रुपये से कम थी; तथा 31 परियोजनाएं ऐसी थीं जिनकी प्रत्येक की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक थी। अतः स्पष्ट है कि वर्ष के दौरान वित्तपोषित नई परियोजनाओं में से 30.6% परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये तक थी और 69.4% परियोजनाएं ऐसी थीं जिनकी प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक थी।

2.15 प्रतिशत आधार पर, 5 करोड़ रुपये तक की पूंजी लागत वाली नई परियोजनाओं को सहायता का 10.9% भाग प्राप्त हुआ और शेष 89.1% भाग उन परियोजनाओं को प्राप्त हुआ, जिनकी प्रति परियोजना पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक थी।

2.16 नई परियोजनाओं के बाद आधुनिकीकरण और नवीनीकरण योजनाओं के अन्तर्गत 146 परियोजनाओं को वर्ष के दौरान मंजूर की गई सहायता का 18.7% भाग प्राप्त हुआ। इसमें, उदार ऋण योजना के अन्तर्गत 67 परियोजनाओं को 30.87 करोड़ रुपये की सहायता भी शामिल है। उक्त योजना पहली जनवरी, 1984 से काफी उदार कर दी गई है।

2.17 पिछले वर्ष की तुलना में 1983–84 में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता में नई परियोजनाओं की संख्या में 61% की वृद्धि हुई। इसी प्रकार, वर्ष के दौरान 'उदार ऋण योजना' के अन्तर्गत आधुनिकीकरण सहायता के भाग में भी पिछले वर्ष की तुलना में 157.9% की वृद्धि हुई।

वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण (क) सहकारी क्षेत्र

2.18 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने सहकारी क्षेत्र की 29 परियोजनाओं को 26.97 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। इनमें 17 चीनी सहकारिताओं को 14.66 करोड़ रुपये की सहायता, 11 वस्त्र सहका-

रिताओं को 10.75 करोड़ रुपये की सहायता तथा एक सुपारी और कोका तैयार करने वाली सहकारिता को 1.56 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई।

2.19 वर्ष के दौरान, सहकारी क्षेत्र की इकाइयों को 40.01 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया जिसमें से 23.94 करोड़ रुपये 43 चीनी सहकारिताओं तथा 16.07 करोड रुपये 37 वस्त्र सहकारिताओं को संवितरित किए गए।

2.20 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम 254 सहकारिताओं को 269.34 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर कर चुका है जिसका 84.4% भाग पहले ही संवितरित किया जा चुका है। सारणी 5 में, विभिन्न औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर तथा संवितरित की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा दिया गया है।

सारणी 5 : औद्योगिक सहकारिताओं को वित्तीय सहायता

(1948–1984) (करोड़ रुपये)

औद्योगिक सहकारिता की प्रकृति	सहकारिताओं की संख्या	मंजूर की गई सहायता रु०	संवितरित राशि रु०
1	2	3	4
चीनी	179	187.08	171.07
सूत कताई	68	59.1	49.67
पटसन	1	0.79	0.79
उर्वरक	3	18.00	3.00
कृत्रिम रेशे	1	2.50	2.50
वनस्पति तेल	1	0.22	0.22
कोका पाउडर	1	1.56	—
जोड़	254	269.34	227.25

30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा की गई कुल संचयी सहायता का 12.5% भाग सहकारी क्षेत्र को प्राप्त हुआ।

निगमित क्षेत्र

2.21 निम्नलिखित सारणी 6 में, निगमित क्षेत्र की औद्योगिक परियोजनाओं जिनमें निजी, संयुक्त तथा सरकारी क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं, को वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1984 तक संचयी रूप मंजूर में तथा संवितरित की गई सहायता का विश्लेषण दिया गया है।

सारणी 6 : निगमित-क्षेत्र को जूर औमर संवितरित की गई सहायता का विश्लेषण

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	1983-84 (जुलाई–जून) मंजूरियां		संवितरण	30 जून, 1984 तक संचयी मंजूरियां		संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	राशि रु०/	रु०/	परियोजनाओं की संख्या रु०/	राशि रु०/	रु०/
1	2	3	4	5	6	7
निजी	230	202.94	147.22	1276	1320.90	1004.22
संयुक्त	41	83.93	31.86	161	300.96	171.93
सरकारी	37	39.98	34.33	203	265.55	198.24
जोड़	308	326.65	213.41	1640	1887.41	1374.39

2.22 पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सहायता राशि में निजी क्षेत्र की संस्थाओं में 36.1% तथा संयुक्त क्षेत्र की स्थिति में 66.1% वृद्धि हुई। लेकिन, वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र की इकाइयों को दी गई सहायता का भाग पिछले वर्ष की गई मंजूरियों की तुलना में 12.3% कम हो गया। वर्ष के दौरान निजी, संयुक्त और सहकारी क्षेत्र की इकाइयों को कुल सहायता का क्रमशः 57.4%, 23.7% और 11.3%, भाग प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि निजी निगमित क्षेत्र में बड़े औद्योगिक गृहों अर्थात् एम०आर०टी०पी० अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत पंजीकृत, पारस्परिक रूप से सम्बद्ध औद्योगिक गृहों को प्राप्त सहायता में कमी हुई। यह पिछले वर्ष कुल मंजूर सहायता के 13.2% की तुलना में कम होकर 7.6% रह गई।

2.23 उल्लेखनीय है कि 1948 में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना के समय मुख्यतः निजी निगमित क्षेत्र और सहकारी क्षेत्र के उद्योगों को ही वित्तीय सहायता प्रदान करण का मुख्य दायित्व सौंपा गया था। 1970 से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा चयनात्मक आधार

पर सरकारी क्षेत्र की इकाइयों को भी निजी निगमित क्षेत्र की परियोजनाओं के समान ही वित्तपोषण किया जाने लगा तथा संयुक्त क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने की उस समय विकसित रूपरेखा के अनुरूप सहायता प्रदान की जाने लगी। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्यों में सरकारी और संयुक्त क्षेत्र के भाग को इसी परिप्रेक्ष्य में देखना होगा।

2.24 संचयी रूप से भी देखा जाए तो 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की कुल सहायता में 'निजी' क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग सर्वाधिक अर्थात् 61.2% रहा, संयुक्त तथा सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग क्रमश: 14.0% तथा 12.3% रहा। समग्र निगमित क्षेत्र को मंजूर की गई सहायता, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा 30 जून, 1984 तक दी गई कुल सहायता का 87.5% रही। मंजूर की गई कुल सहायता में से संचयी संवितरण 30 जून, 1984 तक 72.8% रहा।

सहायता का उद्योग-वार प्रसार

2.25 वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से सहायता का उद्योग-वार प्रसार सारणी 7 में दिया गया है।

सारणी 7 : सहायता का उद्योग-वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1983–84 (जुलाई–जून)			30 जून, 1984 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
मूल उद्योग (अर्थात् मूल धातु उद्योग, मूल औद्योगिक रसायन, उवरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	84	118.07	33.4	416	722.10	33.5
पूंजी माल उद्योग (अर्थात् मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपस्करण, परिवहन उपस्कर आदि)	52	64.62	18.2	275	254.98	11.8
मध्यवर्ती माल उद्योग (अर्थात् रसायन उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एव ट्यूब, आदि)	69	83.39	23.6	337	349.77	16.2
उपभोक्ता माल उद्योग (अर्थात् चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती, ऊनी, वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)/	125	84.10	23.8	819	788.22	36.6
सेवा उद्योग (अर्थात् होटल,आदि)	7	3.44	1.0	47	41.70	1.9
जोड़	337	353.62	100.0	1894	2156.75	100.0

2.26 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता का उल्लेखनीय भाग जिन उद्योगों को प्राप्त हुआ वे हैं : सीमेंट (16.1%) मूल रसायन और रसायन उत्पाद (10.7%), कृत्रिम रेशे और रेसिन (10.1%), वस्त्र (10,8%), परिवहन उपस्कर (9.4%), बिजली मशीनरी (6.5%), उर्वरक (5.8%) लोहा व इस्पात (4.2%), चीनी (5%), आदि।

2.27 संचयी रूप मे, वस्त्र तथा चीनी उद्योगों को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता का सर्वाधिक लाभ प्राप्त होता रहा जो कि निगम की कुल सहायता का 27.4% था। तत्पश्चात् सीमेंट (11.6%), मूल औद्योगिक रसायन और विविध रसायन उत्पाद (9.0%), कागज व कागज उत्पाद (6.9%), लोहा व इस्पात (6.1%) उर्वरक (5.1%), कृत्रिम फाइबर और रेसिन (5.1%) परिवहन उपस्कर (4.5%), मशीनरी (3.9%) बिजली मशीनरी व उपकरण (3.5%), रबड़ उत्पाद (2.7%), अलौह धातु (2.3%), अधातु खनिज उत्पाद (2.2%), शक्ति जनन (1.7%), आदि का स्थान रहा।

सहायता का राज्य-वार प्रसार

2.28 वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता का राज्य-वार प्रसार सारणी 8 में दिया गया है।

सारणी 8 : सहायता का राज्य/राज्य-क्षेत्र वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

राज्य/राज्य-क्षेत्र	1983–84 (जुलाई–जून)			30 जून, 1984 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०/	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०/	कुल का प्रतिशत
1 2	3	4	5	6	7	
आन्ध्र प्रदेश	39	61.92	17.5	167	214.04	9.9
असम	3	2.30	0.7	18	22.51	1.0
बिहार	11	4.12	1.2	57	60.07	2.8
गुजरात	40	48.86	13.8	185	239.73	11.1
हरियाणा	21	20.91	5.9	85	71.64	3.3
हिमाचल प्रदेश	3	2.53	0.7	18	20.99	1.0
जम्मू व काश्मीर	2	2.52	0.7	9	6.85	0.3
कर्नाटक	21	13.88	3.9	146	160.17	7.4
केरल	8	7.86	2.2	59	67.51	3.1
मध्य प्रदेश	10	20.93	5.9	62	84.36	3.9
महाराष्ट्र	40	33.30	9.4	341	329.57	15.3
मेघालय	—	—	—	2	2.74	0.1
नागालैंड	1	0.16	—	2	0.66	—
उड़ीसा	8	17.27	4.9	43	68.33	3.2
पंजाब	14	15.06	4.3	69	91.40	4.2
राजस्थान	20	16.89	4.8	81	124.11	5.8
सिक्किम	1	1.00	0.3	1	1.00	0.1
तमिलनाडु	34	23.27	6.6	158	188.26	8.7
त्रिपुरा	—	—	—	1	1.16	0.1
उत्तर प्रदेश	39	48.32	13.7	196	234.70	10.9
पश्चिम बंग	16	8.41	2.4	153	121.50	5.6
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	—	—	—	1	0.51	0.1
अरुणाचल प्रदेश	1	0.16	—	1	0.16	—
चण्डीगढ़	1	—	—	2	0.35	—
दिल्ली	1	0.65	0.2	19	25.56	1.2
गोआ	—	—	—	10	10.53	0.5
पांडिचेरी	3	3.30	0.9	8	8.34	0.4
जोड़	337	353.62	100.0	1894	2156.75	100.0

*आन्ध्र प्रदेश में ली है।

2.29 वर्ष के दौरान, राज्य-वार सहायता की प्रवृत्ति की विशेष बात यह रही कि सिक्किम तथा संघ राज्य क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश को पहली बार निगम की सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष, कम विकसित राज्य, जैसे आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू व कश्मीर, मंजूर की गई निगम की सहायता में अपने भाग की स्थिति सुधार सके। अन्य राज्यों में से गुजरात और हरियाणा भी, वर्ष के दौरान मंजूर की गई निगम की राज्य-वार सहायता में अपने भाग की स्थिति सुधारने में समर्थ रहे।

2.30 संचयी रूप से, महाराष्ट्र और गुजरात ने मिलकर, निगम की कुल सहायता का 26.4% भाग प्राप्त किया। इस क्रम में, इसके बाद उत्तर प्रदेश तथा तत्पश्चात् आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक, आदि का स्थान रहा।

कम विकसित क्षेत्रों की परियोजनाओं को सहायता

2.31 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा 1983–84 में मंजूर की गई सहायता की प्रमुख विशेषता यह रही कि अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित/स्थित की जाने वाली परियोजनाओं का भाग पिछले वर्ष के 57.6% से बढ़कर 68.6% हो गया।

2.32 कम विकसित जिलों/क्षेत्रों के वर्ग 'क' (उद्योग-रहित/विशेष क्षेत्र जिले) 'ख' और 'ग' के रूप में पुनः वर्गीकरण से भावीय औद्योगिक वित्त निगम ने विशेष प्रयास किए हैं कि इसकी सहायता यथासंभव अधिक 'उद्योग-रहित' जिलों/कम विकसित क्षेत्रों तक पहुंचे। वर्ष के दौरान श्रेणी 'क' (उद्योग-रहित/विशेष क्षेत्र जिले) की 23 परियोजनाओं को 26.97 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई जबकि पिछले वर्ष 15 परियोजनाओं को 16.67 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी। श्रेणी 'ख' और 'ग' जिलों की 102 और 62 परियोजनाओं को क्रमश 135.35 करोड़ रुपये तथा 80.10 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई जबकि पिछले वर्ष 94 और 40 परियोजनाओं को क्रमश: 89.46 करोड़ रुपये तथा 51.70 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी।

2.33 अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की वित्तपोषित परियोजनाओं में से 103 नई परियोजनाएं हैं जिनमें 77 परियोजनाओं में से प्रत्येक की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये और इससे कम है और 26 परियोजनाओं में से प्रत्येक की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से अधिक है।

2.34 श्रेणी 'क', 'ख' और 'ग' जिलों की वित्तपोषित परियोजनाओं के मुख्य उद्योग थे सूती वस्त्र (28) सीमेंट (21), रसायन व रसायन उत्पाद (20), लोहा व इस्पात (9), बिजली मशीनरी (12), कागज (12), उर्वरक (10), विविध अधातु खनिज उत्पाद (10), कृत्रिम रेशे (10), परिवहन उपस्कर (10), चीनी (9), आदि।

2.35 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में स्थित 837 परियोजनाओं को 1,082.64 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की थी। यह निगम की निवल संचयी मंजूरियों का 50.2 प्रतिशत है।

नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित परियोजनाएं

2.36 वर्ष के दौरान, वित्तपोषित 147 नई परियोजनाओं में से 20 परियोजनाएं नए और तकनीकज्ञ उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई जिन्हें 18.33 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। इनमें से दो परियोजनाएं प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवर्तित की गई थीं। इसके अतिरिक्त, नए/तकनीकज्ञ उद्यमी द्वारा स्थापित एक और परियोजना को, जिसे पहले वित्तपोषित किया गया था, पूरा करने के लिए 0.28 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध की गई।

2.37 भारतीय उद्योग की 36 वर्ष की सेवा के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, विस्तृत पृष्ठभूमि से प्रथम पीढ़ी के अनेक उद्यमियों को देश के औद्योगिक क्षेत्र में लाने में सफल रहा है। इन नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित 235 परियोजनाओं को केवल भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से ही 147.25 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई है।

ऊर्जा संरक्षण और/अथवा नवीकरणीय तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने वाली परियोजनाओं को प्रोत्साहन

2.38 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, वित्तपोषण के प्रस्तावों पर विचार करते समय ऊर्जा संरक्षण वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के उपयोग, व्यर्थ-माल के पुन: उपयोग और प्रदूषण नियन्त्रण से सम्बन्धित पहलुओं पर पर्याप्त ध्यान देता रहा। उदाहरणार्थ, कोयले से फूंके जाने वाले बायलरों के स्थान पर चावल की भूसी, एक कृषि छीजन को ईंधन के रूप में प्रयोग किए जाने वाले बायलरों पर जोर दिया गया। इसी प्रकार होटलों में सौर ऊर्जा से चलने वाले वाटर हीटरों तथा अतिथियों के उपयोग के लिए पानी गर्म करने की सौर ऊर्जा व्यवस्था, आदि पर जोर दिया गया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में स्थापित किए जाने के लिए वर्ष के दौरान जिन सल्फ्यूरिक एसिड और सिंगल सुपर-फास्फेट परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई, उनके सम्बन्ध में सुनिश्चित किया गया कि सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र को प्रदूषण मुक्त करने के लिए संयंत्रों द्वारा डी.डी.सी.ए. प्रक्रिया अपनाई गई हो, तथा उनमें उप-उत्पाद, अर्थात् सोडियम सिलिको फ्लोराइड प्राप्त करने की सुविधाएं भी हों। इसके अतिरिक्त, यह भी सुनिश्चित किया गया कि संयंत्र, सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्रों में अभिसंस्कार की गई गैसों में प्राप्त अतिरिक्त उष्णता को समुचित रूप से उपयोग करने में समर्थ हैं।

विदेशी सहयोग पर आधारित तथा विदेशों से टेक्नोलाजी अन्तरण करने वाली परियोजनाओं को सहायता

2.39 रसायन व रसायन उत्पाद समूह, उर्वरक, मशीन व हिस्से पुर्जे, बिजली व इलेक्ट्रानिक उपकरण, लोहा व लेइस्पात तथा परिवहन उपस्कर उद्योगों की 95 नई विस्तार और विशाखन परियोजनाओं में से जिन 38 परियोजनाओं को निगम द्वारा वर्ष के दौरान 117.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी, वे परिष्कृत तथा विदेशों से आयातित टेक्नोलाजी पर आधारित हैं। जिन देशों से टेक्नोलाजी प्राप्त की गई तथा उन परियोजनाओं की संख्या का विवरण इस प्रकार रहा जापान (8), संयुक्त राज्य अमरीका (6), जर्मन संघ गण राज्य (7) स्विटजरलैंड (4), स्वीडन (1), इटली, (3), फ्रांस (1), ब्रिटेन (3), हालैंड (1), जर्मन जनवादी गणतन्त्र (1), कनाडा (2), तथा नार्वे (1)।

2.40 एक ही देश अथवा विभिन्न देशों के अलग-अलग स्रोतों से प्राप्त हुई तकनीकी पर आधारित परियोजनाओं को अनुमोदित करने का भी प्रयास किया गया ताकि कुछ समय

पश्चात् समानान्तर तकनीकी से प्राप्त होने वाले विशेष लाभों और उपयोगों का अनुमान लगा सकना संभव हो सके। यह भी ध्यान रखा गया कि विदेशी सहयोग से देश में स्थापित की जा रही परियोजनाओं को सहयोग करार की अवधि में हुए तकनीकी संवर्द्धन का लाभ प्राप्त होता रहे।

निर्यात-उन्मुख परियोजनाओं को सहायता

2.41 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 100% निर्यात-उन्मुख तीन परियोजनाओं को 3.87 करोड़ रुपये की कुल सहायता प्रदान की। निर्यात-उन्मुख अन्य 3 परियोजनाओं को वर्ष के दौरान निगम से 4.91 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई।

नए आयामों में प्रवेश

2.42 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने सहायता प्रदान करने के आयाम को विस्तृत करने की दृष्टि से पहली बार कारोबार की नई दिशाओं में प्रवेश किया जो वास्तव में औद्योगिक वित्त के क्षेत्र में इसके नए आयामों में प्रवेश का सूचक है।

2.43 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 में, 1982 में किए गए संशोधन के बाद निगम ने पहली बार 1983-84 में निम्नलिखित से सम्बन्धित परियोजनाओं का वित्त पोषण किया :

(क) फर्मास्युटिकल उद्योग की लघु इकाई स्थापित करने के लिए तमिलनाडु में चिंगलपेट में एक 'औद्योगिक एस्टेट' का विकास, और

(ख) तीर्थयात्रियों को कटरा के पास त्रिकुटा पहाड़ियों से जम्मू व कश्मीर के जम्मू जिले में स्थित सुप्रसिद्ध वैष्णो देवी के मन्दिर तक ले जाने के प्रयोजन के लिए 'यात्री हवाई रज्जुमार्ग' का निर्माण।

2.44 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, एकरंगी और बहुरंगी छपाई सुविधाओं वाली एक आधुनिक आफ सेट-प्रिंटिंग प्रेस स्थापित करने के लिए पश्चिम बंगाल की एक परियोजना का भी पहली बार वित्त पोषण किया। इसी प्रकार, निगम द्वारा तमिलनाडु की एक प्रमुख समाचारपत्र संस्था को इसकी 20 वर्ष पुरानी लैटर प्रेस मशीनों को आधुनिक परिष्कृत वेब आफ-सेट प्रिंटिंग मशीनों से प्रतिस्थापित करने के लिए पहली बार जर्मन मार्क उप-ऋण में आधुनिकीकरण सहायता प्रदान की गई। इसी प्रकार, रायगढ़ (महाराष्ट्र) जिले में स्थापित की जाने वाली, 2500 बैटरी-संचालित औद्योगिक और बिजली वाहनों के सड़क माडल का निर्माण करने वाली परियोजना भी भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्त पोषित अपने प्रकार की पहली परियोजना थी।

मंजूर और संवितरित की गई सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

2.45 वर्षों के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्यों की महत्वपूर्ण विशेषता, इसकी उधार और निवेश नीतियों को देश की पंचवर्षीय योजनाओं के साथ एकीकरण रही। निगम प्रत्येक योजना की अवधि के दौरान देश में उद्योगीकरण की गति के अनुरूप चलने में समर्थ रहा है, जोकि सारणी 9 से स्पष्ट है।

सारणी 9 : योजनाबवार मंजूर और संवितरित की गई सहायता

(करोड़ रुपये)

30 जून को समाप्त वर्ष	मंजूर की गई वित्तीय सहायता				संवितरित की गई वित्तीय सहायता			
	ऋण रु०	हामीदारियां रु०	गारंटिया रु०	कुल रु०	ऋण रु०	हामीदारियां रु०	गारंटिया रु०	कुल रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
पहली योजना से पूर्व की अवधि :								
1949–51	8.13	—	—	8.13	5.79	—	—	5.79
पहली योजना :								
1952–56	27.03	—	—	27.03	10.94	—	—	10.94
दूसरी योजना :								
1957–61	52.19	3.57	16.30	72.06	40.62	1.31	15.11	57.04
तीसरी योजना :								
1962–66	121.41	17.22	29.48	168.11	98.23	14.00	26.80	139.03
वार्षिक योजनाएं								
1967	13.07	1.87	4.00	18.94	34.16	2.90	5.64	42.70
1968	14.90	1.49	0.88	17.27	26.78	1.06	2.62	30.46
1969	24.11	2.41	0.39	26.91	16.32	1.68	0.28	18.28
जोड़	52.08	5.77	5.27	63.12	57.26	5.64	8.54	91.44

चौथी योजना :								
1970	12.05	1.25	0.04	13.33	17.89	0.85	0.34	19.08
1971	28.18	2.15	0.42	30.75	18.90	0.87	0.20	19.97
1972	33.67	4.57	—	38.24	23.76	1.00	0.11	24.87
1973	40.82	2.01	0.60	43.43	33.34	2.30	0.61	36.25
1974	35.38	2.47	0.04	37.89	30.63	1.46	0.05	32.14
जोड़	150.10	12.44	1.10	163.64	124.52	6.48	1.31	132.31
पांचवीं योजना :								
1975	29.58	3.89	—	33.47	37.68	1.07	0.34	39.09
1976	45.14	3.11	—	48.25	43.59	2.40	—	45.99
1977	84.52	8.28	—	92.80	58.79	1.72	—	60.51
1978	99.35	5.49	0.28	105.12	59.29	5.10	—	64.39
जोड़	258.59	20.77	0.28	279.64	199.35	10.29	0.34	209.98
1979	140.05	9.66	—	149.71	68.92	3.15	0.20	72.27
1980	142.23	8.70	—	150.93	92.67	2.24	—	94.91
जोड़	282.28	18.36	—	300.64	161.59	5.39	0.20	167.18
छठी योजना :								
1981	180.57	17.15	0.70	198.42	125.79	2.14	—	127.93
1982	229.04	19.41	5.77	254.22	183.86	2.67	0.87	187.40
1983	243.39	19.16	5.57	268.12	210.81	7.03	1.34	219.81
1984	307.40	38.77	7.45	353.62	246.20	5.30	1.92	253.42
जोड़	960.40	94.49	19.49	1074.38	766.66	17.14	4.13	787.93
कुल जोड़	1912.21	172.62	71.92	2156.75	1484.96	60.25	56.43	1601.64

2.46 छठी योजना (1980-85) के प्रथम चार वर्षों के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की कुल मंजूरियां तथा संवितरण, निगम द्वारा पांचवीं योजना की समग्र अवधि के दौरान, की गई कुल मंजूरियां तथा संवितरणों से क्रमशः 284.2% तथा 275.2% अधिक है।

संपरिवर्तनीयता विकल्प का निर्धारण, प्रयोग और छूट

2.47 वर्ष के दौरान की गई मंजूरियों के सम्बन्ध में केवल 141 मामलों में संपरिवर्तनीयता खण्ड निर्धारित किया गया। वर्ष के दौरान तीन मामलों में संपरिवर्तनीयता अधिकार का प्रयोग किया गया और 35 मामलों में छूट दी गई। संचयी रूप से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम 929 मामलों में 'संपरिवर्तनीयता' खण्ड निर्धारित कर चुका है, 93 मामलों में संपरिवर्तनीयता विकल्प का प्रयोग किया जा चुका है और सभी सम्बद्ध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए 285 मामालों में इससे छूट दी जा चुकी है। पहली मार्च, 1984 से संपरिवर्तनीयता खण्ड की प्रारम्भिक सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने से इस सम्बन्ध में वित्तीय संस्थानों द्वारा कार्यविधि निर्धारित किये जाने के बाद मामले-वार समीक्षा किये जाने का प्रस्ताव है।

नामांकन

2.48 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 42 वित्तपोषित संस्थाओं के निदेशक बोर्डों के नामित (विभागीय और गैर-विभागीय) नियुक्त किये। 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 537 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में 294 नामितों को नियुक्त किया जिनमें से 168 गैर-विभागीय थे।

उधार दरें

2.49 यद्यपि मूल उधार दर में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ, परन्तु ब्याज आदि लगाने के तरीकों के सम्बन्ध में कुछ सुधार किए गए। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम में 30 जून, 1984 को वर्ष की समाप्ति के समय लागू ब्याज दरों का पूरा विवरण परिशिष्ट II में देखा जा सकता है।

जन हित में की गई मंजूरियां

2.50 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 26(2) की व्यवस्थाओं के अधीन कारोबार को नियमित करने के उद्देश्य से निदेशक बोर्ड द्वारा बनाए गए तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अनुमोदित किए गए, भारतीय

औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की व्यवस्थाओं के अनुरूप उन संस्थाओं की सूची रिपोर्ट के परिशिष्ट III में दी गई है जिनमें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक, हितबद्ध थे और जिन्हें 1983-84 में निदेशक बोर्ड द्वारा 'जन-हित' में वित्तीय सहायता मंजूर की गई।

(ख) प्रवर्तन कार्य

—नई दिशाएं

2.51 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्रवर्तन कार्यों का महत्व, देश के उद्योगीकरण की प्रक्रिया की गति बढ़ाने, तथा संस्थानात्मक अवस्थापना सुविधाओं/सहायता में कमी को दूर करने के लिए 'प्रोत्साहन उपायों' पर रहा।

2.52 निगम ने अपने द्वारा किए गए विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर वर्ष के दौरान 180.28 लाख रुपये व्यय किए जब कि 1982-83 में यह राशि 71.25 लाख रुपये थी। इस प्रकार, इस वर्ष प्रवर्तन कार्यों पर व्यय की गई राशि पिछले वर्ष से 153.0% अधिक रही।

2.53 वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर किए गए व्यय का ब्यौरा सारणी 10 में दिया गया है।

सारणी 10 : प्रवर्तन कार्यों पर किया गया व्यय

(लाख रुपये)

कार्यों की प्रकृति	1983-84 (जुलाई-जून) राशि रु०	30 जून, 1984 तक संचयी राशि रु०
(1)	(2)	(3)
औद्योगिक सम्भावना सर्वेक्षण	2.11	3.05
प्रवर्तन (उप-सहायता) योजनाएं	40.45	102.82
विशेष अनुसंधान अध्ययन, व्यावहारिता रिपोर्ट और अन्य दत्तकार्य	0.62	9.78
तकनीकी सलाहकारी संगठनों को इक्विटी तथा अन्य सहायता	3.38	43.17
जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान को स्रोत-सहायता	80.72	410.86
विकास बैंकिंग केन्द्र सहित प्रबन्ध विकास संस्थान को स्रोत-सहायता	21.80	437.13
भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान की निधि में सहायता	28.00	28.00
उद्यमी विकास कार्यक्रमों को सहायता	1.56	2.04
ग्रामीण विकास के अंतर्राष्ट्रीय अनावरण को सहायता	1.00	1.00
भा० औ० वि० नि० चेयरों को सहयता	0.74	20.04
अनुस्थापन कार्यक्रमों तथा राज्य-स्तरीय संस्थानों को सहायता	—	4.25
अन्य	—	59.36*
जोड़	180.28	1121.50

*परियोजनाओं के प्रत्यक्ष वित्तपोषण के लिए प्रयुक्त :

'उद्योग-रहित जिलों' की औद्योगिक क्षमता के सर्वेक्षण

2.54 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के 'उद्योग-रहित जिलों' में विकासात्मक कार्यों के अनुवर्तन का दायित्व लिए जाने का पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था। कांगड़ा जिले के सम्बन्ध में सर्वेक्षण कार्य हिमाचल सलाहकारी संगठन लि० (हिमकान) को सौंपा गया, जैसलमेर जिले का राजस्थान सलाहकारी संगठन लि० (राजकान) को, धार, गुना, झाबुआ और सीधी जिलों का मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि० (एमपीकान) को तथा मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, पन्ना और नरसिंहपुर जिलों का आन्ध्र प्रदेश औद्योगिक व तकनीकी सलाकारी संगठन लि० (एपीटको) को सौंपा गया। वर्ष के दौरान, संगठनों से उनकी प्रारूप रिपोर्टें प्राप्त हुई तथा उन परविभिन्न राज्यों में गठित की गई (विशेष मार्गदर्शन एवं अनुवर्तन समितियों' द्वारा विचार किया जा रहा है। इन समितियों की अध्यक्षता राज्य के सचिव/विकास आयुक्त (उद्योग) द्वारा की जाती है तथा इसमें राज्य-स्तरीय संगठनों, जिला उद्योग केन्द्रों, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, आदि के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। निरूपित परियोजनाओं की 'प्रथम दृष्टि में' तकनीकी व्यावहार्यता और बाजार उपलब्धता की दृष्टि से जांच करने के उद्देश्य से एक 'अन्तर संस्थापनात्मक जांच समिति' भी बनाई गई है ताकि इन क्षेत्रों में चुनी हुई परियोजनाओं की स्थापना के सम्बन्ध में आगे कार्यवाही करने के लिये राज्य-स्तरीय प्रवर्तनात्मक संस्थानों को सलाह दी जा सके। उक्त समिति में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम के प्रतिनिधि शामिल हैं।

2.55 सभी 'उद्योग-रहित जिलों' को क्रमबद्ध ढंग से 'उद्योग-रहित जिलों' के लिये संस्थानात्मक गहन विकासात्मक प्रयास कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाने की योजना है जिसका भार भारतीय

औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम द्वारा उठाया जा रहा है। उन अतिरिक्त जिलों का पता लगाने के लिये समय-समय पर सम्बन्धित राज्य सरकारों से परामर्श किया जा रहा है जिन्हें उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जा सके।

प्रवर्तन योजनाएं

2.56 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में निम्नलिखित छः प्रवर्तन योजनाओं का उल्लेख किया गया था जो भा० औ० वि० नि० ने अपनी ओर से शुरू की थीं और जो प्रत्येक के सामने दी गई तारीखों से चालू थीं :

—देशी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिये उप-सहायता योजना (30-11-1977)।

—बाजार अध्ययन लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप-सहायता योजना (30-11-1977)

—व्यावहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए लघु उद्यमियों को उप-सहायता योजना (1-7-1978)

—सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिये उप-सहायता योजना (1-9-1978)

—अति लघु तथा लघु स्तर के क्षेत्र में रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए उप-सहायता योजना (28-6-1982)

—बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-नियोजन के लिए सहायता योजना (28-6-1982)

2.57 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा की गई समीक्षा के परिणामस्वरूप 'व्यावहार्यता अध्ययनों, आदि की लागत को पूरा करने के लिए लघु उद्यमियों को उप-सहायता योजना' के अन्तर्गत उप-सहायता की सीमा 5,000 रुपये से बढ़ाकर 7,500 रुपये और शारीरिक रूप से विकलांग उद्यमियों तथा अनुसूचित जातियों/जनजातियों के उद्यमियों के मामले में 6,000 रुपये से बढ़ाकर 8,500 रुपये की गई; लेकिन योजना की अन्य बातों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन को वार्षिक उप-सहायता की समग्र सीमा को, योजना के अन्तर्गत 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दिया गया।

2.58 बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-रोजगार के लिये सहायता के अन्तर्गत, माता-पिता की संयुक्त वार्षिक आय की 10,000/- रुपये की सीमा को पात्रता मापदण्ड से हटा दिया गया ताकि अधिक से अधिक व्यक्ति योजना के अन्तर्गत लाए जा सकें।

2.59 वर्ष के अन्त में, 'देशी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिये उप-सहायता योजना' के सम्बन्ध में और समीक्षा की गई तथा 'इन-हाऊस' अनुसंधान व विकास प्रयासों के माध्यम से टेक्नोलाजी विकास के लिये 'सहायता योजना' नामक एक नई योजना पहली जुलाई, 1984 से आरम्भ की गई। इस समय प्रचलित दोनों योजनाओं की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं।

(क) देशी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिए उप-सहायता योजना

—योजना के अन्तर्गत सभी परियोजनाएं, चाहे वे अति लघु, लघु अथवा मध्यम स्तर के क्षेत्रों में हों (5 करोड़ रुपये की पूंजी लागत तक) और जो या तो राज्य वित्तीय निगमों (राज्य वित्तीय गिनम अधिनियम, 1951 द्वारा स्थापित) अथवा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम या भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि० की वित्तीय सहायता से स्थापित की गई हैं, मामले-वार आधार पर निर्धार्य, एक बार दी जाने वाली उप-सहायता के रूप में सहायता की हकदार हैं।

—अति लघु और लघु क्षेत्र की इकाइयों के मामले में उप-सहायता, देशी तकनीक ग्रहण करने की लागत के 80% तक सीमित है, लेकिन 20,000 रुपये या परियोजना लागत के 10%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी। 5 करोड़ रुपये तक की कुल परियोजना लागत वाली मध्यम स्तर की इकाइयों के मामले में उप-सहायता, देशी तकनीक ग्रहण करने की लागत के 80% तक सीमित है, लेकिन यह राशि 5 लाख रुपये या परियोजना लागत के 10%, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी।

—योजना का पात्र बनने के लिये परियोजना राष्ट्रीय प्राथमिकता प्राप्त होनी चाहिए तथा देशी तकनीक (किसी भी प्रक्रिया सहित) अथवा किसी अन्य जानकारी पर आधारित होनी चाहिए, जो सरकारी प्रयोगशालाओं, सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों, विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय, अनुसंधान विकास निगमों अथवा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य संस्थान में विकिसित हुई हो, अथवा उसके द्वारा उसका आविष्कार किया गया हो।

—परियोजना द्वारा अपनाए जाने के लिए प्रस्तावित देशी तकनीक ऐसी होनी चाहिए, जिसका देश मे वाणिज्यक स्तर पर पहले उपयोग न किया गया तथा यह प्रस्तावित उत्पाद के निर्माण के लिये आधारभूत होनी चाहिए, केवल उसकी अनुकृति मात्र नहीं।

—अति लघु और लघु क्षेत्र की परियोजनाओं के सम्बन्ध में योजना राज्य वित्तीय निगमों के माध्यम से तथा अन्य परियोजनाओं के सम्बन्ध में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा सीधे चलाई जा रही है।

(ख) इन-हाऊस अनुसंधान व विकास प्रयासों के माध्यम से टेक्नालोजी विकास के लिए सहायता योजना

—यह देश में अपने प्रकार की पहली योजना है जिसका उद्देश्य, निगमित और सहकारी क्षेत्रों की संस्थाओं (एम०आर०टी० पी०/एफ० ई० आर० ए० कम्पनियों को छोड़कर) द्वारा किए गए इन-हाऊस अनुसंधान व विकास प्रयासों के माध्यम से देशी रूप से टेक्नोलाजी विकास में सहायता करना है।

—योजना के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, 10% ब्याज दर पर उदार शर्तों पर प्रत्यक्ष रूप से ऋण सहायता

प्रदान करता है। ऋण की राशि प्रयोगशाला से वाणिज्यिक स्तर तक टेक्नोलाजी के विकास/अपनाने के लिए किए गए इन-हाऊस अनुसंधान व विकास प्रयासों की लागत के 50% अथवा 25 लाख रुपये, जो भी कम हो, तक सीमित होगी।

—भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा उदार शर्तों पर उपलब्ध ऋण सहायता की पुनर्अदायगी, विकसित टेक्नोलाजी को वाणिज्यिक स्तर पर सफलतापूर्वक अपनाने और काम में लाने के बाद अथवा प्रथम संवितरण की तारीख से तीन वर्ष के बाद, जो भी पहले हो, आरम्भ होगी।

—इन-हाऊस अनुसंधान व विकास प्रयासों के माध्यम से विकसित टेक्नालोजी के सफल होने की स्थिति में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, इसके द्वारा उपलब्ध की गई उदार ऋण सहायता के आधार पर पेटेन्ट अधिकारों में, यदि कोई हों, भी हिस्सेदार होगा तथा डिजाइन और टेक्नालोजी को लाभ-भोगी इकाई द्वारा इसको मिल्कियत के रूप में मानने की अनुमती नहीं दी जाएगी।

—योजना के अन्तर्गत सहायता का पात्र बनने के लिये आवेदक संस्था भारत सरकार, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग में पंजीकृत होनी चाहिए तथा इन-हाऊस अनुसंधान व विकास प्रयासों के माध्यम से ऐसी टेक्नोलाजी के विकास में सक्रिय रूप से कार्यरत होनी चाहिए जो उत्पाद विशेष के निर्माण के लिए आधारभूत हो तथा देश में पहले उपलब्ध न हो। यह भी आवश्यक है कि इस प्रकार विकसित टेक्नोलाजी बाहर उपलब्ध अन्य तुलनीय टेक्नोलाजियों के साथ लागत, गुण उत्पादन, तकनीकी प्रक्रिया, आदि क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा कर सके।

—योजना के अन्तर्गत सहायता का पात्र बनने के लिए, प्रयोगशाला से वाणिज्यिक स्तर तक टेक्नोलाजी विकास के लिए अनुसंधान व विकास प्रयासों की कुल लागत 5 लाख रुपये से अधिक तथा 50 लाख रुपये तक होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संस्था या तो राज्य वित्तीय निगम अथवा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम की वित्त-पोषित इकाई होनी चाहिए।

2.60 सिवाय 'देशी तकनीक के ग्रहण' को प्रोत्साहित करने के लिए उप-सहायता योजना तथा 'इन-हाऊस अनुसंधान व विकास प्रयासों के माध्यम से टेक्नोलाजी विकास के लिए सहायता योजना' के अतिरिक्त अन्य सभी योजनाएं, समग्र देश में राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थानों और बैंकों के सहयोग से अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित तकनीकी सलाहकारी संगठनों की एजेंसी के माध्यम से चलाई जा रही है। प्रवर्तन योजनाओं के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा तकनीकी सलाकारी संगठनों के माध्यम से 1983-84 में तथा 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से, संवितरित की गई निम्नलिखित सारणी 11 में दी गई है।

(लाख रुपये)

सारणी 11 ; प्रवर्तन योजनाओं के अन्तर्गत संवितरित की गई उप-सहायता

प्रवर्तन योजनायें	1983-84 (जुलाई—जून)		30 जून, 1984 तक संचयी	
	परियोजनाओं की संख्या	संवितरित की गई राशि रु०	परियोजनाओं की संख्या	संवितरित की गई राशि रु०
लघु उद्यमियों को उप—सहायता योजना	611	20.52	2077	67.63
सहायक और लघु उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप—सहायता योजना	12	2.00	90	9.67
बाजार अध्ययन लागत पूरी करने के लिए नए उद्यमियों की उप—सहायता योजना	5	0.72	5	0.72
अति लघु और लघु उद्योगों की रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए उप सहायता योजना	9	0.43	9	0.43
जोड़	637	23.67	2181	78.45

उपर्युक्त के अतिरिक्त, देशी तकनीक के ग्रहण को प्रोत्साहित करने के उप-सहायता योजना के अन्तर्गत, राजस्थान की एक 'ग्लायक्सल-इकाई को वर्ष के दौरान, 16.94 लाख रुपये संवितरित किए जा चुके हैं, और गुजरात की एक इथेलीन-डायमाइन्स इकाई को इस योजना के अन्तर्गत 18.58 लाख रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। संचयी रूप से, योजना के आरम्भ से लेकर 30 जून, 1984 तक 24.37 लाख रुपये की उप-सहायता संवितरित की जा चुकी है।

विशेष दत्तकार्यों के लिये वित्त व्यवस्था

2.61 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सलाहकारी संगठनों और अपने-अपने क्षेत्रों में उद्योग के प्रवर्तन से संबंधित विभिन्न अन्य राष्ट्रीय तथा राज्य-स्तरीय विकास एजेंसियों द्वारा प्रायोजित और/अथवा किए गए व्यावहार्यता अध्ययनों, परियोजना रिपोर्टों, बाजार सर्वेक्षणों, तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षणों, परियोजना रूपरेखा, औद्योगिक सम्भावना, सर्वेक्षणों, अनुसंधान अध्ययनों आदि से सम्बन्धित, विशेष दत्तकार्यों जहां इन्हें निगम की वर्तमान प्रवर्तन योजनाओं के अधीन उप-सहायता नहीं दी जा सकती, की परामर्श लागत में मामलेवार अनुसार, समय-समय पर भागीदारी करता रहा है।

2.62 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, 'उद्योगों के लिए जन-शक्ति नियोजन तथा स्थानीय लोगों के उद्योगों में योगदान के लिए उपाय', विषय पर एक अनुसंधान अध्ययन की लागत के हिस्से को वहन करने की स्वीकृति प्रदान की। गुजरात औद्योगिक व तकनीकी सलाहकारी संगठन लि०

द्वारा किए गए उक्त अध्ययन में विकासशील क्षेत्रों विशेष रूप से गुजरात के भड़ौच, पंचमहल और सुरेन्द्रनगर जिलों में जहां लघु क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयां, 1940 से भी अधिक हैं, जनशक्ति आवश्यकताओं तथा उद्योगों की समस्याओं में गहन सर्वेक्षण करके विचार किया जाना है। इस अध्ययन से, राज्य के चुने हुए विकासशील क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के स्तर तथा स्वरूप को आगे बढ़ाये जाने की सम्भावना है और साथ ही उन मिले-जुले उद्योगों का अनुमान लगाया जाना है जो विकसित किए जा सकते हैं। अध्ययन के परिणामस्वरूप औद्योगिक जनशक्ति योजनायें, जोकि पूर्वोल्लिखित गुजरात के तीन जिलों के लिए तैयार की जानी है, दक्षता की आवश्यकताओं को पूरा करने के अतिरिक्त उद्योग की आवश्यकताओं को भी पूरा करने के लिए प्रभावशाली उपाय का सुझाव देंगी और इसके अतिरिक्त जहां तक इनका सम्बन्ध प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने से है, ये औद्योगिक रोजगार में स्थानीय लोगों को भी सम्मिलित करने के उपाय सुझायेंगी ।

तकनीकी सलाहकारी सहायता

2.63 अति लघु क्षेत्र में भी सर्वाधिक अति लघु और लघु स्तर में सर्वाधिक लघु तथा मध्यम स्तर के उद्यमियों को भी कम लागत पर उच्च कोटि की सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (राज्य स्तरीय संगठनों और बैंकों के साथ संयुक्त रूप से) सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने तकनीकी सलाहकारी संगठनों की स्थापना की है। अब तक 15 तकनीकी सलाहकारी संगठन (कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित किए गए एक संगठन सहित) कार्य कर रहे हैं और देश के उत्तरी भाग के कुछ राज्यों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'उत्तर भारत तकनीकी सलाहकारी संगठन लि०' (निटकान) नामक 16वां तकनीकी सलाहकारी संगठन, 28 मार्च, 1984 को संस्थापित किया गया जिसमें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अग्रणी है।

2.64 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रायोजित किए गए सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति और विकास में भाग लिया है, लेकिन क्रमश: 1977, 1978 और 1979 में स्थापित किए गए हिमाचल सलाहकारी संगठन लि० (हिमकॉन), राजस्थान सलाहकारी संगठन लि० (राजकॉन) और मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि० (एमपीकॉन) के सम्बन्ध में इसका अग्रणी दायित्व है।

सारणी 12; भा.औ.वि. नि. द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

विवरण	हिमकान		राजकान		एम पीकान	
	1983 तक संचयी	31.12.83	1983 तकसंचयी	31.12.83	1983 तकसंचयी	31.12.83
1. पूरे किए गए वचकार्यों (निवेश सम्बन्धी) की संख्या	103	488	65	288	236	586
2. उपर्युक्त 1 के सम्बन्ध में अपेक्षित अनुमानित निवेश (करोड़ रुपये	16.11	119.07	10.81	50.07	148.17	323.41
3. उपर्युक्त 1 के सम्बन्ध में रोजगार सम्भावना (व्यक्तियों की संख्या)	2567	22696	1251	8726	5358	12572
4. पूरे किए गए अन्य वचकार्य	18	82	49	89	13	509
5. आयोजित किए गए उद्यमीय विकास कार्यक्रमों की संख्या	2	4	2	7	13	28
6. प्रशिक्षित किए गए उद्यमियों की संख्या	30	64	50	170	336	668

2.65 हिमकॉन, राजकॉन और एमपीकॉन द्वारा 31 दिसम्बर, 1983 को समाप्त उनके लेखांकन वर्ष तथा दिसम्बर 1983 को संचयी रूप से की गई प्रगति का सार सारणी 12 में दिया गया है।

2.66 1983 में हिमकॉन के कार्य-परिणामों में 1.87 लाख रुपये का घाटा हुआ क्योंकि परामर्श-आय 1982 में 8.50 लाख रुपये थी जो 1983 में कम होकर, 6.49 लाख रुपये रह गई। 31 दिसम्बर, 1983 को समाप्त वर्ष के लिए राजकॉन और एमपीकॉन के कार्य-परिणामों में क्रमश: 0.08 लाख रुपये और 0.16 लाख रुपये का आधिक्य रहा।

2.67 समग्र रूप से सभी पन्द्रह तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने 30 जून, 1984 तक व्यावहार्यता अध्ययनों, परियोजना रिपोर्टों, परियोजना रूपरेखाओं, औद्योगिक सम्भावना सर्वेक्षणों, पुनर्स्थापन, अध्ययनों, मूल्यांकन और अन्य वचकार्यों आदि से सम्बन्धित 13,263 वचकार्य किए जो लघु और लघु मध्यम औद्योगिक परियोजनाओं को परामर्श के क्षेत्र में उनके पड़ रहे प्रभाव का प्रमाण है।

2.68 उद्यमीय विकास के क्षेत्र में, अधिकांश राज्यों में तकनीकी सलाहकारी संगठन, उद्यमीय विकास कार्यक्रमों के लिए केन्द्र एजेंसियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। कुल मिलाकर 30 जून, 1984 तक तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने 6,647 उद्यमियों को प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षित उद्यमियों को उनकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान की।

2.69 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों के संगठनात्मक ढांचे और दीर्घकालीन, नीतियों से सम्बन्धित मामलों पर विचार करने की दृष्टि से उनके प्रबन्ध निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित किए जाने के अतिरिक्त, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने भी अपने अग्रणी दायित्व में आने वाले तकनीकी सलाहकारी संगठनों के अध्यक्षों और प्रबन्ध निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित

किया। सम्मेलन में विचार-विमर्श का मुख्य क्षेत्र तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा, उनके राज्यों की सम्बन्धित योजनाओं सातवीं योजना के लिए किए जा रहे कार्यों, आदि का अध्ययन करने के पश्चात, अगले पांच वर्षों के लिए निगमित योजनाएं तैयार करना था ताकि वे सफलतापूर्वक अपने-अपने राज्यों में औद्योगिक विकास की दीर्घकालीन प्रक्रिया के अनुकूल बन सकें तथा टेक्नोलॉजी को लघु उद्यमियों तक पहुंचाने में सहायक बन सकें। उनके द्वारा तैयार की गई रिपोर्टों अध्ययनों के कार्यान्वियन पर भी जोर दिया गया तथा राज्य के उन विकास-कार्यक्रमों, जो उनके कार्यक्षेत्रों के अन्तर्गत आते है, के अनुसार उद्यमियों की स्थापना तथा उनकी कारोबार योजनाओं के एकीकरण पर भी जोर दिया गया ।

बीज/जोखिम पूंजी के लिए सहायता

2.70 यह विदित ही है, कि मध्यम और बड़े पैमाने के औद्योगिक उद्यम स्थापित करने के इच्छुक व्यावसायिकों को साधारण पूंजी में सहायता प्रदान करने के लिये उपयुक्त संस्थानात्मक तन्त्र की आवश्यकता को समझ कर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 1975 में नई दिल्ली मे जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान (आर० सी०एफ०), प्रायोजित करके संस्थानात्मक व स्थापना सुविधाओं की उपलब्धता में एक महत्वपूर्ण कमी को पूरा किया है।

2.71 जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान नई परियोजनाएं स्थापित करने के लिए प्रवर्तक अंशदान के 50% तक भाग को पूरा करने के लिए उद्यमियों को (प्रवासी-भारतीयों सहित) 15 लाख रु० से 30 लाख रु० तक (प्रवर्तकों की संख्या के आधार पर) ब्याज रहित व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध करता है। 1983 (जनवरी-दिसम्बर) में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने 15 प्रवर्तकों को उनकी 8 परियोजनाओं के लिए 93.24 लाख रुपये की जोखिम पूंजी सहायता प्रदान की। तदुपरान्त 30 जून, 1984 को समाप्त छमाही के दौरान, जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान ने 20 उद्यमियों को उनके द्वारा प्रवर्तित 11 परियोजनाओं के सम्बन्ध में 149.00 लाख रुपये की जोखिम पूंजी सहायता प्रदान की। 30 जून, 1984 को समाप्त छमाही के दौरान में अत्यधिक सहायता वृद्धि का कारण था जोखिम पूंजी सहायता योजना को उदार बनाया जाना, तथा उसके लिए क्षेत्र-विस्तार और पात्रता मापदण्ड को विस्तृत बनाया जाना, जिसका, पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था।

2.72 30 जून, 1984 तक संचयी रूप से जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान द्वारा इसके 8 वर्ष के कार्यों के दौरान, 111 प्रवर्तकों को उनकी 67 परियोजनाओं के लिये कुल 602.58 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई थी। इसमें से, प्रतिष्ठान द्वारा 30 जून, 1984 तक 384.88 लाख रुपये की राशि संवितरित की जा चुकी थी।

2.73 इस समय जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के स्रोत पूर्णतः भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा पूरे किए जा रहे हैं।

प्रबन्ध के व्यवसायीकरण और प्रबन्धकीय कुशलता बढ़ाने के लिए सहायता

2.74 दिन-प्रतिदिन की प्रबन्ध व्यवस्था के स्तर में विकास और सुधार लाने के लिए और प्रबन्ध व्यवसायीकरण को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, जैसा कि विदित है 1973 में दिल्ली के निकट, प्रबन्ध विकास संस्थान का प्रायोजन किया था।

2.75 तत्पश्चात विकास बैंकों, औद्योगिक विकास एजेंसियों, तकनीकी सलाहकारी संगठनों, आदि के व्यावसायिकों तथा कार्यपालकों के प्रशिक्षण की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, प्रबन्ध विकास संस्थान के एक पक्ष के रूप में 1977 में विकास बैंकिंग केन्द्र की स्थापना की गई।

2.76 प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों का प्रशिक्षण देता है ताकि विशेष प्रशिक्षण अनुसंधान और सलाहकारी सेवाओं के लिए उद्योगों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। वर्ष 1983 (जनवरी-दिसम्बर) के दौरान प्रबन्ध विकास संस्थान ने 2,052 भागीदारों के लाभ के लिए 101 प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जिनमें 36 भागीदार अन्य विकासशील देशों से थे ।

2.77 प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) में अगले छः महीने के दौरान 42 कार्यक्रम आयोजित किए जिनसे 844 भागीदार लाभान्वित हुए जिनमें 66 अन्य विकासशील देशों से थे ।

2.78 संचयी रूप से देखा जाए तो प्रबन्ध विकास संस्थान को, (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित), जिसने अपने कार्यों का एक दशक पूरा कर लिया है, 30 जून, 1984 तक 546 कार्यक्रम आयोजित करने में सफलता प्राप्त हुई जिससे 14,027 भागीदार लाभान्वित हुए जिनमें से बाहरी देशों के 479 भागीदार थे।

2.79 प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र सहित) ने इसी अवधि के दौरान अनुसंधान और परामर्श के क्षेत्र में, देश के विभिन्न भागों में 38 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कीं।

2.80 प्रबन्ध विकास संस्थान (विकास बैंकिंग केन्द्र) को, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, एशिया और प्रशान्त में विकास वित्तीय संस्थानों की एसोसिएशन, आर्थिक विकास संस्थान, संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन, एशियाई उत्पादकता परिषद, अन्तर्राष्ट्रीय, विकास के लिए जर्मन प्रतिष्ठान आदि के सहयोग से अनेक कार्यक्रम आयोजित करने में प्रतिष्ठा प्राप्त की।

उद्यमीय विकास के लिए सहायता

2.81 उद्यमीय विकास के क्षेत्र में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का योगदान (क) उद्यमीय विकास कार्यक्रम आयोजित करने वाली एजेंसियों को वित्तीय सहायता (ख) राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान की स्थापना में सहायता, और (ग) भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय विज्ञान तथा औद्योगिक उद्यमीय विकास बोर्ड के विज्ञान

तथा औद्योगिक उद्यमीय विकास कार्यक्रम की लागत में अपना योगदान रहा है ।

2.82 राष्ट्रीय विज्ञान और औद्योगिकी उद्यमीय विकास बोर्ड ने उद्यमीय प्रशिक्षण और विकास और अमेरिका तथा यू० के० में 'विज्ञान पार्कों की रूप रेखा पर आधारित 'विज्ञान व प्रौद्योगिकी उद्यमीय पार्कों का स्थापना करने के सम्बंध में कार्यक्रम तैयार किए हैं। विज्ञान व प्रौद्योगिकी उद्यमीय पार्क का उद्देश्य अनुभवहीन उद्यमियों के लिए उपयुक्त स्थितियों की स्थापना करना है ताकि वे अपने विचारों को प्रारम्भिक स्तर पर औद्योगिक परियोजना का रूप दे सकें । विज्ञान व प्रौद्योगिकी उद्यमीय पार्कों को एक प्रकार से नर्सरी औद्योगिक एस्टेट समझा जा सकता है जिनसे विज्ञान व टेकनोलाजी की जानकारी रखने वाले भावी उद्यमियों को इसके दायरे में आने तथा दो से तीन वर्ष तक की अवधि में उन्हें साहसी उद्यमी बनाए जाने की सम्भावना है । अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने सिद्धान्त रूप में चुनिंदा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों में उक्त पार्क स्थापित करने के लिए 'बैंक ग्राह्य' प्रस्तावों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की सहमति व्यक्त की है ।

2.83 भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान ने जुलाई 1983 में अपना कार्य प्रारम्भ किया था और इस वर्ष की अवधि के दौरान इसने छः सामान्य उद्यमीय विकास कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें से दो त्रिवेन्द्रम (केरल) में एफ पोर्ट ब्लेयर (अंडमान व निकोबार द्वीप समूह) में एक पणजी (गोआ) में और दो चण्डीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र में थे। चण्डीगढ़ का उद्यमीय विकास कार्यक्रम तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका प्रमुख लक्ष्य पालिटेक्नीक डिप्लोमाधारियों को उद्यमियों के रूप में विकसित करना तथा पालिटेक्नीकों ने उद्यमीय विकास कार्यक्रम आरम्भ करना है ।

2.84 भारतीय उद्यमीय विकास संस्थान ने, उद्यमीय विकास के क्षेत्र में स्रोतों और विशेषज्ञों का दल तैयार करने के राष्ट्रीय केन्द्र बिन्दु के रूप में, वर्ष के दौरान एक राष्ट्रीय प्रलेखन कार्यक्रम आयोजित किया जिसका प्रमुख ध्यान विभिन्न तकनीकी सलाहकारी संगठनों, भारतीय स्टेट बैंक, लघु उद्योग सेवा संस्थान तथा अन्य स्वैच्छिक संगठनों, आदि द्वारा आयोजित किए गए उद्यमीय विकास कार्यक्रमों पर था । विभिन्न अनुसंधान शर्तों और संगठनों के शामिल कर के तथा अनुसंधान गतिविधियों के लिए, यन्त्रों, कार्यविधी और योजनाओं को अन्तिम रूप देने के बाद वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में प्रलेखन तथा मूल्यांकन कार्य आरम्भ किया गया ।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में ग्रामीण विकास और उद्यमीय विकास के लिए सहायता

2.85 वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 'भारतीय सांस्कृतिक कार्य संस्था द्वारा आयोजित (ग्रामीण विकास का अन्तर्राष्ट्रीय अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया। इससे लगभग 52 देशों द्वारा किए गए ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का मूल्यांकन करने में तथा विशेष रूप से कार्यविधि दृष्टिकोण, टेक्नोलोजी सम्बन्धित उनके उन अनुभवों को लाभ उठाने में सफलता प्राप्त हुई जो सफल सिद्ध हो चुके हैं तथा अन्य देशों में लागू किए जा सकते हैं । 'ग्रामीण विकास का राष्ट्रीय अनावरण) कार्यक्रम से, ग्रामीण औद्योगिक विकास में साझेदार के रूप में निगमित क्षेत्र की भूमिका गतिविधियों और उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला जा सका ।

2.86 जैसा कि पिछले वर्ष उल्लेख किया गया था भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, बिहार राज्य की आदिवासी जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और आदिवासी युवाओं को सफल उद्यमी एवं स्वामियोजन पैदा करने वाले बनाने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से रांची में (ग्रामीण उद्यमीय विकास संस्थान) स्थापित करने के लिए ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान, रांची को 5 लाख रुपये का योगदान देने के लिए सहमति प्रदान की ।

2.87 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने वर्ष के दौरान, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में ताल्लुका कर्जात में ग्रामीण प्रबन्ध व उद्यमीय विकास केन्द्र की स्थापना के लिए ग्राम विकास ट्रस्ट को तीन वर्ष की अवधि के लिए सहायता (पूंजी और आवर्ती व्यय दोनों के लिए) प्रदान करने के लिए सहमति प्रदान की । ग्रामीण प्रबन्धक व उद्यमीय विकास केन्द्र का उद्देश्य ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और प्रबन्ध उत्पादेय उपलब्ध करना है ताकि ग्रामीण व अर्ध ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रगति तथा उद्देश्य पूर्ण विकास किया जा सके । प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावशाली तथा व्यावहारिक बनाने के लिए उक्त केन्द्र ने 'डेयरी' तथा 'ग्रामीण उद्योग' के क्षेत्र में प्रदर्शन इकाइयां भी स्थापित की हैं ।

अनुसन्धान और विकास प्रवर्त्तन

(i) चीनी संयंत्रों की प्रतिदिन 1,250 टन मानकीकृत क्षमता का अध्ययन

2.88 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने पिछले वर्ष, संयंत्र और उपकरणों के डिजाइन में सुधार तथा खोई का अन्य महत्वपूर्ण प्रयोगों के लिए संरक्षण करके ऊर्जा उपयोग को इष्टतम करने की दृष्टी से, प्रतिदिन 2,000 टन क्षमता के विस्तार के योग्य चीनी संयंत्रों की प्रतिदिन 1,250 टन मानकीकृत क्षमता का विशेष अध्ययन करवाया था । राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा वर्ष के दौरान पूरे किए गए उक्त अध्ययन से चीनी संयंत्र मापदण्डों तथा चीनी उद्योग में ऊर्जा उत्पादन क्षमता में सुधार करने के सम्बन्ध में उपयोगी आंकड़े प्राप्त हुए । रिपोर्ट में की गई सिफारिशें मानक चीनी संयंत्रों के मापदण्डों में सुधार लाने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित तकनीकी समिति को सौंप दी गई हैं ताकि आर्थिक व्यावहार्यता तकनीकी प्रगति और ऊर्जा उत्पादन क्षमता में सुधार किया जा सके ।

(ii) रुग्ण औद्योगिक परियोजनाओं की प्रबन्ध व्यवस्था में परिवर्तन का अनुसन्धान अध्ययन —

2.89 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रायोजित तथा वित्तपोषित और भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद द्वारा किये गये उक्त अध्ययन के पूर्ण होने पर प्रबन्ध प्रक्रियाओं से सम्बन्धित उपयुक्त आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे जिनसे अनेक उद्यमों को आरोग्य किया जा सकता है। प्राप्त सूचना के अनुसार अध्ययन से सम्बन्धित आधारभूत कार्य भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद द्वारा वर्ष के दौरान पूरा कर लिया गया है।

(iii) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम पीठें

2.90 वर्षों के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने विकास बैंकिंग वित्तीय और औद्योगिक प्रबन्ध औद्योगिक अर्थशास्त्र, आदि में अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में प्रबन्ध संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के साथ अच्छे सम्बन्ध बना लिए गए हैं। विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने यथा दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, गोहाटी और मद्रास विश्वविद्यालयों में एक-एक तथा भारतीय प्रबन्ध संस्थान अहमदाबाद में एक, इस प्रकार छः पीठों की स्थापना की है।

2.91 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्राध्यापक डा० आर० एस० सबनीस ने 5 अक्तूबर, 1983 को 'भारत में औद्योगिक नीति तथा वित्त सम्बन्धी कुछ मुद्दों' के विषय पर बम्बई विश्वविद्यालय दीक्षान्त हॉल में 'द्वितीय भारतीय औद्योगिक वित्त निगम वार्षिक व्याख्यान' दिया। व्याख्यान की अध्यक्षता बम्बई विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ० एम० एस० गोरे द्वारा की गई तथा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के तत्कालीन अध्यक्ष श्री बी० बी० सिंह, मुख्य अतिथि थे।

2.92 भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्रबन्ध प्राध्यापक प्रो० एस० सी० कुच्छाला ने 26 मार्च, 1984 को 'उत्पादन* कम्पनियों की वित्तीय स्थिति' विषय पर संस्थान के प्रांगण में 'पांचवां भारतीय औद्योगिक वित्त निगम वार्षिक व्याख्यान' दिया। व्याख्यान, निश्चित अवधि के दौरान विनिर्दिष्ट उत्पादन तत्वों वाली 61 कम्पनियों के अध्ययन पर आधारित था तथा इसने तेजी से प्रगति कर रहे उद्यमों द्वारा अपनायी गयी पद्धति की पर्याप्त जानकारी उपलब्ध करवाई ताकि अन्य संस्थाओं द्वारा अपेक्षित कार्य दिशा निर्धारित की जा सके।

2.93 वर्ष के दौरान, गोहाटी विश्वविद्यालय में डा० पी० सी० गोस्वामी ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम प्राध्यापक के रूप में कार्यग्रहण किया। आशा है कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के आर्थिक विकास के सम्बन्ध में आगामी वर्षों में कुछ उपयोगी अनुसन्धान कार्य किया जाएगा।

प्रवर्तन कार्यों के वित्तपोषण स्रोत

2.94 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्रवर्तन कार्यों का वित्तपोषण या तो वातव्य आरक्षित निधि अथवा ब्याज अन्तर-जन्य निधियों में से किया जा रहा है।

2.95 वातव्य आरक्षित निधि 1972–73 में स्थापित की गई, जिसमें 30 जून, 1983 तक निगम के लाभों में से 362.00 लाख रुपये की राशि अन्तरित की जा चुकी थी। 30 जून, 1984 को समाप्त वर्ष के दौरान, 50.00 लाख रुपए की और राशि अन्तरित की गई जिसके परिणामस्वरूप 30 जून, 1984 को वातव्य आरक्षित निधि की कुल राशि 412.00 लाख रुपये हो गई। इसमें से 264.54 लाख रुपए की राशि निगम के विभिन्न प्रवर्तन कार्यों के लिए उक्त तारीख तक उपयोग की जा चुकी थी।

2.96 ब्याज अन्तर-जन्य निधियां, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, क्रेडितान्स्टाल्ट-फर-वाइडरफबाऊ (के० एफ० डब्ल्यू०), भारत सरकार और जर्मन संघ गणराज्य के बीच किए गए करारों की शर्तों के अनुसार निगम द्वारा के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों पर अदा किए गए ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त राशि है। 30 जून, 1983 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को ब्याज अन्तर-जन्य निधि के अन्तर्गत ऋणों और अनुदानों के रूप में 1,060.60 लाख रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी थी। वर्ष के दौरान, 76.50 लाख रुपए की राशि अनुदानों के रूप में तथा 58.00 लाख रुपए के राशि ऋणों के रूप में प्राप्त हुई। इससे, ब्याज अन्तर-जन्य निधि का कुल आबंटन 30 जून, 1984 को 1195.10 लाख रुपए हो गया जिसमें से 856.96 लाख रुपए की राशि निगम के विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर उपयोग की जा चुकी थी।

(ग) स्रोत

2.97 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के स्रोतों में इसकी शेयर पूंजी आरक्षित निधियां, बांडों के निर्गमन द्वारा बाजार से उधार, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से ऋण, विदेशी वित्तीय संस्थानों से विदेशी ऋण, अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से ऋण, ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनर्अदायगी और इसके द्वारा धारित निवेशों की बिक्री/विमोचन निहित हैं। 1983–84 में स्रोतों की प्रगति के सम्बन्ध में निगम की स्थिति निम्नलिखित है।

शेयर पूंजी

2.98 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की प्रदत्त शेयर पूंजी 22.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 27.50 करोड़ रुपये कर दी गई, जिसके लिए 5,000/- रुपये प्रत्येक के 10,000 शेयरों (आठवीं सीरीज) पर 2,500/- रुपये प्रति शेयर की दर से बकाया राशि की मांग की गई तथा 5,000/- रुपये प्रत्येक के 10,000 शेयरों (नौवीं सीरीज) का अतिरिक्त निर्गम किया गया जिसके प्रत्येक शेयर पर 50 प्रतिशत आवेदन राशि की मांग की गई।

आरक्षित निधियां

2.99 30 जून, 1984 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ में से 21.80 करोड़ रुपये के अन्तरण और ब्याज अन्तर-जन्य निधि (अनुदान मांग) के अन्तर्गत उपयोग की गई 0.29 करोड़ रुपये और वातव्य आरक्षित निधि में उपयोग की गई 0.34

करोड़ रुपये की राशि का समायोजन करने के पश्चात भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की आरक्षित निधियां 66.93 करोड़ रुपये से बढ़कर 88.09 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की आरक्षित निधियां इसकी प्रदत्त पूंजी से इस प्रकार 60.59 करोड़ रुपये अधिक हो गई हैं।

बांड निर्गम

2.100 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने वर्ष के दौरान तीन सार्वजनिक बांड निर्गम जारी किए, अर्थात 24 अक्तूबर, 1983 को 45.50 करोड़ रुपये के 8.75 प्रतिशत बांड, 2000, 27 फरवरी, 1984 को 27.50 करोड़ रुपये के 8.75 प्रतिशत बांड, 2001; 14 जून, 1984 को 110.00 करोड़ रुपये के 9 प्रतिशत बांड, 1999। सभी निर्गमों में पूर्ण अभिदान हुआ और निर्गमों की अनुज्ञेय 10% राशि, जो भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा रखी जा सकती थी, मिलाकर बांडों के निर्गम द्वारा वर्ष के दौरान 201.05 करोड़ रुपये की कुल राशि जुटाई गई।

2.101 विमोचित 8.80 करोड़ रुपये के 5 3/4% बांड, 1983 को घटाकर, 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार, बांडों की निवल बकाया राशि 881.54 करोड़ रुपये हो गई जबकि 30 जून, 1983 को यह 689.30 करोड़ रुपये थी।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से उधार

2.102 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से अस्थायी उधार जो 30 जून, 1984 से काफी पहले पुनर्अदा कर दिये गये थे, के सिवाय भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अथवा केन्द्रीय सरकार से कोई उधार नहीं लिया गया। लेकिन, वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 20 करोड़ रुपये तथा केन्द्रीय सरकार को 1.76 करोड़ रुपये पुनर्अदा किए गए जिसके परिणामस्वरूप भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और केन्द्रीय सरकार से लिए गए उधारों की निवल बकाया राशि 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार क्रमशः 85.75 करोड़ रुपये और 5.88 करोड़ रुपये से कम होकर 83.75 करोड़ रुपये तथा 4.12 करोड़ रुपये रह गई।

2.103 जहां तक ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के अन्तर्गत ऋण भाग का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार से 0.58 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई और इस खाते में 0.17 करोड़ रुपये की राशि पुनर्अदा की गई। इस प्रकार केन्द्रीय सरकार को देय ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के कुल ऋण भाग की राशि 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार 5.37 करोड़ रुपये रही जबकि 30 जून 1983 को यह राशि 4.96 करोड़ रुपये थी।

विदेशी वित्तीय संस्थानों से उधार

2.104 वर्ष के दौरान, 20 मिलियन जर्मन मार्क के 22वें ऋण के आबंटन से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के विदेशी मुद्रा उधार 277.500 मिलियन जर्मन मार्क हो गए। जिसमें क्रदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबऊ (के० एफ० डब्ल्यू०), जर्मन संघ गणराज्य द्वारा मंजूर किए गए जर्मन मार्क ऋण शामिल है जिनमें से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 30 जून, 1984 तक पात्र औद्योगिक संस्थाओं को 281.305 मिलियन जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर किए। इसके अतिरिक्त, जर्मन मार्क निधियों में से 162.372 मिलियन जर्मन मार्क के उप-ऋण मंजूर किए गए; इन निधियों में उप-ऋणियों से वसूल की गई वह राशि होती है जिसे जर्मन गणराज्य के के० एफ० डब्ल्यू० को पुनर्भुगतान किए जाने तक भारत सरकार के अनुमोदन से जर्मन मार्क में परिवर्तित किया गया है।

2.105 30 जून, 1983 की स्थिति के अनुसार, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को के० एफ० डब्ल्यू० से उपलब्ध जर्मन मार्क ऋण की बकाया राशि 148.359 मिलियन जर्मन मार्क थी। वर्ष के दौरान, 12.178 मिलियन जर्मन मार्क के समकक्ष राशि प्राप्त की गई और 4.833 मिलियन जर्मन मार्क की राशि पुनर्अदा की गई। विदेशी मुद्रा में लिए गए उधारों के अधीन 30 जून, 1984 को 155.704 मिलियन जर्मन मार्क (30 जून, 1984 को लागू तार अन्तरण विक्रय दरों के आधार पर 62.76 करोड़ रुपये के समकक्ष) की राशि बकाया रह गई।

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार से उधार

2.106 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय सरकार ने भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को अपने विदेशी विनिमय स्रोतों को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से उधार लेने की अनुमति प्रदान की, इसके अनुरूप भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने पहली बार यूरो-मुद्रा बाजार में 20.00 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग 22 करोड़ रुपये के बराबर) का यूरो-मुद्रा ऋण लेने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार में प्रवेश किया। इस सम्बन्ध में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और अन्य भागीदार बैंकों/वित्तीय संस्थानों अर्थात मित्सुबिशी बैंक (यूरोप) एस० ए० बैंक आफ योकोहामा (यूरोप) एस० ए० यूरोपियन अरब बैंक (ब्रुसेल्स) एस० ए० और मित्सुबिशी ट्रस्ट और बैंकिंग कार्पोरेशन (यूरोप) एस०ए० के प्रबन्धक और एजेन्ट के रूप में कार्य कर रहे कान्टिनेन्टल बैंक एस० ए०/एन० वी० ब्रुसेल्स (बेल्जियम) के बीच 24 जुलाई, 1984 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

2.107 यूरो-मुद्रा ऋण वाणिज्यिक शर्तों पर लिया गया है और इसमें से प्रदान किए गए उप-ऋणों की मंजूरी और उनकी पुनर्अदायगी इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि यह भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की पुनर्अदायगी के दायित्वों के अनुरूप बनी रहे। उप-ऋणियों पर ब्याज की दर लन्दन-इन्टरबैंक छमाही विक्रय दर से 2 प्रतिशत वार्षिक अधिक ली जाएगी।

2.108 यूरो-मुद्रा ऋण लिये जाने से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। इस ऋण से अब भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ऐसी औद्योगिक परियोजनाओं अर्थात खनन, नौ-परिवहन, समुद्री मत्स्य उद्योग, बिजली, पावर और गैस का उत्पादन, होटल, आदि की विदेशी मुद्रा आवश्यकताएं भी पूरी कर सकेगा जो निगम के वर्तमान विदेशी मुद्रा साधनों के अधीन पात्र नहीं थीं। इसके अतिरिक्त सरकारी क्षेत्र सहित बड़ी परियोजनाओं को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्राप्त किए गए यूरो-मुद्रा साधनों से उल्लेखनीय लाभ होगा।

ऋणों की पुनर्अदायगी और प्रतिभूतियों की बिक्री/विमोचन

2.109 वर्ष के दौरान, निगम को ऋणियों द्वारा मूलधन के रूप में 57.75 करोड़ रुपये की पुनर्अदायगी की गई जो कि पिछले वर्ष 45.75 करोड़ रुपये थी।

2.110 निवेशों की बिक्री/विमोचन से वर्ष के दौरान 1.85 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई जबकि पिछले वर्ष यह राशि 1.51 करोड़ रुपये थी।

2.111 (क) ऋणों की पुनर्अदायगी, (ख) निवेशों की बिक्री/विमोचन और (ग) 0.52 करोड़ रुपये के ऋणों को साधारण पूंजी में अन्तरित करने से 1983–84 में 60.12 करोड़ रुपये की कुल प्राप्ति हुई जो पिछले वर्ष की 48.09 करोड़ रुपये की प्राप्ति से 25% अधिक है।

निधियों के स्रोत तथा उपयोग

2.112 सहायता के संवितरण, उधारों की पुनर्अदायगी, बांडों के विमोचन, ब्याज, लाभांश और कर की अदायगी के लिए निधियों की कुल आवश्यकता 1983–84 में 347.29 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की 289.61 करोड़ रुपये की निधियों की आवश्यकता से 19.9% अधिक है।

2.113 निधियों की उक्त आवश्यकताओं को (i) प्रदत्त पूंजी में 5.00 करोड़ रुपये की वृद्धि, (ii) 34.03 करोड़ रुपये का कर से पूर्व लाभ, (iii) ऋणियों से वसूली और निवेशों की बिक्री, आदि–60.12 करोड़ रुपये, (iv) बांडों के माध्यम से बाजार से उधार–201.05 करोड़ रुपये, (v) 4.91 करोड़ रुपये के समकक्ष विदेशी मुद्रा उधार, (vi) ब्याज अन्तर-जन्य निधियों के अन्तर्गत 1.35 करोड़ रुपये की प्राप्ति, (i) विविध स्रोतों से 1.00 करोड़ रुपये और (viii) बकाया 39.83 करोड़ रुपये को प्रारम्भिक नकद शेष से पूरा किया गया।

(घ) वसूलियां, चूकें, आदि

वसूलियां

2.114 ब्याज के रूप में 83.88 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई, जिसमें से 69.75 करोड़ रुपये की राशि, वर्ष के दौरान देय 107.50 करोड़ रुपये की राशि में से थी और शेष 14.13 करोड़ रुपये, वर्ष के आरम्भ में बकाया 18.77 करोड़ रुपये के बकाया ब्याज की वसूली के रूप में थे। अत: वर्ष के दौरान देय ब्याज की प्रतिशत वसूली 64.9% रही तथा बकाया ब्याज की प्रतिशत वसूली 75.3% रही।

2.115 जहां तक मूलधन का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान प्राप्त हुई 57.75 करोड़ रुपये की राशि में से 50.61 करोड़ रुपये, वर्ष के दौरान देय हुए, 89.50 करोड़ रुपये की राशि मूलधन से सम्बन्धित थी और बकाया 7.14 करोड़ रुपये, वर्ष के प्रारम्भ में बकाया 33.75 करोड़ रुपये के मूलधन से सम्बन्धित थे। इस प्रकार वर्ष के दौरान देय मूलधन राशि की वसूली का प्रतिशत 56.5 तथा बकाया मूलधन की वसूली का प्रतिशत 21.2 रहा। 'मूलधन की बकाया' के अधीन वसूल की जाने वाली राशि को वर्तमान चली आ रही लेखांकन पद्धति, जिसमें वसूलियों को पहले 'ब्याज की बकाया' के अधीन समायोजित किया जाता है और इसके पश्चात 'मूलधन की बकाया' में समायोजित किया जाता है, के सन्दर्भ में देखना होगा।

चूकें

2.116 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा जिन वित्तपोषित संस्थाओं से 1,056.19 करोड़ रुपये की ऋण सहायता बकाया थी, उनकी संख्या 1,109 थी। निस्सन्देह, इनमें से कुछ को कार्यान्वयन अवस्था में मुश्किलें आई, कुछ तो परिचालन के प्रारम्भिक वर्षों में और कुछ कई वर्ष तक सफलतापूर्वक कार्य करने के पश्चात् रुग्ण हो गयीं। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान, कुछ उद्योगों जैसे चीनी, वस्त्र, कागज, इंजीनियरिंग, आदि की असन्तोषजनक प्रगति के कारण अधिकांश संस्थाओं को, वित्तीय संस्थानों के प्रति समय पर अपने दायित्व पूरे करने में वास्तव में कठिनाई का सामना करना पड़ा। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, कठिनाइयों का सामना करने वाली इकाइयों (विशेष रूप से उन मामलों में जिनमें चूकें, औद्योगिक इकाइयों के विस्तृत समूह में पूर्णत: 'बाह्य' कारणों से थीं) की सहायता करने की अपनी नीति के अनुरूप उन्हें, अतिदेय राशियों, आदि का भुगतान क्रम स्थगित/पुन: निर्धारित करके आवश्यकतानुसार राहत प्रदान की।

2.117 कठिनाईग्रस्त संस्थाओं को दी गई राहतों के मामलों को छोड़कर वर्ष के अन्त में 193 चूककर्ता संस्थाएं थीं तथा चूक की कुल राशि 61.93 करोड़ रुपये (37.42 करोड़ रुपये के मूलधन और 24.51 करोड़ रुपये के ब्याज सहित) रही। 30 जून, 1984 को स्थिति के अनुसार यह भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रदान किए गए कुल बकाया ऋण का लगभग 5.9% रहा जबकि 30 जून, 1983 को यह प्रतिशत 6.1 था।

2.118 वर्ष 1983–84 के दौरान इन चूकों के उद्योग-वार विश्लेषण से स्पष्ट है कि 193 चूककर्ता संस्थाओं में से 41 संस्थाएं सूती वस्त्र उद्योग, 30 चीनी, 14 कागज, 9 पटसन और 12 धातु उत्पाद समूह उद्योग से सम्बन्धित थीं, जिन पर अकेले भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की ही क्रमश: 10.18 करोड़ रुपये, 17.20 करोड़ रुपए 7.52 करोड़ रुपये, 3.29 करोड़ रुपये, और 2.67 करोड़ रुपये की चूक राशि बकाया थी। 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त पांच उद्योगों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की कुल चूकों का 60% भाग रहा।

रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन

2.119 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के 'समस्या मामले विभाग' ने, रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन की सरकारी नीति के अनुरूप, आठ मामलों में पुनर्स्थापन योजनाएं बनाई, एक मामले में प्रबन्ध व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया, पांच मामलों में प्रबन्ध व्यवस्था/नियन्त्रक हित में परिवर्तन किए, तीन मामलों में पट्टे पर परियोजनाओं को दिया और/अथवा कार्य जारी रखने के लिए सहायता प्रदान की, तीन मामलों में विलयन की योजनाएं

अनुमोदित की और दो मामलों में देय राशियों के निपटान के लिए व्यवस्था की।

2.120 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल की दो टायर इकाइयों तथा एक एल्युमिनियम इकाई का राष्ट्रीयकरण किया गया। उड़ीसा की एक संयुक्त वस्त्र मिल का भी राज्य सरकार द्वारा सभी निजी शेयरधारिता का अधिग्रहण करके राष्ट्रीयकरण किया गया। उधारदाता संस्थाओं के हितों की रक्षा की दृष्टि से वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाओं द्वारा दो मामलों में कानूनी कार्यवाही की गई। अन्य मामलों में, सम्बन्धित आग्रणी संस्थान द्वारा अन्य संस्थानों, बैंकों तथा अन्य सम्बन्धित एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से पुनर्स्थापन कार्यक्रम अथवा उपयुक्त कार्यवाही की जा रही है। पूर्णतया अव्यावहार्य इकाइयों के बारे में समय-समय पर केन्द्रीय सरकार को सूचित किया गया और सम्बन्धित राज्य सरकारों तथा ऐसे मामलों में सम्बन्धित राज्य स्तरीय एजेंसियों के साथ भी सम्पर्क बनाए रखा गया।

(ङ) कार्य-परिणाम

सकल लाभ

2.121 वर्ष के दौरान, सकल लाभ 34.03 करोड़ रुपये रहा जबकि वर्ष 1982–83 में यह 27.02 करोड़ रुपये था। इसमें 25.9 % की वृद्धि हुई।

निवल लाभ

2.122 10.14 करोड़ रुपये की कराधान व्यवस्था के बाद वर्ष 1983–84 में निवल लाभ 23.89 करोड़ रुपये रहा जबकि 1982–83 में यह 17.31 करोड़ रुपये था। इसमें 38.0 % की वृद्धि हुई।

विनियोजन

2.123 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किए गए विनियोजन सारणी 13 में दिए गए हैं।

सारणी 13 : निवल लाभ का विनियोजन

(करोड़ रुपये)

	यह वर्ष (1983-84) (जुलाई-जून) रु०		पिछला वर्ष (1982-83) (जुलाई-जून) रु०	
(1)	(2)		(3)	
वर्ष के लिये निवल लाभ		23.89		17.31
विनियोजन				
निम्नलिखित निधियों में अन्तरित—				
(क) सामान्य आरक्षित निधि	8.15		3.88	
(ख) वातव्य आरक्षित निधि	0.50		0.35	
(ग) विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (iii) के अधीन)	13.14		11.47	
कर्मचारी कल्याण निधि को आवंटन		21.79		15.70
		0.01		0.01
लाभांश की अदायगी		2.09		1.60
जोड़		23.89		17.31

लाभांश

2.124 सन्तोषजनक कार्यपरिणामों को देखते हुए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर 8½% वार्षिक की दर से लाभांश अदा करने का अनुमोदन किया जबकि पिछले वर्ष यह 8 % वार्षिक घोषित किया गया था।

कर

2.125 30 जून, 1984 को समाप्त लेखांकन वर्ष में कराधान के लिए 10.14 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई जबकि पिछले वर्ष 9.71 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई थी। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, इसके आरम्भ से लेकर अब तक केवल कर के रूप में 65.05 करोड़ रुपये राजकोष को अदा किए हैं जो इसकी प्रदत्त पूंजी के दुगुने से अधिक है।

मनोरंजन, आदि पर व्यय

2.126 वर्ष के दौरान, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने, मनोरंजन पर 1.40 लाख रुपये, अपने स्टाफ ट्रांजिट कक्षों के रखरखाव पर 1.13 लाख रुपये, प्रचार और विज्ञापन पर

3.15 लाख रुपये और अपने अधिकारियों द्वारा विदेशों में पाठ्यक्रमों/सेमिनारों में जाने/भाग लेने पर 0.41 लाख रुपये की राशि व्यय की। सरकार द्वारा विधिवत् अनुमोदित, अध्यक्ष की विदेश यात्राओं पर 0.99 लाख रुपये का व्यय हुआ।

कार्य-परिणामों की प्रवृत्ति

2.127 पिछले पांच वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्य-परिणाम सारणी 14 में नीचे दिए गए हैं।

सारणी 14 : पिछले पांच वर्ष के कार्य-परिणामों का सार

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष				
	1980 रु०	1981 रु०	1982 रु०	1983 रु०	1984 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उपार्जित ब्याज	37.23	44.38	59.15	77.65	99.35
अन्य आय	2.54	3.87	4.78	5.77	5.62
कुल आय	39.77	48.25	63.93	83.42	104.97
अदा किया गया ब्याज	26.30	30.80	39.49	50.80	64.33
अदा किया गया कमीशन और दलाली	0.48	0.26	0.52	0.61	0.88
स्थापना व्यय	1.82	2.57	2.52	2.97	3.36
निवेशों से हानि	0.03	0.47	0.64	0.44	0.14
अन्य व्यय	0.96	1.21	1.40	1.58	2.23
कुल व्यय :	29.59	35.31	44.57	56.40	70.94
सकल लाभ	10.18	12.94	19.36	27.02	34.03
करोत्तर लाभ	5.39	4.56	6.85	9.71	10.14
निवल लाभ	4.79	8.38	12.51	17.31	23.89
लाभांश	6.5%	7.0%	7.5%	8.0%	8.5%

2.128 उपर्युक्त से स्पष्ट है कि —

—सकल आय 1983–84 में पहली बार 100 करोड़ से अधिक हो गई।

—1983–84 में सकल आय पिछले वर्ष से 25.8% अधिक हो गई।

—वर्ष के दौरान, लाभ में पिछले वर्ष से 25.9% की वृद्धि हुई।

—सकल आय से सकल लाभ का प्रतिशत 1983–84 में 32.4% रहा जोकि पिछले वर्ष जितना ही है।

—वर्ष के दौरान, निवल लाभ में पिछले वर्ष के निवल लाभ से 38.0% की वृद्धि हुई।

—सकल आय में निवल लाभ का प्रतिशत 1983–84 में 22.8% रहा।

वित्तीय स्थिति

2.129 पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सारणी 15 के निम्नानुसार है :

सारणी 15 : पिछले पांच वर्ष के तुलन-पत्रों का सार

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष				
	1980 रु०	1981 रु०	1982 रु०	1983 रु०	1984 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परिसम्पत्तियां					
निवेश	32.43	35.48	39.52	45.82	53.46
ऋण व अग्रिम	442.85	548.01	690.82	864.73	1056.19
गारंटियां और हामीदारी संविदाएं	0.74	0.60	1.21	2.40	4.10
नकद और अन्य परिसम्पत्तियां	58.41	44.77	74.67	74.78	98.14

सारणी 15 (क्रमशः)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
देयताएं					
उधार					
(क) बांड	378.28	433.47	554.55	689.30	881.54
(ख) सरकार और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से उधार	55.57	59.84	85.25	96.60	93.24
(ग) विदेशी मुद्राओं में	21.96	42.51	51.01	59.67	62.76
प्रावधानों सहित चालू और अन्य देयताएं	30.11	34.82	43.00	50.33	54.66
प्रासंगिक देयताएं (गारंटियां और हामीदारी)	0.74	0.50	1.21	2.40	4.10
निम्नलिखित के रूप में निवल मूल्य					
शेयर पूंजी	15.00	17.50	20.00	22.50	27.50
आरक्षित निधियां	32.18	39.22	50.27	65.94	87.39
ब्याज अन्तर-अन्य निधियां (अनुदान)	0.59	0.90	0.93	0.99	0.70
ऋण : इक्विटी अनुपात	9.6 : 1	9.3 : 1	9.7 : 1	9.5 : 1	9.1 : 1

लेखे

2.130 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का लेखापरीक्षित लेखा, जिसमें वर्ष का लाभ-हानि लेखा और 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र है, परिसम्पत्तियों और देयताओं के पूर्ण विवरण सहित इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

2.131 विद्यमान लेखांकन पद्धति और कार्याविधि को सरल बनाने तथा निगम में कम्प्यूटर प्रणाली के विस्तार और व्यावहार्यता का अध्ययन करने की दृष्टि से वर्ष के दौरान मैसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कं०, नई दिल्ली द्वारा निगम की लेखांकन पद्धति की समीक्षा की। वर्ष के अन्त में, परामर्शदाताओं की रिपोर्ट विभागीय कम्प्यूटराइजेशन समिति के विचाराधीन थी।

लेखा-परीक्षा

2.132 नियमित 'आन्तरिक लेखा-परीक्षा प्रणाली' के अलावा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के लेखों की सांविधिक लेखा-परीक्षा प्रत्येक वर्ष दो लेखा परीक्षकों द्वारा की जाती है जिनमें से एक का नामांकन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा किया जाता है तथा दूसरा लेखा-परीक्षक (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) शेयरधारियों द्वारा चुना जाता है। वर्ष 1983-84 के लिए, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने मैसर्स ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कं०, सनदी लेखापाल को सांविधिक लेखा-परीक्षक नामित किया। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारियों (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) ने 19 अक्तूबर, 1983 को हुई पिछली वार्षिक महासभा में मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, बम्बई को उसी अवधि के लिए लेखा-परीक्षक चुना। वर्ष 1983-84 के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, इस रिपोर्ट में इस वर्ष के लेखे के साथ संलग्न है।

अध्याय 3

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के कार्यों का समाज और आर्थिक विकास पर प्रभाव

(क) परियोजना वित्तपोषण कार्य

नियोजित औद्योगिक विकास

3.01 देश के नियोजित आर्थिक विकास में पिछले साढ़े-तीन दशकों की अवधि के दौरान हुए औद्योगिक निवेश तथा ढांचे के परिणामों में निगम के कार्यों का लघु रूप होते हुए भी बहुत महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। अपनी स्थापना से 30 जून, 1984 तक भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 1,567 औद्योगिक संस्थाओं की 1,894 औद्योगिक परियोजनाओं को 2,156.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा मंजूर की गई सहायता की राशि से अधिक महत्वपूर्ण इसका उत्प्रेरक दायित्व रहा है जिसके अनुसार इसे इन वित्तपोषित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 17,561.71 करोड़ रूपए की समग्र वित्तीय सहायता जुटाने में अपना योगदान दिया है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता की परिधि में बहुत से विस्तृत उद्योग हैं, और यह कहना कोई अत्युक्ति नहीं होगी कि संगठित क्षेत्र में सम्भवतः कोई भी ऐसा उद्योग नहीं है, जिसे निगम की सहायता का लाभ प्राप्त न हुआ हो।

3.02 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की गुणात्मक परिलब्धियां भी इस तथ्य का प्रमाण है कि भारतीय औद्योगिक वित्त निगम इसके अधिनियम में निर्धारित किए गए लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काफी मात्रा में सफल प्रयासी रहा है। अपने अधिनियम के अनुरूप भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से अपेक्षा की जाती रही है, कि यह निगमित और सहकारी क्षेत्रों की पात्र मध्यम तथा बड़े आकार की औद्योगिक परियोजनाओं को मध्यम और दीर्घकालीन साख उपलब्ध कराए। अपने

आप में किसी औद्योगिक संस्था को स्थापित करने या उसका प्रवर्तन करने के लिए निगम प्राधिकृत नहीं है । अतः भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के पास प्राप्त होने वाले वित्तीय सहायता के आवेदनों की मात्रा विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र-शासित क्षेत्रों में उनको दिए गए आशय पत्रों/औद्योगिक लाइसेंसों के अनुरूप मध्यम और बड़े आकार की औद्योगिक परियोजनाओं की मात्रा पर निर्भर करती है । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम विश्वास के साथ कह सकता है कि विभिन्न राज्यों/केन्द्र-शासित क्षेत्रों को मिलने वाली इसकी सहायता का भाग वर्ष-दर-वर्ष उन द्वारा प्राप्त किए गए आशय पत्रों/औद्योगिक लाइसेंसों के अनुरूप ही रहा है ।

गुणात्मक परिलब्धियां

3.03 गुणात्मक परिलब्धियों से भी अधिक देश के औद्योगिक वित्तपोषण के क्षेत्र में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की गुणात्मक परिलब्धियां महत्वपूर्ण रही हैं। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने विगत वर्षों में औद्योगिक वित्त क्षेत्र के अन्य राष्ट्रीय विकास वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर 'परियोजना उन्मुख दृष्टिकोण' की स्वीकार्यता, 'प्रतिभूति उन्मुख दृष्टिकोण' की धारणा के स्थान पर, जो विशेषकर बैंकिंग क्षेत्र में औद्योगिक वित्त प्रदान करने के लिए लम्बे अरसे से चली आ रही थी, स्थापित करवाई है । आज के संदर्भ में, विस्तृत पहलुओं, जैसे औद्योगिक संस्था की लाभप्रदता और उत्पादेयता, समग्र व्यावहार्यता और ग्राह्यता, प्रबन्धक वर्ग की गुणवत्ता, संगठनात्मक ढांचा, राष्ट्र अर्थव्यवस्था में परियोजना के सम्भावित योगदान एवं सरकारी नीति में निर्धारित लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति, आदि पर भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपने कारोबार में विशेष ध्यान देता है ।

वित्तपोषित इकाइयों की प्रबन्ध व्यवस्था पर प्रभाव

3.04 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम अपनी अनुवर्ती प्रक्रिया तथा व्यवस्था के दौरान इस बात का ध्यान रखता है कि औद्योगिक उपक्रमों की सफलता के लिए आवश्यक प्रबन्ध के प्रति जागरूकता और वित्तीय नियन्त्रण तथा अन्य अनुशासन की भावना पैदा हो सके । बड़ी संख्या में प्रबुद्ध प्रवर्तक और सक्षम प्रबन्धक वर्ग अब अधिकाधिक मात्रा में संगठन की आवश्यकता पर बल देते हैं और परियोजना के परिचालन अवस्थाओं में निगम द्वारा किए गए प्रयास से उन्हें जो अपेक्षित मात्रा में लाभ हुआ है उसकी प्रशंसा करते हैं । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम सहित अन्य सरकारी वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयों में 'प्रबन्धक–संवर्धन' को धीमी प्रगति के बावजूद काफी मात्रा में ग्रहण किया है जिसके परिणामस्वरूप उद्योग में प्रबन्ध के व्यावसायीकरण को एक सही दिशा-निदेश प्राप्त हुआ है ।

सामाजिक-आर्थिक योगदान

3.05 स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से लेकर समस्त राष्ट्र में हुए समग्र उद्योगीकरण में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने 36 वर्षों के दौरान अपनी सेवा उपलब्ध कराकर सामाजिक-आर्थिक योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है । पिछले पांच वर्षों के ही दौरान में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने विभिन्न उद्योगों, जैसे चीनी (13.45 लाख टन), सूती वस्त्र (20.78 लाख तकुए), सीमेंट (165.53 लाख टन), कागज (2.94 लाख टन लिखाई और छपाई कागज), उर्वरक (38.39 लाख टन) आदि में उल्लेखनीय क्षमताएं पैदा करने में पिछले 5 वर्षों के दौरान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है । इसके अतिरिक्त विभिन्न औद्योगिक समूहों के अधीन वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयों में विभिन्न मदों के लिए भारी मात्रा में क्षमता पैदा करने में निगम ने काफी सहायता दी है जिसमें होटल भी शामिल है । पिछले पांच वर्षों के दौरान नई विस्तार और विशाखन परियोजनाओं से लगभग तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होने का अनुमान है ।

3.06 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा 1983–84 के दौरान वित्तपोषित की गई नई, विस्तार/विशाखन परियोजनाओं के अध्ययन के आधार पर उन द्वारा किए गए आर्थिक योगदान का विश्लेषण नीचे सारणी 16 में दिया गया है ।

सारणी 16 : 1983–84 के दौरान निगम द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार तथा विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

(करोड़ रुपये)

उद्योग	परियोजनाएं (संख्या)	कुल पूंजी लागत (रु०)	सम्भावित प्रत्यक्ष रोजगार (संख्या)	उत्पादन का मूल्य (रु०)	सकल मूल्य वृद्धि (रु०)	प्रति वर्ष क्षमता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी	16	137.70	7,282	99.72	24.07	2.88 लाख टन चीनी ।
सूती वस्त्र	22	138.10	12,359	137.36	37.58	3.78 लाख तकुए ।
सीमेंट और सीमेंट उत्पाद	19	524.41	4,636	216.20	120.82	50.63 लाख टन सीमेंट और 0.30 लाख टन सीमेंट प्रेशर पाइप्स ।
रसायन और रसायन उत्पाद						0.40 लाख टन औद्योगिक विस्फोटक, 0.15 लाख टन अमोनियम नाइट्रेट, 0.33 लाख टन फिटकरी, 32.50 लाख क्यू० मी० आक्सीजन, 2.00 लाख क्यू० मी० एसीटीलीन, 9.20 लाख क्यू० मी० नाइट्रोजन, 0.36 लाख क्यू० मी० अर्गन गैस, 300 टन इथीलीन डायमाइन्स और पोलिमाइन्स, 3.30 लाख टन सोडा ऐश, 0.08 लाख टन थैलिक एनहाइड्राइड, 300 टन डिस्पर्स

सारणी 16 (क्रमशः)

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
						साइज, 0.20 लाख टन मेथानोल, 0.50 लाख टन धातु–थर्मल कार्बन पेस्ट, 500 टन रसायन कार्बन, 0.11 लाख टन क्लोरोमेथान्स, 37 टन एम्पीसीलीन ट्राइहाइड्रेट, 30 टन एमोक्सीलीन ट्राइहाइड्रेट क्लेक्सोलीन सोडियम और मथासीलीन सोडियम, 1,500 टन गिलेटिन, 12,850 लाख जिलेटिन के खाली कैप्सयूल, 20.73 लाख आटोमोबाइल टायर और ट्यूबें और 0.30 लाख फ्लैप्स, 0.03 लाख टन पी०वी०सी० फिल्में और शीटें, 0.02 लाख टन शीट मोल्डिंग कम्पाउन्ड और डो मोल्डिंग कम्पाउन्ड, 0.01 लाख टन प्लास्टिक घटक, 0.41 लाख टन चावल की भूसी के तेल का परिशोधन, 0.02 लाख टन मल्टीफिलोमेंट पोलीप्रोपेलीन यार्न, 0.03 लाख टन पोलीप्रोपेलीन फिलामेंट यार्न, 0.30 लाख टन पौलिएस्टर स्टेप्ल फाइबर, 0.06 लाख टन नायलोन–6 फिलामेंट यार्न, 55 लाख वर्ग मी० वाइनल (पी०वी०सी०) फ्लोर कवरिंग्स, शीटें फिल्में और कोटिड फैब्रिक्स, 57 लाख दबने वाली मल्टी-लेमिनेटिड ट्यूबें, 2,400 टन परिष्कृत रबड़ और 242 टन सोडियम सिलिको फ्लोराइड, 1,919 टन आयुर्वेदिक औषध ठोस, 2,709 किलोलीटर आयुर्वेदिक औषध तरल और 15,770 लाख आयुर्वेदिक औषध गोलियां
कागज और कागज उत्पाद	4	15.56	242	5.18	1.70	0.31 लाख टन लेखन व मुद्रण कागज, 3,300 टन क्राफ्ट कागज, 0.13 लाख टन खोई लुगदी और 3,300 टन फारुगेटिड मीडिया।
उर्वरक	11	160.81	2,508	206.72	48.98	5.54 लाख टन सिंगल सुपर फास्फेट, 2.92 लाख टन सल्फ्यूरिक एसिड और 3.06 लाख टन डायमोनियम फास्फेट।
मशीनरी और उपकरण	8	55.40	2,694	122.55	37.93	2.200 टन सीमेंट मशीनरी, 2,000 हाइड्रालिक सिलेंडर, 100 हाइड्रालिक मोबाइल खनित्र और क्रेनें, 850 टन भारी माला में माल उठाने के औजार, 2,500 ट्रैक्टर, 75 वायुरुद्ध सेन्ट्रिफ्युगल रेफ्रिजेरेंट, 500 प्रत्येक अर्द्ध-वायुरुद्ध कम्प्रैसर्स, ओपन टाइप कम्प्रैसर्स और वाटर कूल्ड/एअर कूल्ड स्प्लिट सिस्टम पैकेज इकाइयां और 1,000 उच्च दबाव मल्टी-जोन बैंडर मेकर्स।
बिजली मशीनरी, यंत्र, उपकरण और पूर्जे	15	115.49	3,004	169.57	46.88	300 यंत्र ट्रांसफार्मर, 34,000 स्टार्टर, 38,000 जेनरेटर, 44,000 रेग्युलेटर/आल्टरनेटर, 31,250 रोटेरी कम्प्रैसर्स, 4,790 इलैक्ट्रानिक और न्यूमैटिक प्रक्रिया नियन्त्रण उपकरण, 470 लाख एल्युमीनियम इलैक्ट्रोलाइटिक कैपिसिटर्स, 10,000 लाख मी० श्रव्य चुम्बकीय टेपें, 500 मी० वीडियो और कम्प्यूटर चुम्बकीय टेपें, 1,200 किलोमीटर एक्स-एल० पी० ई० केबल्स, 23.75 लाख कंडक्टर किलोमीटर पोलिथिलीन एंसुलेटिड जेली, फिल्ड टेलीफोन केबल, 18,500 ब्लैक एंड व्हाइट टी०वी० ग्लास बल्ब, 5 लाख ब्लैक एंड व्हाइट टी० वी० पिक्चर ट्यूबें, 50 लाख फ्लोरोसेंट ट्यूबें और 64.80 लाख जी० एल० एस० लैम्प।
लोहा व इस्पात	13	60.88	3,208	90.14	23.70	29,500 टन एस० जी० क्वालिटी ग्रेडिड स्पेशल ग्रे/ग्रे आयरन पिट्ठवां लोहा कास्टिंग, 44,500 टन माइल्ड हाई कार्बन स्टील इग्गाट, 6,200 टन कोल्ड रोल्ड एस० एस० स्ट्रिप्स, 10,200 माइल्ड स्टील और हाई कार्बन स्टील तारें, 16,000 टन हाट रोल्ड स्टील उत्पाद और 500 टन सिन्टर्ड हाई स्पीड स्टील।
परिवहन उपस्कर	13	224.52	9,107	486.16	111.09	10,000 वाणिज्यिक वाहन, 10,000 हल्के वाणिज्यिक वाहन, 2,500 औद्योगिक और सड़क माडल बैटरी संचालित वाहन, 2,20,000 मोटर साइकिलें, 1,00,000 लाइट वेट स्कूटर, 75,000 मोपेड, 10,000 साइकिलें और 1,710 टन आटोमोबाइल कम्पोनेंट सिन्टर्ड पाउडर, 48,000 वाइपर मोटरें, 2.00 लाख प्रोपैलर शाफ्ट, क्लच सहित 31,250 रोटेरी कम्प्रैसर्स।
होटल	2	8.52	481	4.00	1.85	217 कमरे।
अन्य	33	249.79	9,275	231.68	72.26	
जोड़	191	2343.76	62,556	2,263.25	711.31	

3.07 उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि वर्ष के दौरान प्रदान की गई भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायता विभिन्न उद्योगों जैसे चीनी (2.88 लाख टन), सूती वस्त्र (3.78 लाख लकुए), सीमेंट (50.63 लाख टन), कागज (0.31 लाख टन लिखाई और छपाई कागज), इकहरे सुपर फास्फेट आदि उर्वरक (8.60 लाख टन), में उल्लेखनीय क्षमताओं को बनाने में उत्प्रेरक भूमिका अदा की है । इसके अतिरिक्त रसायन और रसायन उत्पाद समूह, मशीनरी और कल-पुर्जे, लोहा तथा इस्पात, होटल आदि उद्योगों की वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयों में भी काफी मात्रा में क्षमता पैदा किए जाने की संभावना है ।

3.08 उपर्युक्त 191 परियोजनाओं द्वारा 62,556 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार दिए जाने की संभावना है । इन परियोजनाओं द्वारा उत्पादन किए गए माल के मूल्य का 2,263.25 करोड़ रुपये होने का अनुमान है । इनसे सकल मूल्य 711.31 करोड़ रुपये की वृद्धि किए जाने की संभावना है। वर्ष के दौरान, वित्तपोषित की गई 337 परियोजनाओं की कुल लागत 2,923.00 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो कि इन परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए जुटाए गए साधनों में किए गए प्रयास का स्वतः प्रमाण है ।

औद्योगिक रूप से कम विकसित क्षेत्रों का विकास

3.09 देश के विभिन्न क्षेत्रों का सन्तुलित आर्थिक विकास राष्ट्रीय लक्ष्य है । जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है कि 1983–84 के दौरान अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की 187 परियोजनाओं को कुल 242.42 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई जो कुल सहायता का 68.6% है । इनमें से 23 परियोजनाओं को 26.97 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई जो श्रेणी 'क' (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिले) में स्थित होंगी, पिछले वर्ष इसी कोटि की 15 परियोजनाओं को 16.67 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों को आर्थिक तथा सामाजिक प्रभाव का प्रमाण यह है कि इससे वहां के स्थानीय लोगों की आर्थिक दशा सुधरी है, और सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं का ढांचा मजबूत हो रहा है । चूंकि अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों में लगने वाली अधिकतर परियोजनाएं ग्राम और/अथवा अर्ध–शहरी क्षेत्रों में लगाई जा रही है अतः इन परियोजनाओं से उन क्षेत्रों की अर्थ-व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन हो रहा है । सर्वाधिक उल्लेखनीय बात यह है कि अधिसूचित पिछड़े/कम विकसित जिलों की परियोजनाओं को दी गई सहायता से वहां के लोगों में 'विकास--जागरूकता' के प्रति सजगता पैदा हो गई है । उद्योगों ने जहां एक ओर वहां के लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया है, वहां इसके साथ ही इन परियोजनाओं से अति लघु और लघु तथा मरम्मत सेवाओं आदि के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अन्य व्यापार तथा दुकानों के स्थापित किए जाने में सहयोग प्रदान किया है ।

उद्योग क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन की उत्प्रेरक भूमिका

3.10 राष्ट्रीय नीति का अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य उत्पादकों, उपभोक्ताओं आदि में बहुमुखी सहकारिता आंदोलन के विकास में सहायता प्रदान करना रहा है । उद्योग के क्षेत्र मे भारतीय औद्योगिक वित्त निगम बड़े स्वाभिमान के साथ इस बात का दावा कर सकता है कि राष्ट्र की औद्योगिक अर्थ-व्यवस्था में सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए इसने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है । सहकारी आंदोलन की शुरूआत औद्योगिक क्षेत्र में सर्वप्रथम 1949–50 में तब हुई थी जब कि महाराष्ट्र में पहली सहकारी चीनी फैक्टरी की स्थापना की गई थी और यह संयोग की बात है कि निगम द्वारा वित्तपोषित यह पहली सहकारिता थी । तब से लेकर चीनी सहकारिताओं की संख्या लगातार बढ़ती रही है और निस्सन्देह रूप से विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए प्रयासों और केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए प्रोत्साहन तथा पथ-प्रदर्शन से इनकी अभिवृद्धि लगातार हो रही है पर इसमें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा दी गई सहायता भी अपना उल्लेखनीय स्थान रखती है । 30 जून, 1984 की स्थिति के अनुसार भारतीय औद्योगिक वित्त निगम 254 सहकारिताओं को 269.34 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान कर चुका था ।

3.11 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का सहकारी उद्योगों को सहायता का उल्लेखनीय पहलू यह रहा है कि वह अधिकतर कृषि-आधारित औद्योगिक सहकारिताओं को प्राप्त हुई है और उद्योगों को देश के सुदूर क्षेत्रों तक फैला पायी है, और उन स्थानों पर भी उद्योग लग पाए हैं, जहां पर कि पहले कोई भी उद्योग नहीं था । सहकारी उद्योगों ने समग्र ग्रामीण दृश्य को परिवर्तित कर दिया है । उत्पादकों तथा राज्य सरकारों द्वारा सहकारी-संगठनों को ठोस धरातल पर खड़ा करने के लिए किए गए प्रयास भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में सफल रहे हैं । विशेषकर चीनी सहकारिताओं ने गन्ने के गहन विकास के लिए विस्तृत उपाय किए हैं जिनसे कि न केवल गन्ने की प्रति एकड़ उपज में वृद्धि हुई है अपितु गन्ने में रस की मात्रा मे भी बढ़ोत्तरी हुई है, और इससे उन क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाएं विकसित होने में भी सहायता मिली है । इस मे कोई दो राय नहीं है कि ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक सहकारिताओं के लग जाने से वहां पर बेहतर सड़कें, बेहतर सिंचाई सुविधाएं और बेहतर जल--व्यवस्था, स्कूलों तथा अस्पतालों आदि की स्थापना होने के अतिरिक्त ग्रामीण लोगों का औद्योगिक सहकारिताओं में विश्वास भी पैदा हुआ है और इन्होंने कृषि-क्षेत्र की बचत को उत्पादक उद्देश्यों के लिए जुटाने में सहायता दी है । सहायक और सम्बद्ध उद्योग जैसे औद्योगिक अल्कोहल का उत्पादन करने के लिए स्थापित की गई शोधक इकाई, खोई पर आधारित कागज संयंत्र, मिले हुए और दानेदार उर्वरकों के संयंत्र भी चीनी सहकारी फैक्ट्रियों की देन रहे हैं । कुछ राज्यों में अधिकतर सहकारिताओं के सफल संचालन में इनमें वहां के लोगों का विश्वास जम गया है और इस प्रकार देश के उद्यमियों के एक नए वर्ग का जन्म हुआ है । औद्योगिक

आंदोलन का अन्य नए उद्योगों में प्रसार जैसे वस्त्र, पटसन, उर्वरक, कृत्रिम धागा, वनस्पति, तेल पिराई, कोका पाउडर आदि जो इस बात का प्रमाण है कि यह आंदोलन अब लोकप्रिय होता जा रहा है ।

(ख) प्रवर्तन गतिविधियां

3.12 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की प्रवर्तन गतिविधियों को इस प्रकार से बनाया गया है कि यह औद्योगिक विकास की समग्र प्रक्रिया को प्रभावित करे और न केवल कम विकसित क्षेत्रों में उद्योग के प्रसार में सहायता दे अपितु मध्यम, सहायक और छोटे क्षेत्रों के उद्योगों में नए उद्यमियों के विकास को भी प्रोत्साहित करे । इन गतिविधियों को राष्ट्रीय लक्ष्यों तथा प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाया गया है जिनका लक्ष्य राष्ट्र के विभिन्न भागों का सन्तुलित विकास, नए उद्यमियों को प्रोत्साहन, उद्यमीयता को विकसित करके देशों में उद्यमीयता का प्रसार, मध्यम और छोटे स्तर के उद्यमियों को उनकी परियोजना निरूपण, कार्यान्वयन तथा संचालन आदि में अति आवश्यक सहायता और पथ-प्रदर्शन प्रदान करके मदद करना रहा है।

अति लघु तथा लघु उद्योगों को सहायता

3.13 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के प्रवर्तन तथा विकास दायित्व का प्रमुख उद्देश्य मानवीय तथा भौतिक साधनों की उत्पादकता में सुधार करने के लिए 'सहायक उपाय' सुझाना रहा है चूंकि प्रमुख उद्देश्य अति लघु तथा लघु क्षेत्र (सहायक उद्योगों सहित) के उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान देना है । इसके साथ ही इनका महत्वपूर्ण लक्ष्य कमजोर तथा समाज के दलित वर्गों की सहायता प्रदान करना रहा है जो कि राष्ट्र की सामाजिक आर्थिक नीति विशेषकर 20-सूत्री कार्यक्रम के अनुरूप है ।

(ग) उद्यमीयता आधार को विस्तृत करना

3.14 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रवर्तित किया गया जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान उन उद्यमियों, जिनके पास आवश्यक अनुभव, दक्षता और उद्यमीयता प्रतिभा है, और जो मध्यम तथा बड़े पैमाने के औद्योगिक उपक्रम लगाना चाहते हैं परन्तु जिनके पास प्रवर्तक के हिस्से की साधारण पूंजी लगाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं, को साधारण पूंजी लगाने में सहायता प्रदान करता है । ब्याज रहित व्यक्तिगत ऋणों के रूप में प्रवर्तकों को मध्यम तथा बड़े स्तर की परियोजनाएं लगाने के लिए उपलब्ध कराई गई जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की यह आंशिक सहायता जोखिम पूंजी वित्तपोषक के क्षेत्र में देश में अपने प्रकार का एक नमूना है ।

छोटे उद्यमों को परामर्श सहायता

3.15 तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा परियोजना 'प्रारम्भ करने की अवस्था से लेकर उसके विस्तार और सलाहकारी सेवाओं, बाजार सूचना' आदि को एक स्थान पर सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराने से विशेषकर अति लघु, लघु और मध्यम पैमाने के क्षेत्रों के प्रथम पीढ़ी उद्यमियों को बहुत ही सहायता मिली है । जो उद्यमी, अभी तक वाणिज्यिक आधार पर काम करने वाले बड़े परामर्शदाताओं के पास जाने की अन्य रूप से हिम्मत भी नहीं कर सकते थे अब देश के सभी 16 तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने सभी अति लघु, लघु और मध्यम दर्जे के उद्यमियों के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं । तकनीकी सलाहकारी संगठन अति लघु, लघु तथा मध्यम स्तर के उद्यमियों को बहुत ही अच्छे स्तर की परामर्श सेवाएं अति कम लागत (भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई उप-सहायता के कारण) पर उपलब्ध कराते हैं और अधिकतर मामलों में सुरचित उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों जिनमें परियोजना परामर्श और राज्य स्तर के वित्तीय संस्थान तथा बैंकों आदि से वित्तीय और अन्य-सहायता के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है, का आयोजन करके उद्यमीयता विकास में भी सहायता दी जाती है ।

प्रबन्ध दक्षताओं में अभिवृद्धि और उद्यमीयता का विकास

3.16 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा प्रवर्तित प्रबन्ध विकास संस्थान इसके विकास बैंकिंग केन्द्र के साथ मिलकर दैनिक प्रबन्ध की गुणवत्ता में विकास करने तथा सुधार लाने के लिए कार्यरत है और यह प्रबन्ध के व्यवसायीकरण तथा प्रबन्ध दक्षताओं में स्तर सुधार के लिए भी काम कर रहे हैं । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और अखिल भारतीय संस्थानों तथा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्थापित किया गया भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान राष्ट्र के समग्र भागों में उद्यमीयता विकास आंदोलन के प्रसार के लिए प्रयास कर रहा है और इसे गति प्रदान कर रहा है ।

प्रवर्तन योजनाएं

3.17 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की प्रवर्तन योजनाएं अति लघु तथा लघु क्षेत्र के उद्यमों के विकास, बायो-गैस और ऊर्जा के अन्य वैकल्पिक साधनों के उपयोग, अति लघु और लघु क्षेत्र में उद्योगों की रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन, स्थानीय रूप से उपलब्ध तकनीक का उपयोग तथा इन-हाऊस अनुसंधान और विकास प्रयासों से तकनीक को विकसित/ग्रहण करना, बेरोजगार युवा व्यक्तियों को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना, आदि पर पर्याप्त ध्यान दे रही है ।

सहायकीकरण को सहायता

3.18 जहां एक ओर सहायकीकरण को आधुनिक बड़े पैमाने के उत्पादन की बचतों से प्राप्त हुए लाभ के परिप्रेक्ष्य में देखना होगा वहां इन्हें दूसरी ओर विकेन्द्रीकरण से मिलने वाले लाभ के दृष्टिकोण से मापना होगा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों को सहायता प्रदान करने की योजना के अनुरूप इन्हें सहायकीकरण के लिए उचित उत्पादों के व्यावहारिकता अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट/व्यावहार्यता रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है जिसके लिए उप-सहायता प्रदान करता है । यदि एक उद्यमी तकनीकी सलाहकारी संगठन/विशिष्ट एजेंसी को अपना दस्तकार्य सौंपता है तो उसे रिपोर्ट आदि की शत-प्रतिशत लागत की प्रतिपूर्ति निगम द्वारा की जाती है । दस्तकार्य के पूरा हो जाने पर 75% की उप-सहायता की अदायगी तकनीकी सलाहकारी संगठन/

विशिष्ट एजेंसी को कर-दी जाती है और सहायक इकाई द्वारा इसके लिए वित्तीय सहायता की व्यवस्था कर लेने के पश्चात् तथा पैतृक इकाई के साथ सहायक इकाई बनने के सम्बन्ध हो जाने के बाद शेष 25% की उप-सहायता भी अदा करादी जाती है।

'सलाहकारी संस्कार' के विकास को सहायता

3.19 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की दो योजनाएं अर्थात् व्यावहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए छोटे उद्यमियों को प्रदान करने की उप-सहायता योजना तथा अति लघु क्षेत्र उद्योगों में रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए उप-सहायता योजना, बहुत ही लोकप्रिय रही है और अति लघु तथा लघु स्तर के उद्यमियों, जो अभी तक बड़े व्यावसायिक सलाहकारों के पास जाने की हिम्मत नहीं कर सकते थे, को 'सलाहकारिता के लिए संस्कार' को प्रोत्साहित करने में प्रेरक रही है। दोनों योजनाओं के अधीन यदि वत्तकार्य किसी अनुसूचित जाति/जन जाति अथवा शारीरिक रूप से विकलांग उद्यमी से हो तो उस मामले में व्यावहार्यता तथा परियोजना रिपोर्ट आदि को तैयार करने के लिए तकनीकी सलाहकारी संगठन द्वारा लिए गए शुल्क का शत-प्रतिशत भाग (कुछ सीमाओं के अधीन) उप-सहायता के रूप में दिया जाता है।

स्व-विकास और स्व-रोजगार प्रयासों के लिए सहायता

3.20 अन्य योजना गरीबी और बेरोजगारी को समाप्त करने में सहायता करती है और यह देश के बेरोजगार युवकों को स्व-विकास तथा स्व-नियोजन के लिए सहायता प्रदान करके उनमें असहाय के भावना के स्थान पर सक्षमता की भावना को जागृत करती है। इस योजना के अधीन उन व्यक्तियों को, जिन्होंने उद्यमीयता विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, बैंकों आदि से ऋण प्राप्त कराने के लिए उन द्वारा लगाए जाने वाले सीमांत धन की राशि तकनीकी सलाहकारी संगठन/विशिष्ट एजेंसी के माध्यम से उदार ऋण के रूप में निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

20-सूत्री कार्यक्रम और निगम की प्रवर्तन गतिविधियां

3.21 20-सूत्री कार्यक्रम का लक्ष्य सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक विकास के दर्शन को एक नई दिशा प्रदान करना है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम जैसे विकास बैंकों के लिए जो विशेष महत्वपूर्ण हैं, वे हैं : ग्रामीण विकास, बिजली उत्पादन, बायो-गैस और ऊर्जा के वैकल्पिक तथा नवीकरणीय साधनों का विकास, निगमित क्षेत्र के उपक्रमों के कार्य-परिणामों में सुधार करना, आदि। इन क्षेत्रों के बारे में भी भारतीय औद्योगिक वित्त निगम जैसे संस्थानों का दायित्व मूल रूप से पूरक ही है चूंकि इन क्षेत्रों में अन्य विशिष्ट संस्थानों/एजेंसियों को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का दायित्व सौंपा गया है। फिर भी भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की गतिविधियां इस बात का प्रमाण है कि यह 20-सूत्री कार्यक्रम की भावना के अनुरूप कार्य कर रही है और राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जहां कहीं भी आवश्यक अथवा उचित समझा गया है, यह अपने लघु रूप में भी सामाजिक, आर्थिक अवस्थापना के अन्तराल को भरने के लिए मदद कर रही है।

अध्याय 4

बोर्ड, प्रशासन, कार्मिक एवं विविध

निदेशक बोर्ड

4.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की 12 बैठकें हुईं, जिनमें से 10 नई दिल्ली में, एक बंगलौर में और एक कलकत्ता में हुई।

4.02 वर्ष के दौरान, श्री बी० बी० सिंह ने, भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में सचिव के पद पर नियुक्ति होने के परिणामस्वरूप 29 फरवरी, 1984 को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अध्यक्ष पद का कार्यभार त्याग दिया। उनके स्थान पर निगम के कार्यपालक निदेशक, श्री डी० एन० डावर को, 19 अप्रैल, 1984 से चार वर्ष की अवधि के लिए अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। निगम का निदेशक बोर्ड, श्री बी० बी० सिंह द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के अध्यक्ष के रूप में उनकी अवधि के दौरान की गई अमूल्य सेवाओं और योगदान की अति प्रशंसा करता है।

4.03 भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री आर० के० कौल ने, भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के फल-स्वरूप 30 सितम्बर, 1983 को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक पद से त्यागपत्र दे दिया। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (ख) के अधीन केन्द्रीय सरकार ने 11 नवम्बर, 1983 से, श्री आर० के० कौल के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) के अतिरिक्त सचिव, श्री वी० के० दर को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक के रूप में नियुक्त किया। श्री दर ने पहली मार्च, 1984 से 18 अप्रैल, 1984 तक की अवधि के दौरान निगम के अध्यक्ष के कार्यों का भी निष्पादन किया। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (ख) के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार ने श्री वी० के० दर के स्थान पर भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) के संयुक्त सचिव, श्री अशोक चन्द्र को 24 अप्रैल, 1984 से निगम के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

4.04 औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (कक) के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने, श्री के० पी० त्रिपाठी, जिन्होंने 15 जनवरी, 1983 को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के निदेशक पद से त्यागपत्र दे दिया था, के स्थान पर श्री पी० एल० करिहालू को 29 नवम्बर, 1983 से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक नामित किया।

4.05 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारियों की 19 अक्तूबर, 1983 को आयोजित 35वीं वार्षिक महासभा में, श्री ओ० पी० गुप्ता के स्थान पर अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री एस० एल० बालूजा, अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक, पंजाब नैशनल बैंक, को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (ख) के अन्तर्गत निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया। उसी बैठक में बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों, आदि का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री जी० वी० कपाड़िया को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (घ) के अन्तर्गत निदेशक के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया। इसके अतिरिक्त औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 10 (1) (ङ) के अन्तर्गत सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री एन० एस० सपकल के स्थान पर महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक लि० के तत्कालीन अध्यक्ष, श्री बी० एस० थोराट को निर्वाचित किया गया।

4.06 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड, श्री आर० के० कौल, श्री वी० के० दर, श्री ओ० पी० गुप्ता और श्री एन० एस० सपकल द्वारा भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से निदेशक के रूप में सम्बद्ध रहने के दौरान की गई अमूल्य सेवाओं की अति प्रशंसा करता है।

तकनीकी सलाहकार समितियां

4.07 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम विशिष्ट परियोजना प्रस्तावों पर अपनी छः तकनीकी सलाहकार समितियों की सेवाओं का लाभ उठाता रहा। वर्ष के दौरान, 'एस्प्रिन परियोजनाओं' का तकनीकी-आर्थिक व्यावहार्यता का अध्ययन करने के लिए और पोलिस्टर स्टेप्ल फाइबर तथा केल्शियम सिलिसाइट/फेरो-सिलीकान परियोजनाओं से सम्बन्धित प्रस्तावों पर विचार करने के लिए तदर्थ सलाहकार समितियों की बैठकें भी आयोजित की गईं।

राज्य सलाहकार समितियां

4.08 वर्ष के दौरान पांच राज्य सलाहकार समितियों की बैठकें क्रमशः हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार और गुजरात में आयोजित की गईं। इन बैठकों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का इसका भूमिका, योगदान और गतिविधियों के सम्बन्ध में बेहतर जानकारी और मूल्यांकन करने में सहायता प्राप्त हुई तथा इनसे निगम को इसकी अपनी नीतियों और पद्धतियों के बारे में मूल्यवान सूचना भी प्राप्त हुई। इन बैठकों से निगम को, सम्बंधित राज्यों में औद्योगीकरण की समस्याओं और सम्भावनाओं की तत्काल जानकारी भी प्राप्त होती है तथा इनसे जन संपर्क की दृष्टि से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा सम्बन्धित राज्य सरकार प्राधिकरणों, राज्य स्तरीय संस्थानों, बैंकों, उद्योग, और वाणिज्य के प्रतिनिधियों, अर्थ शास्त्रियों, निजी, संयुक्त, सरकारी और सहकारी क्षेत्रों में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की ऋणी संस्थाओं, सहयोगी संस्थानों, आदि के बीच सम्प्रेषण दूरी को कम करने में भी सहायता प्राप्त हुई।

अन्तर-संस्थान समन्वय

4.09 1983-84 के दौरान, नीति विषयक मामलों और वित्तीय और/अथवा पुनरुद्धार सहायता के व्यक्तिगत मामलों पर विचार करने के लिए शीर्ष संस्थान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के तत्वावधान में अखिल भारतीय दीर्घ-कालीन ऋण प्रदान करने वाले और निवेश संस्थानों (भा० औ० वि० बैं०, भा० औ० वि० नि०, भा० औ० साख एवं निवेश निगम, जी० बी० नि०, सा० बी० नि०, भा० यू० ट्र०, भा० औ० पु० नि०) की ग्यारह अन्तरसंस्थान और तेईस वरिष्ठ कार्यपालकों की बैठकें हुईं। इन बैठकों से समस्या और/अथवा रुग्ण मामलों में समन्वित दृष्टिकोण विकसित करने तथा अपनाने में भी सहायता प्राप्त हुई। आवश्यकतानुसार वाणिज्यिक बैंकों और राज्य-स्तर के संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी इन बैठकों में विचार-विमर्श में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर भागीदारी

4.10 श्री बी० बी० सिंह (भा० औ० वि० नि० के तत्कालीन अध्यक्ष) ने, 3 दिसम्बर, 1983 से 12 दिसम्बर, 1983 तक की अवधि के दौरान लीमा, पेरू में आयोजित विकास वित्तीय संस्थानों के विश्व संघ की दूसरी सामान्य महासभा में तथा विकास बैंकरों के सम्मेलन (विश्व संघ तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास के जर्मन प्रतिष्ठान द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित) में भाग लिया। उक्त सभा में 'परिवर्तनशील राजनीतिक तथा आर्थिक परिवेश में विकास बैंकों की प्रतिक्रिया', 'विकास वित्तीय संस्थानों की निवेश समस्याएं', 'एशिया और प्रशांत में विकास बैंकों का उनके परिचालन वातावरण परिवर्तनों को प्रभावित करने में योगदान' आदि जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

